सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 23 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 16, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 715 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 715 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 191 अंक की गिरावट आई। } 10

## जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री से साझा लक्ष्यों पर की चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की अपनी समकक्ष अनीता आनंद के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की, जिसमें सहयोग बढ़ाने और साझा लक्ष्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। } 12



## मंदिर ट्रस्ट का निर्णय-सीईओ की नियुक्ति अगले माह

### धार्मिक समिति के पुनर्गठन, प्रवक्ता, सचिव की नियुक्ति का लिया फैसला



जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। अयोध्या स्थित राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को हुई अहम बैठक में मंदिर में पूजा-पाठ की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिये गठित धार्मिक समिति का पुनर्गठन करके उसमें अयोध्या के पांच संतों समेत कुल नौ सदस्यों को शामिल करने और ट्रस्ट का एक प्रवक्ता तथा सचिव नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन और कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद के लिये बड़ी संख्या में आवेदन आने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## झूठे विमर्श के सहारे राजनीति कर रहा विपक्ष : योगी

### मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 495 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने के लिए झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सच और जनता के भरोसे का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों से पहले बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। गोरखपुर में शहरी और ग्रामीण बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव आखिरकार बूथ स्तर पर ही जीते जाते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे विपक्ष की ओर से फैलाए जा रहे भ्रामक राजनीतिक विमर्श का जवाब दें। उन्होंने कहा याद रखिए, विपक्ष का मानना है कि अगर किसी झूठ को बार-बार दोहराया जाए तो वह आखिरकार सच बन जाएगा। लेकिन हमारा मानना है कि झूठ हमेशा झूठ ही रहता है। सच कुछ समय के लिए धूल या धुंध से ढका रह सकता है, लेकिन अंत में वह अपनी सुनहरी चमक के साथ सामने आता है और लोगों के भरोसे का प्रतीक बन जाता है। भाजपा उसी भरोसे का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बूथ स्तर के कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह समाज में उस भरोसे का चेहरा बने। उन्होंने कहा आपको विपक्ष की ओर से फैलाए जा रहे विमर्श के ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किये मां पाटेश्वरी के दर्शन

लखनऊ/बलरामपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुप्त नवरात्र में बुधवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए प्रार्थना किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को देख बच्चे उनके पास पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनसे स्नेहपूर्वक बातचीत की और चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 6 जून को भी मां पाटेश्वरी के दर्शन किये थे। सीएम योगी मंगलवार को बहराइच और श्रावस्ती में विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम के बाद बलरामपुर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### कानपुर : 250 करोड़ की साइबर ठगी, दो गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में 124 बैंक खातों के माध्यम से करीब 250 करोड़ रुपये का लेनदेन किए जाने से जुड़े धनशोधन मामले में 50 हजार रुपये के इनामी साइबर अपराधी और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा के साइबर प्रकोष्ठ, बर्रा थाने की पुलिस और सर्विलांस इकाई की संयुक्त टीम ने बुधवार को कानपुर निवासी 44 वर्षीय राजवीर सिंह यादव उर्फ ओंकार और 25 वर्षीय शिवम सिन्हा को गिरफ्तार किया। राजवीर पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस इस गिरोह के कथित सरगना अभय शुक्ला उर्फ सुल्तान मिर्जा की तलाश कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, वह जॉन सीना और बैलेंटाइन के नाम से भी जाना जाता है और उसके दुबई में छिपे होने की आशंका है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि इस गिरोह ने 124 बैंक खाते खुलवाए थे।

### खाटू श्याम मंदिर से लाखों की नकदी व जेवर चोरी

बाराबंकी। जिले में सतरिख थाना क्षेत्र के मजीठा गांव स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दानपात्र से करीब पांच लाख रुपये की नकदी तथा भगवान की मूर्तियों पर चढ़े लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार सुबह मंगला आरती के लिए मंदिर पहुंचे पुजारी चंदन मिश्रा ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल मंदिर प्रबंधन समिति और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस, क्षेत्राधिकारी सदर तथा सतरिख थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# संसद में चर्चा के लिए सरकार तैयार : नड्डा

### ❍ पेपर लीक की जांच करायेगी सरकार ❍ कांग्रेस शासित प्रदेशों में परीक्षा में अनियमितता की होगी जांच

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पेपर लीक जैसे मुद्दों और छात्रों के आंदोलन का राजनीतिकरण न हो। जेपी नड्डा ने राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा जांच का विषय है।

जेपी नड्डा ने कहा, हम हमेशा से चाहते थे कि इस (पेपर लीक) मामले पर संसद में चर्चा हो। चाहे अल्पकालिक चर्चा हो या दीर्घकालिक, कार्य सलाहकार समिति में, आप तय करें कि कितना समय लेना है। आप 12 घंटे ले सकते हैं, आप 18 घंटे ले सकते हैं। राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि विपक्ष जितने घंटे की चर्चा चाहे, हम उसके लिए तैयार हैं। जेपी नड्डा ने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय संसद में एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लगभग 150 दस्तावेज लीक का जिक्र किया। यह जांच का विषय है। एक जिम्मेदार सरकार होने के नाते, निश्चित रूप से इसकी जांच करेगी और जनता और राष्ट्र के सामने सच्चाई पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनके सेलेक्टिव होने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा मेरा राहुल गांधी से सवाल है कि आपने यूपीए और इंडी गठबंधन की सरकारों में हुए पेपर लीक पर चर्चा क्यों नहीं की? यह स्पष्ट बताता है कि आपका उद्देश्य छात्रों का हित नहीं है।

आपका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था के सुधार और छात्रों को न्याय मिलने में नहीं है। राहुल गांधी छात्रों के विषयों और मांगों को लेकर राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। आप इस विषय पर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में सर्विस सेलेक्शन बोर्ड की परीक्षा में पेपर लीक हुआ, जहां पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस की सरकार है। इसी तरह से हिमाचल प्रदेश में राज्य के स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड में पेपर लीक



राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि विपक्ष जितने घंटे की चर्चा चाहे, हम उसके लिए तैयार हैं। जेपी नड्डा ने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय संसद में एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लगभग 150 दस्तावेज लीक का जिक्र किया। यह जांच का विषय है। एक जिम्मेदार सरकार होने के नाते, निश्चित रूप से इसकी जांच करेगी और जनता और राष्ट्र के सामने सच्चाई पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनके सेलेक्टिव होने पर सवाल खड़े किए।

हुआ, जहां कांग्रेस की सरकार है। झारखंड में जेएसी में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक हुए, वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में इंटरमीडिएट के लैंग्वेज और एसएससी में लैंग्वेज के पेपर लीक हुए, वहां पर कांग्रेस और सीपीआई के समर्थन वाली सरकार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु में बीएड की परीक्षा में भी पेपर लीक हुआ, वहां भी विपक्ष की सरकार थी। पश्चिम बंगाल में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती का पेपर लीक हुआ, वहां टीएमसी की सरकार थी। पंजाब में पंजाब सबॉर्डिनेट्स सर्विस सेलेक्शन बोर्ड के ग्रुप डी का पेपर लीक हुआ और नकल भी हुई। इसी तरह से केरल में राज्य में पीएसी की 26 परीक्षाओं में अनियमितताएं हुईं।

उन्होंने कहा, सरकार चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को इसे ध्यान में रखना चाहिए और अपने लक्ष्य को नहीं बदलना चाहिए। हमें इस समस्या के समाधान के बारे में सोचना चाहिए और संसद सबसे उपयुक्त मंच है जहां हम इस पर गहराई से विचार कर सकते हैं। विपक्ष को समय अवधि तय करनी चाहिए और इसमें हर पहलू पर चर्चा होनी चाहिए और हमें एक ठोस नीति बनानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, बच्चे हमारे हैं, आपके हैं और देश का भविष्य हैं। देश के भविष्य की देखभाल करना हमारा दायित्व है। इस दायित्व में सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक मुद्दे पर संसद में विस्तार से चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष चर्चा के लिए अवधि तय करे। छात्रों को देश का भविष्य बताते हुए नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार एक जिम्मेदार और संवेदनशील सरकार है और सरकार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का मामला जांच का विषय है और इसके लिए सरकार हर बिंदु पर जनता के सामने अपना जवाब रखेगी। इसलिए, मैं विपक्ष से अपने दायित्व को पूरा करने का आग्रह करता हूं और हम सभी को मिलकर इस मुद्दे का समाधान करने और एक स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए काम करना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को छात्रों के आंदोलन पर लाठीचार्ज को लेकर केंद्र सरकार को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अनंतनाग में आतंकवादी हमला, पुलिसकर्मी शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग शहर में बुधवार को आतंकवादियों के हमले में एक पुलिसकर्मी की जान चली गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी गोलीबारी बुधवार को दोपहर करीब 12.30 बजे अनंतनाग के लाल चौक पर हुई। उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हवलदार आशिक हुसैन हमले में घायल हो गए और उन्हें अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने हुसैन को मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की हत्या की निंदा की और कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को सजा जरूर मिलेगी। सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भाजपा का देशभर में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

### बिहार, चंडीगढ़ व मणिपुर में कांग्रेस मुख्यालयों के सामने जताया विरोध

एजेंसी

नई दिल्ली। बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच उस समय झड़प हो गई, जब सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं ने विपक्ष, विशेषकर राहुल गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए जुलूस निकाला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में यह जुलूस निकाला गया। पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस के बिहार प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम के मुख्य द्वार तक पहुंचे। इस दौरान उनके हाथों में पोस्टर और बैनर थे, जिनमें राहुल गांधी और कांग्रेस पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया गया था।




वहीं पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में बुधवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अलग-अलग प्रदर्शन किए। इस दौरान पुलिस ने दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में ले लिया। पंजाब भाजपा के नेता और कार्यकर्ता जब बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने के लिए आगे बढ़ रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। सेक्टर-15 स्थित पंजाब कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले से ही मजबूत बैरीकेडिंग कर रखी थी। उधर मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जंतर-मंतर पर पुलिसकर्मी व प्रदर्शनकारियों में फिर झड़प

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुधवार देर रात कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) और पुलिसकर्मियों के बीच फिर झड़प हो गयी। बताया जा रहा है कि आरएएफ कर्मी की हूटिंग के बाद झड़प हुई। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसानी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वरोजगार से संवरेंगी एकल महिलाओं की जिंदगी

### डीबीटी से खातों में पहुंची 2.76 करोड़ की धनराशि : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में एकल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर आजीविका से जोड़ने की राज्य सरकार की पहल को विस्तार मिला है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 488 लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 2 करोड़ 76 लाख 16 हजार 875 रुपये की सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए भेजी गई।

सरकार की ओर से जारी सहायता में दूसरे चरण की 212 नई लाभार्थियों को पहली किश्त के रूप में 1 करोड़ 55 लाख 40 हजार रुपये दिए गए, जबकि पहले चरण से जुड़ी 276 महिलाओं को दूसरी किश्त के तौर पर 1 करोड़ 20 लाख 76 हजार 875 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। सरकार का उद्देश्य है कि लाभार्थी इस सहायता से स्थानीय जरूरत के अनुरूप अपना व्यवसाय या स्वरोजगार शुरू कर सकें और अपनी आय का स्थायी जरिया विकसित करें। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की वास्तविक तस्वीर तब सामने आती है, जब महिला के पास अपनी कमाई हो और वह आर्थिक फैसले लेने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश केवल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर आजीविका, आर्थिक स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं खेती-किसानी, स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, छोटे कारोबार और विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के ...शेष पृष्ठ 10 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


❍ जलभराव की समस्या बर्दाश्त नहीं : सीएम (पृष्ठ-02)
❍ टॉप स्कूलों की तर्ज पर संवरेंगे सर्वोदय विद्यालय (पृष्ठ-02)
❍ भारत का खाद्य तेल आयात बिल नौ प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-10)
❍ सोना 900 और चांदी 8500 रुपये मजबूत (पृष्ठ-10)
❍ ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर रखा बरकरार (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — प्रदेश में 65% मोबाइल फोन, 55% इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट का हो रहा निर्माण

# यूपी बना देश का इलेक्ट्रॉनिक्स पॉवर हाउस

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। प्रदेश में वर्तमान में देश के लगभग 65 प्रतिशत मोबाइल फोन और 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट का उत्पादन हो रहा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और हाईटेक विनिर्माण के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा को केंद्र बनाकर विकसित हुए औद्योगिक इकोसिस्टम ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां वैश्विक ब्रांड बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। इसके अलावा अनेक प्रमुख ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) और ओरिजिनल



डिजाइन मैन्युफैक्चरर्स (ओडीएम) भी प्रदेश में संचालित हैं, जिससे उत्तर प्रदेश वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रहा है। प्रदेश अब इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट निर्माण का भी सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। विभिन्न कंपनियां पीसीबीए, डिस्प्ले, कैपेसिटर और अन्य महत्वपूर्ण कंपोनेंट का उत्पादन कर रही हैं। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भी लगातार निवेश बढ़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी-2017 और उसके बाद किए गए संशोधनों के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में 75 से अधिक कंपनियों की ओर से 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया गया है। उत्तर प्रदेश ने सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भी 32,146 करोड़ रुपये के स्वीकृत निवेश हासिल किए हैं। जेवर के निकट स्थापित होने वाला डिस्प्ले ड्राइवर चिप प्लांट देश के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को नई मजबूती प्रदान करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल स्मार्टफोन का निर्यात 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर दर्ज किया गया। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को वैश्विक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीजेपी के प्रदर्शन पर सुनवाई से शीर्ष न्यायालय का इनकार

एजेंसी

❍ पीठ ने कहा-वीडियो देखने में दिलचस्पी नहीं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्वाई को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि अदालत का समय बर्बाद न करें।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा, पुलिस की बर्बरता से जुड़े वीडियो भी मेरे पास हैं, यदि इस मामले को कल (बृहस्पतिवार) सूचीबद्ध किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ पुलिस ने कथित तौर पर बर्बरता की और याचिका में तीन अनुरोध किए गए हैं। प्रधान न्यायाधीश ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध ठुकराते हुए स्पष्ट किया कि पीठ इस स्तर पर वीडियो देखने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा हमें वीडियो में कोई दिलचस्पी नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है, हम वीडियो नहीं देखना चाहते।

C M Y K

# कांग्रेस का प्रदर्शन राजनीतिक हताशा का परिचायक : पंकज चौधरी

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के विरोध में किया जोरदार प्रदर्शन

## हाथों में तख्तियां और पार्टी के ध्वज लिये कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ व्यक्त किया आक्रोश

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किये गये अराजक प्रदर्शन के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में विशाल विरोध मार्च निकालकर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

वीवीआईपी गेस्ट हाउस से प्रारंभ हुए इस मार्च में प्रदेश पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तख्तियां और पार्टी के ध्वज लिये कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस मुख्यालय की ओर कूच कर रहे थे, जहां पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स पर उन्हें रोका गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेस की जनविरोधी और अराजक राजनीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि कल प्रधानमंत्री आवास के बाहर और आज जंतर-मंतर पर कांग्रेस का प्रदर्शन लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक हताशा का परिचायक है। देश की जनता द्वारा लगातार नकारे जाने के बाद कांग्रेस अब केवल सड़क पर अराजकता फैलाकर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पद किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लोकतांत्रिक जनादेश का प्रतीक है। इस पद की गरिमा को चुनौती देना लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मयार्दाओं के विपरीत है। यदि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा है तो उसे संसद और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से उठाना चाहिए, न कि देश में भ्रम और टकराव का वातावरण बनाकर।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब केवल विरोध के लिए विरोध तक सीमित रह गई है। जब देश आर्थिक, सामरिक और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है, तब कांग्रेस भारत की उपलब्धियों पर गर्व करने के बजाय निराशा और नकारात्मकता फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस के पास न कोई सकारात्मक एजेंडा है और न ही देश के विकास का कोई विजन। उसका एकमात्र उद्देश्य राजनीतिक अस्थिरता पैदा करना और जनता को गुमराह करना है। उन्होंने कहा कि देश का युवा भारत के भविष्य का निमार्ता है। कांग्रेस को युवाओं और छात्रों को राजनीतिक स्वार्थ की सीढ़ी बनाने के बजाय उनके उज्ज्वल भविष्य की चिंता करनी चाहिए। विश्वविद्यालय ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के केंद्र हैं, उन्हें राजनीतिक टकराव का मंच बनाने का कोई भी प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया तथा रोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली अनेक योजनाओं के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार युवाओं के हाथों में अवसर, कौशल और तकनीक देना चाहती है, जबकि कांग्रेस उन्हें केवल आंदोलन और विरोध की राजनीति में उलझाना चाहती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक ओर कांग्रेस दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है। वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार युवाओं, महिलाओं और प्रदेश के विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। उन्होंने हाल ही में हुई मंत्रिमंडल की बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के माध्यम से मेधावी छात्राओं के साथ-साथ प्रत्येक शिक्षण संस्थान के शीर्ष 5 प्रतिशत मेधावी छात्रों, दिव्यांगजनों, निराश्रित छात्राओं तथा शहीदों की बेटियों को भी योजना का लाभ दिया जाएगा। यह भाजपा सरकार की युवा शक्ति और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए महिला छात्रावासों का निर्माण, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को अनुदान तथा शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के निर्णय लिए गए हैं। वहीं प्रदेश के आधारभूत ढांचे को नई गति देने के लिए 333 किलोमीटर लंबे छह लेन एक्सप्रेस-वे, 400 करोड़ रुपये की लागत से 220 नई बसों की खरीद सहित अनेक विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

चौधरी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की राजनीति में मूलभूत अंतर है। भाजपा विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस केवल विरोध, भ्रम और राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने का प्रयास करती है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कांग्रेस के दुष्प्रचार और नकारात्मक राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता अब कांग्रेस की राजनीति को पूरी तरह समझ चुकी है। भारत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। ऐसे समय में कांग्रेस को भारत की सफलता पर गर्व करने के बजाय निराशा फैलाने की राजनीति छोड़कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश पहले, दल बाद में भाजपा का मूल मंत्र है। भाजपा लोकतंत्र, संविधान, राष्ट्र की एकता-अखंडता और जनादेश का सम्मान करते हुए विकास और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ती रहेगी तथा कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से हर स्तर पर जवाब देती रहेगी। प्रदर्शन में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि देश के लोकतांत्रिक जनादेश, प्रधानमंत्री पद की गरिमा और राष्ट्र के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ भाजपा का कार्यकर्ता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा।

# जलभराव की समस्या बर्दाश्त नहीं : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- **लापरवाही पाए जाने पर तय होगी जवाबदेही, करेंगे कड़ी कार्रवाई**
- **पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें, कहीं भी नकारात्मक वातावरण न बनने दें**



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को चेतावनी है कि महानगर में किसी भी दशा में जलभराव की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाले, नालियों की बड़े पैमाने पर सफाई कराने और बारिश होने पर अधिकाधिक पंपों का संचालन सुनिश्चित करते हुए ध्यान रखा जाए कि कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीएम योगी बुधवार दोपहर एनेक्सी भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास कार्यों, बाढ़ बचाव और जलनिकासी की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनका सर्वाधिक जोर जलनिकासी को लेकर रहा। उन्होंने दो टूक कहा-ह्यजो भी जरूरी तैयारी या व्यवस्थाएं करनी हैं, उन्हें सुनिश्चित किया जाए, कहीं भी और किसी भी दशा में जलभराव नहीं दिखना चाहिए।ह्य मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नाले, नालियों की नियमित सफाई कराकर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोका जाए ताकि इससे नाले चोक न होने पाएं। मुख्यमंत्री ने समझाया कि हमें मौसम के प्रभाव के अनुसार खुद को तैयार रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाला निर्माण और मरम्मत के प्रस्ताव समय से लेकर समयबद्ध तरीके से काम पूरा किया जाए। सभी अधिकारी, कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और कहीं भी नकारात्मक वातावरण न बनने दें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानगर के राप्ती कॉम्प्लेक्स, गोरक्ष एंक्लेव, विजय चौराहा तथा धर्मशाला आदि पर हुए जलभराव की जानकारी ली और कहा कि नालों की नियमित रूप से सफाई के बाद उन्हें ढका जाए। नगर निगम के सभी पंप पूरी क्षमता से संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं के साथ ही लोगों को प्रेरित किया जाए कि वह कूड़ा नालियों में न डालें। स्वच्छता के लिए कार्यक्रम चलाया जाए, साथ ही नियमित छिड़काव एवं फागिंग कराई जाए। सीएम ने कहा कि स्वच्छता के कार्यक्रम में अधिकाधिक जनसहभगिता भी सुनिश्चित होनी चाहिए। टीम बना कर हर वार्ड, मलिन बस्तियों, खाली प्लाटों की सफाई कराई जाए और कूड़ा निस्तारण सही से किया जाए। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाए और इसे रूटीन के कार्यों का हिस्सा बनाया जाए। स्वच्छता के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। शासकीय भवनों में भी सफाई पर ध्यान दिया जाए। उन्होने स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने, स्ट्रीट लाइटों को ठीक रखने और सभी सीसीटीवी को अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसहारा गोवंश सडको पर न रहें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि डॉग सड़कों पर न रहें। उनके लिये डॉग शेल्टर बनाया जाए। सीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त संख्या मे एंटी स्नैक वेनम और एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध रहे। बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां पूर्ण रहनी चाहिए।

# कांग्रेसियों के साथ सीएम आवास घेरने जा रहे अजय राय हिरासत में

## विरोध कार्यक्रम भाजपा और योगी सरकार की बौखलाहट का परिणाम : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए जा रहे थे, जिन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया और इको गार्डेन ले जाया गया। फिलहाल हिरासत में लिये गये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित सभी कांग्रेसियों को देर शाम रिहा किया गया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा 12 वर्ष से सत्ता में है फिर भी वह विपक्ष के रूप में बर्ताव कर रही है और कांग्रेस मुख्यालय पर अलोकतांत्रिक तरीके से घेराव की कोशिश करती है। उन्होने कहा कि आज जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय आने की सूचना मिली, कांग्रेसी गांधीवादी तरीके से कार्यालय में उन लोगों का इंतजार करने लगे किन्तु वह लोग नहीं आये। इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मोदी-योगी सरकार के तानाशाही रवैये, नीट पेपर लीक सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की जांच कराये जाने और धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसी मुख्यमंत्री आवास जा रहे थे जिन्हें भारी पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर रोका गया और हिरासत में लेकर बसों में भरकर इको गार्डेन ले जाया गया।

अजय राय ने ने कहा कि जिस प्रकार श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी, चढ़ावा चोरी के प्रकरण में भाजपा और आरएसएस के लोगों की संलिप्तता उजागर हुई है, देश भर के युवाओं, छात्रों में जिस तरह रोष व्याप्त है इससे भाजपा डर गयी है। हम राहुल के सिपाही हैं, डरने वाले नहीं हैं, जब तक छात्रों, युवाओं को न्याय नहीं मिलता और चंदा चोरों, चढ़ावा चोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होती तब तक कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, पूर्व विधायक इंदल रावत, शिव पाण्डेय, प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय, डॉ. अमित राय, प्रो. विनोद चंद्रा, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम, मुकेश सिंह चैहान, विकास श्रीवास्तव, शैलेन्द्र दीक्षित, केके शुक्ला, जीनत परवीन, अंकित सक्सेना, सलमान कादिर सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

# छात्रों के न्याय के लिए जारी रहेगी जंग : अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने संसद में की मीडिया से बात, सरकार पर बरसे

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने पेपर लीक, छात्रों के उत्पीड़न और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ बुधवार को सपा और विपक्षी दलों के सांसदों के साथ संसद के मकर द्वार पर विरोध-प्रदर्शन किया।

संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि छात्रों के न्याय के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि छात्र-नौजवान और उनके परिवार के लोग पेपर लीक और सरकार के अहंकारी रवैये के खिलाफ है। छात्र शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे है। आखिर क्या दबाव है कि सरकार मंत्री को नहीं हटा पा रही है। क्या मंत्री के पास सरकार का कोई राज छिपा है जो इस्तीफे के बाद सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में छात्रों को न्याय नहीं मिला। न्याय और मांगों को लेकर आए छात्र-नौजवानों को सरकार के इशारे पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक मारा। लाठीचार्ज किया। छात्रों के सिर, फूटे, हड्डियां टूटी, बच्चियों के कपड़े फाड़े गये। भाजपा सरकार अहंकार में है। छात्रों से कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में देश में अब तक 150 से ज्यादा पेपर लीक हुए है। अकेले यूपी में 20 से ज्यादा पेपर लीक हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष और छात्र-नौजवानों की मांगे एक है। पहले शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हो, उसके बाद बातचीत और चर्चा हो, छात्रों के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ उस पर सरकार जवाब दें। भाजपा सरकार ने करोड़ो लोगों को धोखा दिया है। हम लोग छात्रों के लिए खड़े हैं। छात्रों के साथ न्याय के लिए लड़ेंगे। हम लोग छात्रों की आवाज उठाते रहेंगे। सपा छात्र-नौजवानों की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। भाजपा सरकार से छात्र-नौजवान, किसान सभी दुःखी हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। महंगाई बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह मुद्दा किसी पार्टी का नहीं छात्रों, युवाओं और नौजवानों का है। हम सब छात्रों, नौजवानों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की नहीं सुनी जाएगी तो सड़कों पर आएंगे। सरकार ने छात्रों की बाते नहीं सुनी। उनके साथ जो व्यवहार हुआ है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री का इस्तीफा तो सरकार जब चाहेगी तब हो जाएगा लेकिन सरकार ने छात्रों के साथ जो व्यवहार किया है उसका क्या होगा।

### सपा छात्रों के साथ खड़ी है और रहेगी : डिम्पल

**लखनऊ।** सपा सांसद डिम्पल यादव ने कहा कि सपा हमेशा छात्रों-नौजवानों के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। पूरे देश में देखा है कि किस तरह भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस ने छात्रों-नौजवानों पर लाठीचार्ज किया। पिटाई की। छात्राओं के कपड़े फाड़े, छात्रों के सिर फोड़े गये, हड्डियां तोड़ी। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए डिम्पल यादव ने कहा कि छात्रों की मांगों पर भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं है। छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की तस्वीरें देख कर सबका मन दुखी है। भाजपा लोगों को रामराज का सपना दिखाती है तो क्या यही रामराज है। छात्र पीटे जायेंगे। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान छात्र हर वर्ग दुःख है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 20 जुलाई को जो घटना हुई वह भूलने वाली नहीं है। लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन सबका अधिकार है लेकिन सरकार ऐसा अत्याचार करेगी इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। हम लोग छात्रों के प्रति पुलिस और सरकार के रवैये की निंदा करते है।

# तकनीक से टूटा खनन माफियाओं का नेटवर्क

## 9 साल में 30 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचा राजस्व

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का असर खनन क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। पारदर्शिता, तकनीक के अधिकतम उपयोग और अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के चलते प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने पिछले नौ वर्षों में 30,524 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। इस दौरान प्रदेश में 66 अवैध खनन स्थलों की पहचान कर कार्रवाई भी की गई है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि यह उपलब्धि केवल राजस्व वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि पारदर्शी नीलामी व्यवस्था, आधुनिक तकनीक के उपयोग, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और प्रभावी निगरानी प्रणाली के कारण संभव हो सकी है। विभाग की प्राथमिकता प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में खनन से कुल 4,700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि वर्ष 2017 से 2026 के बीच यह बढ़कर 30,524 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार का दावा है कि खनन क्षेत्र में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के प्रभावी क्रियान्वयन ने राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की है। अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग ने नई तकनीकों को अपनाया है। निदेशालय में स्थापित पीजीआरएस प्रयोगशाला के माध्यम से गूगल अर्थ की सहायता से प्रदेशभर में निगरानी की जा रही है। इसके जरिए अब तक 66 स्थानों पर अवैध खनन का पता लगाकर तत्काल कार्रवाई की गई है, जिससे 2.19 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। विभाग का दावा है कि इससे अवैध खनन से जुड़े नेटवर्क को भी प्रभावी ढंग से ध्वस्त किया गया है। राजस्व बढ़ाने के लिए विभाग ने ई-नीलामी व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक प्रमुख खनिजों के 10 ब्लॉकों का कंपोजिट लाइसेंस तथा तीन ब्लॉकों के खनन पट्टों का सफलतापूर्वक ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन किया गया है। इसके अलावा 'यूपी माइन मित्र पोर्टल' के जरिए खनिज संबंधी 10 प्रकार की सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है, जिससे लाखों आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण संभव हो सका है। खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए इंटीग्रेटेड माइनिंग सर्विलांस सिस्टम (आईएमएसएस), जियो-फेंसिंग, आरएफआईडी टैग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित चेकगेट तथा ई-नोटिस प्रणाली लागू की गई है।

# देश की मजबूती के लिए भाजपा सरकार जरूरी : राजेश्वर

## 652 बूथ अध्यक्षों का सम्मान, प्रत्येक बूथ पर 10 नए सदस्य जोड़ने का आह्वान



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता, सुरक्षा और सशक्त भविष्य के लिए उत्तर प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुशासन, विकास और राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत बनाए रखने के लिए भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।

सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता, जनसांख्यिकीय परिवर्तनों और असंतुलित जनसंख्या वृद्धि जैसे गंभीर विषयों पर प्रभावी नीति और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास की गति निरंतर आगे बढ़ रही है, इसलिए सुशासन की इस यात्रा को जारी रखना आवश्यक है। डॉ. सिंह ने कहा, ₹भाजपा का नेतृत्व ईमानदार है और उसकी विचारधारा 'राष्ट्र प्रथम' है। राष्ट्र को मजबूत बनाए रखने के लिए सनातन संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को भी सुदृढ़ करना होगा।₹ उन्होंने बूथ अध्यक्षों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन और चुनाव की वास्तविक शक्ति बूथ कार्यकर्ता ही होता है और सरोजनीनगर के कार्यकताओं ने समर्पण एवं अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत किया है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद शुक्ला ने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से कम से कम 10 नए सदस्य जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किए गए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाई जानी चाहिए। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 652 बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पुष्कर शुक्ला, राजेंद्र वाजपेयी, संजय लोधी, रामाशंकर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी में 238 नये पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने की तैयारी, 714 चार्जर होंगे स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और हरित परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना और उत्तर प्रदेश ईवी मैन्युफैक्चरिंग एवं मोबिलिटी पॉलिसी-2022 के तहत प्रदेश में 238 नए सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जहां कुल 714 चार्जर लगाए जाने की योजना है।, प्रस्ताव के मुताबिक, पहले चरण में स्थापित होने वाले इन चार्जिंग स्टेशनों के संचालन के लिए 10 वर्ष का अनुबंध किया जाएगा। सरकारी भूमि पर स्थापित होने वाले इन स्टेशनों का उपयोग केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए किया जाएगा। संबंधित विभागों से भूमि उपयोग शुल्क ?1 प्रति किलोवाट की दर से लिया जाएगा। योजना के तहत चार्जिंग स्टेशनों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। सरकारी कार्यालयों में स्थापित होने वाले चार्जिंग स्टेशनों को चार्जिंग उपकरण और आधारभूत संरचना पर 100 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। वहीं रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन, पेट्रोल पंप, टोल प्लाजा और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अलग-अलग स्तर पर प्रोत्साहन दिए जाने का प्रस्ताव है। सरकार का उद्देश्य शहरों के साथ-साथ प्रमुख राजमार्गों पर भी सुलभ चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना है।

# टॉप स्कूलों की तर्ज पर संवरेंगे 112 सर्वोदय विद्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

- **साझा अनुभवों से सुधरेंगे सर्वोदय विद्यालय, समाज कल्याण विभाग और बीएसएआई के साथ हुआ समझौता**
- **देश के प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ कार्य प्रणालियां अपनायेंगे सर्वोदय विद्यालय**

**लखनऊ।** प्रदेश के 112 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और आवासीय व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में बुधवार को समाज कल्याण विभाग और बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएसएआई) के बीच गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के माध्यम से सर्वोदय विद्यालयों में देश के अग्रणी बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाया जाएगा। इसके अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ छात्रावास प्रबंधन, छात्र देखभाल, अनुशासन, नेतृत्व विकास, जीवन कौशल और तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

एमओयू के अंतर्गत सर्वोदय विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक बीएसएआई से संबद्ध प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। वहां की शिक्षण व्यवस्था, छात्रावास संचालन और प्रशासनिक प्रणाली का अध्ययन कर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिसे प्रदेश के सभी 112 सर्वोदय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सर्वोदय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों जैसी शिक्षा, अनुशासन और अवसर उपलब्ध कराना है। बीएसएआई के साथ यह साझेदारी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थी और शिक्षक नई एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों से सीखेंगे, अनुभव साझा करेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगे।

प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव ने कहा कि यह समझौता सर्वोदय विद्यालयों के लिए नई शुरूआत है। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को देश के प्रमुख बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं से सीखने का अवसर मिलेगा, जिसका सकारात्मक प्रभाव विद्यालयों की समग्र कार्यप्रणाली पर दिखाई देगा। बीएसएआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सपना सुकुल ने कहा कि किसी राज्य सरकार के साथ बीएसएआई का यह पहला समझौता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी सर्वोदय विद्यालयों में सकारात्मक और दीर्घकालिक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह, बीएसएआई के डायरेक्टर विनय पांडेय तथा उप निदेशक जे. राम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## घायल वृद्ध की मौत



प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल वृद्ध की बुधवार को मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के नया पुरवा निवासी बासठ वर्षीय राधेश्याम शुक्ल बीते रविवार को बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच शाम करीब छः बजे गांव समीप अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए, स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये। हालत में सुधार देख घायल को घर लेकर चले आये। बुधवार को घायल की हालत अचानक बिगड़ जाने पर परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने राधेश्याम शुक्ल को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर खबर वायरल करने को लेकर मिल रही धमकी

प्रतापगढ़। सोशल मीडिया पर खबर वायरल किये जाने की रंजिश में पीड़ित को जानलेवा धमकी मिल रही है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम गांव निवासी योगेन्द्र सिंह पुत्र राजवंत सिंह ने उदयपुर थाने पर बुधवार को दी गई तहरीर में कहा है कि तीन दिन पूर्व खानीपुर उदयपुर गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर उसके द्वारा सोशल मीडिया पर खबर चलायी गयी थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश में एक व्यक्ति द्वारा उसे जानलेवा धमकी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म का वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को उदयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। उप निरीक्षक दीप नारायण बुधवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सेमरा पुल के समीप से दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित बड़ी टिकुरिया राजापुर निवासी जयशंकर मौर्य पुत्र श्रीराम मौर्य को धर दबोचा। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## समाजसेवी के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया शोक

प्रतापगढ़। समाजसेवी के निधन पर लोगों ने शोक जताया है। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के खैरा पूरे छेमी, खपराही गांव निवासी समाजसेवी गणेश प्रसाद द्विवेदी 78 का मंगलवार को लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। समाजसेवी के निधन की जानकारी होने पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुख जताया है। वहीं क्षेत्र के सुरेन्द्र नाथ शुक्ल, आनन्द पाण्डेय, रमाकांत द्विवेदी, बलराम शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, अशोक पाण्डेय, विनोद तिवारी, डॉ0 राजकुमार मिश्र, वाचस्पति तिवारी आदि ने भी गहरी संवेदना जताई है।

## फोन पर गालीगलौज व धमकी को लेकर सीओ को दी तहरीर

प्रतापगढ़। पीड़ित ने अज्ञात आरोपी द्वारा फोन पर गालीगलौज के साथ जानलेवा धमकी को लेकर सीओ को शिकायती पत्र दिया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के कोठार मंगोले मोती का पुरवा निवासी विनोद कुमार सरोज पुत्र रामलखन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस जुलाई को दिन में अज्ञात आरोपी द्वारा उसके बेटे को फोन कर जातिसूचक गालियां दी गयी है। आरोपी द्वारा फोन पर शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी गयी है। पीड़ित ने बुधवार को सीओ से मिलकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है। सीओ राजीव द्विवेदी ने लीलापुर के प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है।

# मेरा बूथ, सबसे मजबूत सम्मेलन में संगठन शक्ति का प्रदर्शन

## दोनों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ अध्यक्षों का सम्मान



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक अभियान ₹मेरा बूथ, सबसे मजबूत के तहत श्रावस्ती जनपद की दोनों विधानसभा क्षेत्रों–290 श्रावस्ती एवं 289 भिनगा–में सोमवार को भव्य बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए गए। दोनों कार्यक्रमों में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बूथ अध्यक्षों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी संगठनात्मक अभियानों को सफल बनाने का संकल्प लिया। 290 विधानसभा क्षेत्र श्रावस्ती में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा बलरामपुर के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह तथा विधायक राम फेरन पाण्डेय मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक राम फेरन पाण्डेय एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय ने प्रदीप सिंह वा बूथ अध्यक्षों को अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि बूथ अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके समर्पण, परिश्रम और निष्ठा के बल पर ही भाजपा लगातार जन-जन का विश्वास अर्जित कर रही है। उन्होंने प्रत्येक बूथ को सक्रिय, सशक्त और संगठित बनाने का आह्वान किया।

जिला उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय ने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया।

उधर 289 विधानसभा क्षेत्र में भी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के संयोजन एवं सुभाष सत्या के नेतृत्व में ₹मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी तथा विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा का अंगवस्त्र पहनाकर, डायरी, कैलेंडर एवं हनुमान चालीसा भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है। प्रत्येक कार्यकर्ता यदि अपने बूथ को सशक्त बनाएगा तो संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सरकार की उपलब्धियां प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचेंगी। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से घर-घर जनसंपर्क अभियान तेज करने और संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। दोनों सम्मेलनों में उपस्थित बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकताओं ने एक स्वर में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में हुए इन सम्मेलनों ने भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और बूथ सशक्तीकरण के अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की।

# उद्योग बंधु बैठक में डीएम सख्त, बैंकों को अधिक ऋण स्वीकृत करने के निर्देश



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना तथा अन्य उद्योग संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति की गति काफी धीमी है। इस पर उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि पात्र लोगों के अधिक से अधिक ऋण आवेदन स्वीकृत करें, ताकि युवाओं और उद्यमियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत जिले को 59 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। इसके लिए 24 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जिनमें 6 आवेदन स्वीकृत हुए और 5 लोगों को ऋण वितरित किया गया। वहीं, ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना के तहत जिले को 3 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। इस योजना में 26 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जिनमें 3 आवेदन स्वीकृत हुए तथा 4 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि स्वीकृत आवेदनों पर जल्द से जल्द ऋण वितरण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, एलडीएम जुगल किशोर, उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय, सभी बैंक शाखा प्रबंधक तथा उद्यमी मौजूद रहे।

## थाना नवीन मॉडर्न पुलिस ने की नकबजनी उजागर

# चार शातिर गिरफ्तार, माल बरामद

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। जनपद की नवीन मॉडर्न पुलिस थाना टीम ने सुनियोजित विवेचना, सटीक मुखबिर तंत्र और प्रभावी सुरागरसी के बल पर नकबजनी की वारदात का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ?41,400 नकद, सोने की कान की बाली, चांदी की पायल, गले की मटरमाला तथा वारदात में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना नवीन मार्डन प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्रा के नेतृत्व में यह उल्लेखनीय सफलता मिली।

पुलिस के अनुसार, 14 जुलाई 2026 को श्रीजोत निवासी मोतीराम ने तहरीर देकर बताया था कि 13/14 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोरों ने उनके घर में सेंध लगाकर ?50 हजार नकद, सोने की एक जोड़ी बाली, चांदी की पायल और गले की मटरमाला चोरी कर ली थी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गहन विवेचना प्रारंभ की।

जांच के दौरान उपनिरीक्षक रूदल यादव एवं उनकी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और सुरागरसी के आधार पर 21/22 जुलाई की रात्रि मरवटिया नहर पुल के समीप कल्याणपुर जाने वाली नहर पटरी से चार संदिग्धों को दबोच लिया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने सामूहिक रूप से नकबजनी की वारदात स्वीकार कर ली। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित वर्मा निवासी मलपुरवा, लालबाबू निवासी दम्मारा, राजू निवासी वीरपुर तथा पदुम यादव निवासी कटरा बाजार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की अधिकांश नकदी एवं आभूषण बरामद कर मुकदमे में आवश्यक धाराओं की वृद्धि करते हुए सभी को न्यायालय भेज दिया। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक रूदल यादव, अम्बेडकर, शिवकुमार, हेड कांस्टेबल कृष्णमोहन चौहान, दिनेश कुमार, कांस्टेबल सुरेन्द्र यादव, विनय सिंह तथा संजय नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर अभियान आगे भी पूरी दृढ़ता से जारी रहेगा।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## लोगों को मिले मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी

श्रावस्ती। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को भिनगा तहसील स्थित दीप वाटिका में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द के निर्देशन तथा सचिव अनुप्रिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

शिविर का उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं, समाधान समारोह-2026 और सुलभ न्याय व्यवस्था की जानकारी देना था।

सचिव अनुप्रिया ने बताया कि आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, मध्यस्थता अभियान 2.0, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, बाल श्रम निषेध, बाल विवाह रोकथाम, महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा से संरक्षण, एसिड अटैक पीड़ितों के अधिकार तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी।

शिविर में चीफ एलएडीसी दिनेश वर्मा ने स्थायी लोक अदालत की भूमिका बताते हुए कहा कि यहां बिजली, पानी, परिवहन, डाक, टेलीफोन, बीमा, अस्पताल, बैंकिंग, बैंक ऋण, क्रेडिट कार्ड और खातों से जुड़े विवादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाता है। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत का फैसला सिविल कोर्ट की डिक्री के समान कानूनी मान्यता रखता है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया।

# संग्रामपुर-गौरा मार्ग की पटरियों पर पौधरोपण की मांग

## नव नवयुग ग्राम विकास समिति ने डीएम को भेजा पत्र




इटवां (सिद्धार्थनगर)। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नव नवयुग ग्राम विकास समिति ने संग्रामपुर से गौरा होते हुए रसूलपुर, पकरैला, सलवनजोत और एकड़ेगवा तक लगभग 7 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग की दोनों पटरियों पर पौधारोपण कराने की मांग की है। समिति ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की अपील की है।

समिति के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रामवृक्ष गुप्ता ने कहा कि ₹पेड़ लगाएं, भविष्य सजाएं₹ और प्रदेश सरकार के हरित अभियान को सफल बनाने के लिए सड़क किनारे फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए जाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही पेड़ों की कटाई पर्यावरण और मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। ऐसे में बड़े पैमाने पर पौधारोपण ही इसका प्रभावी समाधान है। समिति के अध्यक्ष डा. जंग बहादुर चौधरी ने कहा कि पौधे बड़े होकर न केवल हरियाली बढ़ाएंगे, बल्कि भूमि संरक्षण, मिट्टी के कटाव को रोकने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सड़क किनारे वृक्ष लगने से लोगों को शुद्ध हवा और छाया मिलेगी, वहीं सड़क की पटरियों का कटान भी रुकेगा। समिति ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रस्तावित मार्ग की दोनों पटरियों पर पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएं, ताकि पौधे सुरक्षित रहकर भविष्य में विशाल वृक्ष बन सकें। समिति ने विश्वास जताया कि सरकार की प्राथमिकता वाले इस अभियान को प्रशासन गंभीरता से लेकर जल्द अमल में लाएगा।

# राहुल व प्रियंका को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों पर चोट की पराकाष्ठा : मोना

जिला संवाददाता



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रतियोगी परीक्षाओं मे पारदर्शिता की मांग को लेकर दिल्ली समेत देश भर में जायज मांगो को लेकर छात्रों के आंदोलन पर पुलिसिया बबर्रता को पूरी तरह अमानवीय करार दिया है। उन्होने कहा कि युवाओं व छात्रों की मांग पर जबाबदेही के लिए संसद में विपक्ष ने सरकार से चर्चा की मांग रखी। उन्होने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने इस मांग को अनसुनी करते हुए पेपरलीक से मुंह मोड़ने का प्रयास किया। बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंची विधायक मोना ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं तथा ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा सांसद प्रियंका गांधी के संसद में विपक्ष की अनदेखी को लेकर युवाओं को न्याय दिलाने के लिए लोकतांत्रिक ढंग से विरोध की आवाज को दबाने के लिए सरकार ने पार्टी के शीर्ष नेताओं को जबरिया हिरासत में लेने की हिंसक कार्रवाई की भी पराकाष्ठा की। उन्होने कहा कि युवाओं तथा छात्रों की जायज मांग को सरकार को फौरन स्वीकार करना चाहिए। वहीं सीएलपी नेता मोना ने निष्पक्षतापूर्वक परीक्षाएं न करा पाने तथा पेपरलीक की नैतिक जिम्मेदारी लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से फौरन इस्तीफे की मांग पर भी जोर दिया। वहीं क्षेत्रीय दौरे के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश खासकर गृह जनपद प्रतापगढ़ में अघोषित बिजली कटौती को लेकर भी सूबे की सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होने कहा कि बिजली के बिल अनियमित हैं और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है। वहीं विधायक मोना ने खरीफ की फसल के समय भी किसानों को यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध न करा पाने को लेकर भी घेराबंदी की। उन्होने कहा कि भाजपा किसानों के फसल की आय दोगुनी करने का ढ़िढोरा पीटा करती है। उन्होने कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि फसल के उत्पादन में लागत भी अधिक लग रही है और सही समय पर किसान को खाद तक सरकार उपलब्ध कराने में विफल है। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकारें किसानों तथा युवाओं व छात्रों के साथ महिलाओं के भी अधिकार तथा सुविधाओं को लेकर पूरी तरह बेफिक्र है। उन्होने कहा कि सरकार का हर वायदा खोखला साबित हुआ है। विधायक मोना का ननौती सीमा पर कार्यकताओं ने ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव की अगुवाई में गर्मजोशी से स्वागत किया।

## बाइक बिजली के पोल से टकराई, युवक घायल

श्रावस्ती। जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के भौंसवा गांव निवासी सुरेश कुमार (26) पुत्र दुगार्जीत बुधवार को मोटरसाइकिल से नासिरगंज-बदला मार्ग पर बदला चौराहे की ओर जा रहे थे। रास्ते में सोनवा थाना क्षेत्र के चन्दनकोटिया गांव के सामने उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सुरेश कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नासिरगंज पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिनगा भेजा।

# तहसील परिसर में जलभराव को लेकर वकीलों ने किया समाधान की मांग, कामकाज हुआ प्रभावित



प्रतापगढ़। इधर पिछले तीन दिनों से बारिश के चलते तहसील परिसर में जलजमाव की समस्या को लेकर बुधवार को वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को परेशान देखा गया। तहसील के तीनों गेटों से प्रवेश के लिए लोगों को पानी के चलते खासी मशक्कत उठानी पड़ रही है। समस्या के समाधान न होने को लेकर वकीलों में गुस्सा भी देखा गया। इसके चलते न्यायिक कामकाज भी बुधवार को प्रभावित हुआ दिखा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व महामंत्री शिवरंजन यादव ने डीएम से तहसील में कामकाज के वातावरण को लेकर जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर मांग पत्र भी एसडीएम के माध्यम से भेजवाया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्मित होने के बाद तहसील के अंदर बनी सड़क की सतह निचली हो गयी है। इसके चलते परिसर में जमा बारिश के पानी का निकास नहीं हो पा रहा है।

## फरियादियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव की हो रही सराहना



बांसी (सिद्धार्थनगर)। बांसी तहसील में तैनात नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा फरियादियों की शिकायतों एवं राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई कर उनके त्वरित निस्तारण के प्रयासों की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। तहसील आने वाले वादकारियों का कहना है कि लंबित मामलों की नियमित सुनवाई के साथ शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निदेशों के अनुरूप राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुछ वादकारियों ने अपने मामलों के निस्तारण के बाद नायब तहसीलदार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश के अनुसार उच्चाधिकारियों के आदेश के अनुपालन एवं जनसमस्याओं के समाधान हेतु वे क्रियाशील है।

## डीएम ने नादेपार पंचायत भवन का किया निरीक्षण




सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने मंगलवार को विकास खंड जोगिया की ग्राम पंचायत नादेपार स्थित पंचायत भवन का निरीक्षण कर ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही जनसुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, अभिलेखों के रखरखाव और ऑनलाइन सेवाओं के संचालन का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी और ई-श्रम कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न हो। पंचायत सहायकों को समय पर उपस्थित रहकर सभी ऑनलाइन कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गांवों में डुग्गी-मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री और ई-श्रम कार्ड बनवाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने को कहा। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी जोगिया रामानंद वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण अभियान के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग के निःशुल्क टीकाकरण के चतुर्थ चरण का शुभारंभ मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया। यह अभियान 22 जुलाई से 8 सितंबर 2026 तक जनपदभर में संचालित होगा। प्रचार वाहन सभी विकास खंडों में भ्रमण कर पशुपालकों को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव एवं टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषिकेश दर्शन ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जनपद में 28 टीकाकरण टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमें घर-घर पहुंचकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण करेंगी।

## एपएस फ्रॉड के शिकार महिला को वापस मिले 30 हजार

पथरा सिद्धार्थनगर। जिले के पथरा बाजार थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में थाना पथरा बाजार की साइबर सेल ने तत्पर कार्रवाई करते हुए अएढर (आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम) के माध्यम से हुई 30 हजार की साइबर ठगी की पूरी धनराशि पीड़िता के खाते में वापस कराई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के तहत साइबर सेल ने बैंक के समन्वय से यह सफलता हासिल की। पीड़िता शांति देवी, निवासी ग्राम अजगरा, ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खाते से धोखाधड़ी कर 30 हजार निकाल लिए गए थे। जांच के बाद साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर पूरी रकम वापस दिलाई। इस सराहनीय कार्य में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल उपनिरीक्षक उदयनाथ मिश्र सहित टीम के अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें **सिंगिल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **निविदा सं. :** 106-टेली/टेंडर/22/2026-27 |
| **कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत प्रयागराज संगम (PYGS), बाराबंकी (BBK) और रायबरेली (RBL) रेलवे स्टेशनों पर लगे IPIS (इंटीग्रेटेड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम – मेकः एडवांस् हाईटेक की मरम्मत और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सी.ए.एम.सी) – तीन वर्षों का कार्य। |
| **अनुमानित लागत :** रु. 77,77,761.84/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** शून्य |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,55,600.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 36 महीने |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 11.08.2026, 15:30 Hrs |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**सं.: 106-टेली/टेंडर/22/2026-27 दिनांक: 21.07.2026** **2515/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## न्याय के लिए बच्चों को लेकर दर दर भटक रही मां

हिलौली। राम भोली पत्नी बच्चन उर्फ पवन निवासी मोहल्ला रौताना हिलौली थाना मौरावा के निवासी है। राम भोली ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि पहले पति की मृत्यु हो गई थी उसके बाद बच्चन पुत्र रामप्रसाद से लव मैरिज कर लिया तथा मंदिर में विवाह कर लिया गया था। लगभग 7 वर्ष हो चुके हैं एक साथ रहते हैं कुछ दिनों से लगातार मेरे पति मारते पीटते हैं। ससुर राम प्रसाद भी मुझको मारते पीटते हैं। जब मेरे पति घर के बाहर रहते हैं तब मेरे ससुर मुझको प्रताड़ित करते हैं और मारते हैं। जान से मारने की धमकी देते हैं। मेरे पति बच्चन ने मुझको चाकू से मारा है मेरे हाथ में घाव का निशान भी बना हुआ है। इतना ही नही सरवन देवर वसोनी नंद मिलकर मारपीट करते हैं। थाना मौरावा में शिकायती पत्र दिया गया था जिसमे कोई कार्यवाही न होने पर क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र दिया और अपनी आप बीती सुनाई। क्षेत्राधिकारी पुरवा ने जांच करके कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। लगातार राम भोली अपने बच्चों को लेकर भटक रही है। हालांकि क्षेत्राधिकारी ने विश्वास दिलाया कि आपको इंसाफ मिलेगा जल्द ही उन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा।

## तालाब में डूबकर लड़की की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव तकिया निगोही में मवेशी को तालाब किनारे पानी पिलाने गई एक करीब दस वर्षीय लड़की अचानक पैर फिसल जाने से तालाब में गिर गई। तालाब गहरा होने के कारण जब वह डूबने लगी तो आस पास के लोगों ने दौड़कर किसी तरह गहरे पानी से लड़की को निकाला और हालत गम्भीर होने पर सी एच सी बांगरमऊ ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना बेहटा मुजावर के अन्तर्गत आने वाले तकिया निगोही गाँव निवासी मुन्ना की करीब दस वर्षीय पुत्री सारीया मंगलवार दोपहर बाद अपनी पड़िया को पानी पिलाने तालाब किनारे ले गई जहां अचानक फिसल जाने से वह तालाब में गिर गई। जब तक लोग उसे निकालते वह डूबने लगी। परिजनों और आस पास के लोगों ने उसे निकाला और सी एच सी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के डूबने से परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे।

## नाली निर्माण के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

मौरावा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। घटना के बाद एक पक्ष की महिला अफसाना पत्नी स्वर्गीय इसरार ने मौरावां थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि सलीम खान पुत्र जमील, सुफील पुत्र शाहिद खान, मोहिउद्दीन पुत्र मन्नान तथा रज्जाक खान सहित अन्य लोग उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर मारपीट की। महिला का कहना है कि इससे पहले भी आरोपियों द्वारा उनके परिवार के साथ मारपीट की गई थी, लेकिन समय पर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और दोबारा घटना को अंजाम दिया। घटना में दोनों पक्षों के लोगों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रिशंक मिश्रा का नाम बदल कर अव्युक्त मिश्रा रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को अव्युक्त मिश्रा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। नवनीत मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी-गुम्ती नं.-5, सदरपुर करोरा, गोसाईगंज, लखनऊ।

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम सायरा अनाएजा से बदल कर अनाएजा अहमद रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अनाएजा अहमद के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। जीशाद अहमद पुत्र हाजी इश्तियाक अहमद निवासी-मुबारकपर टाडा, अम्बेडकर नगर

# कांग्रेस और सपा झूठ का नैरेटिव फैलाने वाले दल : सीएम

### गोरखपुर शहर और गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री



जिला संवाददाता

गोरखपुर। भाजपा के बूथ अध्यक्षों को विधानसभा चुनाव 2027 में सफलता हासिल करने का मंत्र देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इन दोनों दलों को देश में झूठा नैरेटिव फैलाने वाला बताया। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले सपा सरकार में प्रदेश में नौकरी या सरकार की योजनाएं, सब पर ह्यसैफई सिंडिकेटह्ण का कब्जा रहता था। हर जगह इसी सिंडिकेट की मनमानी चलती थी।

सीएम योगी बुधवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित गोरखपुर शहर और गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दोनों विधानसभा क्षेत्रों के कुल मिलाकर 892 बूथ अध्यक्षों के इस सम्मेलन में सभी बूथ अध्यक्षों को आगामी चुनाव में कांग्रेस और सपा की शरारती साजिशों और नकारात्मक नैरेटिव से सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा की शरारत का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सभी बूथ अध्यक्ष कमर कसकर तैयार रहें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष का नैरेटिव है कि एक झूठ को सच साबित करने के लिए सौ बार झूठ बोलो। जबकि भाजपा सिर्फ सत्य पर विश्वास करती है और इसी कारण आज भाजपा विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग अराजकता, उपद्रव, गुंडागर्दी माफियागिरी और लूट में विश्वास करता है जबकि भाजपा का पक्ष समाज में धर्म, उत्सव, विकास और लोक कल्याण के लिए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने समाज में साजिश और शरारत की। कांग्रेस ने एक लाख रुपये देने का झूठा वादा। सपा और कांग्रेस ने आरक्षण पर गलत नैरेटिव फैलाया। जबकि सच्चाई यह है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास को सम्मान मिला तो पीएम के मार्गदर्शन व नेतृत्व में भाजपा ने दिया। देहहित में जिस सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन्हें भी भाजपा सरकार ने सम्मान दिया। उनकी सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाई। कांग्रेस और सपा ने सरदार पटेल व डॉ. आंबेडकर की बजाय जिन्ना को महिमामंडित किया। सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस जातियों को आपस में लड़ाने का काम करती हैं। साजिश के तहत आंदोलन कराकर छात्रों को बदनाम करती हैं। उन्होंने दिल्ली में जारी आंदोलन का नाम लिए बगैर कहा कि ऐसा ही सीएए के विरोध में कराया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल, पाकिस्तान और अफगनिस्तान में हिन्दू, जैन व बौद्धों की बौद्ध हत्या पर कांग्रेस और सपा का मुंह बंद रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विपक्ष के इन दलों ने किसानों को भड़काया अब छात्रों को भड़का रहे हैं। मुख्यमंत्री में बूथ अध्यक्षों को सतर्क करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा 2024 की तरफ फिर समाज में भ्रम पैदा करने की साजिश और शरारत कर सकती हैं। इसलिए बूथ स्तर पर सजग रहकर उनकी शरारतों और भ्रम को बेनकाब करते रहना होगा। सभी बूथ अध्यक्ष सरकार द्वारा कराए गए विकास और जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। लोगों के साथ निरंतर संपर्क और संवाद बनाए रखें। बूथ को सबसे महत्वपूर्ण सांगठनिक इकाई बताते हुए मुख्यमंत्री ने चुनावी जीत का मंत्र भी दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य का उद्धरण देते हुए कहा कि चुनाव देश, प्रदेश, लोकसभा, विधानसभा या जिले में नहीं होता बल्कि असली चुनावी लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है। इसीलिए पीएम मोदी नारा देते हैं, मेरा बूथ सबसे मजबूत। यह नारा इस बात के लिए प्रेरित करता है कि जो बूथ जितेगा वही चुनाव भी जितेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बूथ ही किसी चुनाव का असली कुरुक्षेत्र होता है। जिसने बूथ जीत लिया, उसने चुनाव जीत लिया। और, बूथ वही जितेगा जिसके पास जन सामर्थ्य होगा, जो अधिकाधिक जनसंपर्क करेगा।

मुख्यमंत्री ने बूथ अध्यक्षों को प्रेरित करते हुए कहा कि जैसे सीमा पर सैनिकों के मुस्तैद रहने से देश सुरक्षित और खुशहाल रहता है, वैसे ही सतर्क और सजग बूथ होने से हम केंद्र और प्रदेश में सरकार बनाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बूथ की ताकत से वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनेगी। उन्होंने सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों की शत प्रतिशत उपस्थित के लिए उनका अभिनंदन किया और इसके लिए महानगर इकाई को साधुवाद भी दिया।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास में सिक्सलेन फ्लाईओवर को बड़ी उपलब्धि बताते हुए गुरुवार को होने वाले इसके लोकार्पण समारोह में सबको आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर के इस सबसे बड़े फ्लाईओवर पर आकर सेल्फी लीजिए और इसे सोशल मीडिया पर साझा कीजिए। सम्मेलन का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि और तदुपरांत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए भाजपा के महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

## राप्ती कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों और गोरक्ष एंक्लेव के निवासियों को सीएम योगी ने दिया भरोसा



चरगांवा, गोरखपुर। विगत दिनों हुई मूसलाधार बारिश के दौरान असुरन चौक स्थित राप्ती कॉम्प्लेक्स में नाला टूटने से हुए जलभराव से प्रभावित दुकानदारों और जलभराव की ही समस्या से परेशान रहे गोरक्ष एंक्लेव के निवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को एनेक्सी भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

राप्ती कॉम्प्लेक्स के भूतल के दुकानदारों और गोरक्ष एंक्लेव के लोगों की समस्या सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें समाधान का आत्मीयतापूर्ण भरोसा दिया। उन्होंने कमिश्नर को प्रतिनिधिमंडल द्वारा बताए गए सभी बिंदुओं पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम ने जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद दुकानदार और नागरिक समाधान को लेकर संतुष्ट नजर आए।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



इटावा। किसानों को खाद एवं यूरिया मिलने में हो रही समस्याओं व स्मार्ट मीटर के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिलों से होने वाली परेशानियों के चलते जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयुक्त नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि किसानों द्वारा खरीफ की फसल की बोआई एवं रोपाई का कार्य चल रहा है। ऐसे समय में किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की अत्यधिक आवश्यकता होती लेकिन उन्हें उस यूरिया के लिए लम्बी लाइनें लगानी पड़ रही हैं। इसके बावजूद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। जिससे वे काफी परेशान एवं हताश हैं। उनकी इन समस्याओं के चलते फसलों की पैदावार भी बहुत प्रभावित हो रही है। इसी तरह बिजली उपभोक्ताओं की परेशानियों का हवाला देते हुए राज्यपाल को अवगत कराया गया है कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं तब से भारी-भरकम बिजली बिलों ने इस महंगाई में आम जनमानस की कमर तोड़कर रख दी है। अपनी इन मूलभूत समस्याओं को लेकर जनता आज त्राहिमाम कर रही है। पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि छात्रों के खिलाफ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, करण सिंह राजपूत, अरुण यादव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, आसिफ जादरान, प्रदीप द्विवेदी, कृपाराम राजपूत, अंसार अहमद, मोहित प्रताप सिंह, दीक्षा शुक्ला, अमन तिवारी, मुस्तकीम, रणवीर सिंह यादव, मोहनलाल प्रजापति, पंकज राजपूत, रोहन सिंह, अमर ज्योति एवं रश्मि सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## सीएनजी व्यवस्था होगी और मजबूतः अंशुल यादव



इटावा। जिले में सीएनजी आपूर्ति व्यवस्था होगी और मजबूत, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक अंशुल यादव ने नारियल फोड़कर किया पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ! जिले के सीएनजी स्टेशन पंप पर सीएनजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए टोरेंट कंपनी ने स्टील गैस पाइप लाइन बिछाने का काम किया शुरू, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक अंशुल यादव ने नारियल फोड़कर परियोजना का किया उद्घाटन वहीं इस मौके पर अंशुल यादव ने दिल्ली में चल रहे युवाओं के धरना प्रदर्शन पर कहां कि युवाओ के साथ जिस तरह से क्रूर व्यवहार भाजपा ने किया है उसके चलते अब यही युवा देश और प्रदेश से भाजपा को हटाने का काम करेंगे, सपा की मांग है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के साथ ही सरकार नीट पेपर को लेकर संसद में चर्चा भी करे। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव, एसएम मुस्तकीम के साथ ही टोरेंट गैस कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे !

## महिला आयोग ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं



इटावा। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 15 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न एवं पेंशनर्स से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं, शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर सीओ जसवन्तनगर आयुषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

## पालिका अध्यक्ष व सभासद आमने-सामने दोनों पक्षों ने दर्ज कराये मुकदमे

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद जसवंतनगर में 18 जुलाई को हुए विवाद ने अब कानूनी रूप ले लिया है। पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार और सभासद राजीव यादव ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ने आरोप लगाया कि 18 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे वह कार्यालय में जनहित से जुड़े कार्यों का निस्तारण कर रहे थे। इसी दौरान सभासद राजीव यादव और मोहम्मद इरफान कार्यालय में पहुंचे तथा सरकारी अभिलेख फाड़कर फेंक दिए। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, हाथापाई की, मोबाइल छीनकर फेंक दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की, जिससे उनके हाथ में चोट आई। वहीं सभासद राजीव यादव ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि उन्होंने तहसील समाधान दिवस में नगर पालिका परिषद में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी इटावा से की थी। जिलाधिकारी द्वारा जांच के लिए अधिशासी अधिकारी श्याम वचन सरोज को निर्देश दिए गए थे।

## वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश तीन शातिर चोर गिरफ्तार



गोरखपुर। थाना शाहपुर पुलिस, एसओजी व एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की एक स्कॉर्पियो, घटना में प्रयुक्त एक मारुति स्विफ्ट कार तथा चोरी में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न टूल्स बरामद किए हैं। पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस सभागार में गुरूवार को एसपी सिटी निमिष पाटील ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा किया। उन्होने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया कि 12 जुलाई 2026 को अज्ञात चोरों द्वारा एक स्कॉर्पियो वाहन चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना शाहपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे चोरी किए गए वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर उनका उपयोग बिहार में प्रतिबंधित शराब की तस्करी में करते थे। इससे यह भी संकेत मिला है कि गिरोह का नेटवर्क प्रदेश से बाहर तक फैला हुआ है और अन्य आपराधिक गतिविधियों से भी इनके संबंध हो सकते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दिलीप कुमार चौहान, मुन्ना हासनी और दीपक यादव के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के सिवान जनपद के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी संगठित तरीके से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

मुख्य आरोपी दिलीप कुमार चौहान का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है और उसके खिलाफ विभिन्न जनपदों में चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। अन्य दोनों अभियुक्तों के खिलाफ भी संबंधित मुकदमे में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने बरामद वाहनों और उपकरणों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य संभावित सदस्यों की तलाश भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने में सफलता मिलेगी।

## सरस हॉट में वर्षों से बंद पड़ी दुकानें, पसारा सन्नाटा

- चरगांवा विकास खण्ड के जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार सरस हॉट में नवीन दुकानों का निर्माण
- स्वयं सहायता समूह के लिए आरक्षित 70 प्रतिशत दुकानों में से दो दुकानें ही चल रहीं, शेष में वर्षों से बिना किराया भुगतान किए हैं ताला बंद
- वर्ष 2025 को चरगांवा विकास खण्ड के जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार में ग्राम विकास निधि से हुआ था सरस हॉट का जीर्णोद्धार



ओमप्रकाश श्रीवास्तव

चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार में जीर्णोद्वार के बाद बनकर तैयार सरस हॉट मनमानेपन एवं अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया है। सरस हॉट की अधिकांश दुकानों पर वर्षो से ताला लटक रहा, जिस कारण यह हॉट विरान पड़ा है।

बावजूद इसके जिम्मेदार इसकी सुधि लेने में कोई रूचि नही दिखा रहें है। बता दें, ग्राम पंचायत जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार में रखरखाव के अभाव में खंडहर बन चुके सरस हॉट का तत्कालीन खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह की पहल पर ग्राम पंचायत निधि से जीर्णोद्धार हुआ था। जीर्णोद्वार के बाद वर्ष 2025 में स्थानीय विधायक ने लोकार्पण किया था। जिसके परिसर में बने लगभग 50 व्यवसायिक दुकानों के सत्तर प्रतिशत का आवंटन तत्कालिक मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया गया व शेष तीस प्रतिशत अन्य पात्र ग्राम वासियों का किया गया था। धीरे-धीरे लगभग एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद स्वयं सहायता समूह को आवंटित दुकानों में केवल दो दुकानों में से एक कपड़े की व दूसरा सी एस सी (सहज जन सेवा केंद्र) की ही दुकान चलती हैं। शेष दुकान का शटर न खुलता है न ही किराया भुगतान किया जाता हैं। यहां तक सरस हॉट परिसर की खाली भूमि पर पड़ोसी गैर ग्राम पंचायत के निवासियों के पैसे द्वारा दुकानों का निर्माण कराया गया है व उनमें से कुछ दुकान में अपने द्वारा निर्मित कराए गए दुकान में चला रहें हैं। नाम न प्रकाशित करने के शर्त पर एक दूसरे ग्राम पंचायत के दुकान आवंटी ने कहा अब तक अस्सी हजार रुपए हो चुका हैं दुकान निर्माण पर खर्च, राजकीय सेवा से निवृत्त होने के बाद खाद बीज की दुकान खोलने के लिए हैं दुकान,ग्राम प्रधान ने दिया हैं आश्वासन कि,लिख कर देंगे कि आवंटियों के पैसे से निर्मित हुआ हैं व नवनिर्मित दुकान ग्राम प्रधान ने एस डी एम से पट्टा कराने का भी आश्वासन दिया हैं।

*क्या कहते हैं जिम्मेदार*

*इस बाबत ग्राम पंचायत जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार के ग्राम प्रधान माधो प्रसाद ग्राम विकास निधि से गैर ग्राम पंचायत के निवासी के नव निर्मित दुकानों का सरस हॉट में निर्माण हूआ हैं। तो वहीं उपायुक्त स्वतः रोजगार संजय नायक का कहना है कि अभी एक माह ही मुझे कार्यभार ग्रहण किए हुआ, सरस हॉट का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही दुकानों के आवंटन के बारे में एवं अन्य शिकायतों के बारे में मीडिया के सामने अपना पक्ष रख सकते हैं।*

*इस बावत चरगांवा विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (आर०डी० ग्राम विकास) उपेंद्र सिंह का कहना हैं कि सरस हाट में जीर्णोद्वार के उपरान्त निर्मित दुकान में 70 प्रतिशत दुकान का आवंटन स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को किया गया है। जिसमें केवल दो ही दुकानें एक सी एस सी व एक कपड़े की चल रही हैं, शेष दुकानें काफी दिनों से आवंटन के उपरान्त खाली है व उनके द्वारा किराया भी नहीं दिया जा रहा हैं उन्हें खाली कराने के लिए मेरे स्तर से शीघ्र ग्राम पंचायत प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से नोटिस जारी करने के लिए वार्ता किया जाएगा।*

## सीओ बांसी ने की समीक्षा बैठक



**बांसी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह ने मंगलवार को सर्किल बांसी कार्यालय में थाना खेसरहा की सीसी टीम, साइबर सेल तथा पैरवी अधिकारी/कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा न्यायालय में विचाराधीन मामलों में मजबूत पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने की प्रगति की समीक्षा की गई। सीओ ने सभी लंबित कार्यों का शीघ्र निस्तारण करने, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, साइबर अपराधों पर विशेष निगरानी रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए गश्त और वाहन चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए।

## खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए फाउंडेशन का शुभारंभ



पाटन, उन्नाव। ओंकारा ट्रिडेंट फाउंडेशन का भव्य शुभारंभ संस्थापक प्रियंका सिंह भूतपूर्व अखिल भारतीय खिलाड़ी, भारतीय खेल प्राधिकरण, अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय भूतपूर्व बॉलीबॉल कोच, भारतीय खेल प्राधिकरण, संरक्षक आई पी एस सेवानिवृत्त हरीश कुमार, निवेदक रवि प्रकाश सिंह प्रिंस कोषाध्यक्ष अवधेश चैहान सेवा निवृत भारतीय सेना अजय भदौरिया राष्ट्रीय खिलाड़ी वॉलीबॉल, सेवा निवृत पुलिस अधीक्षक अनिल मिश्रा राष्ट्रीय खिलाड़ी वॉलीबॉल, भूतपूर्व राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ द्वारा संपन्न हुआ, इस मौके पर ओंकारा ट्रिडेंट फाउंडेशन की संस्थापक प्रियंका सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया और सभा को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के उद्देश्य से अवगत कराया। जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों ग्राम पंचायतों से निःशुल्क जमीनी स्तर पर खेलो की प्रतिभाओं का चयन करना उन्हें कोचिंग देना एवं उनके लिए खेल टूनार्मेंट आयोजित करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का प्रयास करना जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण हो सके। साथ ही समाजसेवा और देशसेवा में अपना योगदान प्रदान करना। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सी एस पुष्पेंद्र प्रताप राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्प फाउंडेशन ने सभा को संबोधित करते हुए ओंकारा ट्रिडेंट फाउंडेशन की संस्थापक प्रियंका सिंह के विचारों का सम्मान और समर्थन करते हुए यह विश्वास दिलाया कि समाज और देश के प्रति प्रियंका सिंह का जो सोच विचार है वो सराहनीय है और उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि ओंकारा ट्रिडेंट फाउंडेशन नित नई ऊंचाइयों को छूएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुष्प फाउंडेशन और बैसवारा सदैव ओंकारा ट्रिडेंट फाउंडेशन के साथ खड़ा है और संरक्षक के तौर पर काम करेगा।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**ई-निविदा सूचना, वि.आ.सं. 11057 एवं दिनांकः 21.07.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 50/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन सहायक अभियंता, 11 केवी एण्ड एलटी, नाका अयोध्या के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पुराने / दैवीय आपदा में जर्जर / क्षतिग्रस्त विद्युत तंत्रों, जर्जर / क्षतिग्रस्त 9/11 मीटर एस. टी./पी.सी.सी. विद्युत खंभों को बदलने / मरम्मत का कार्य, जर्जर तारों, ए०बी० केबिलों को बदलने हेतु का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 तथा धरोहर राशि रू. 14500.00।
2. 51/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन सहायक अभियंता, 11 केवी एण्ड एलटी, चौक एवं राम की पैड़ी अयोध्या के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पुराने /दैवीय आपदा में जर्जर/क्षतिग्रस्त विद्युत तंत्रों, जर्जर/क्षतिग्रस्त 9/11 मीटर एस.टी./पी.सी.सी. विद्युत खंभों को बदलने/मरम्मत का कार्य, जर्जर तारों, ए.बी. केबिलों को बदलने हेतु का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 तथा धरोहर राशि रू. 18800.00।
3. 52/EDC(Ayodhya)/2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - रूदौली, अयोध्या के अधीन समस्त उपखण्डों के क्षेत्रान्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमा योजना के रनिंग कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी०एस०टी० सहित तथा धरोहर राशि रू. 25,700.00।
4. 53/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अन्तर्गत श्रावण झूला मेला 2026 के दृष्टिगत विभिन्न प्रकार के अनुरक्षण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 तथा धरोहर राशि रू. 2000.00।

**ई-निविदा की अंतिम तिथिः 05 अगस्त 2026, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

संक्षेप

## अखिलेश यादव व राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर भड़के कार्यकर्ता

मोहम्मदी खीरी। दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के राहुल गांधी पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए,गिरफ्तार करने पर कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया जिसके चलते मंगलवार रात 9 बजे करीब सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से रामलीला गेट सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर देर रात रहा कर दिया है। सपा नेता कार्तिक तिवारी की अगुवाई में पिंकू मिश्रा, बलराम वरुण, डॉ सीमा गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, तौसीफ गाजी, अभिषेक पांडे, राम कैलाश यादव, मोहित यादव, सरदार कुलबीर सिंह, गौरव, आशिक मंसूरी समेत सैकड़ो कार्यकर्ताओं के नारेबाजी करने पर पुलिस के हाथ पैर फूल गए आनन-फानन में निरीक्षक उमेश चौरसिया ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यकताओं को हिरासत में लेकर कोतवाली में बैठा दिया जिन्हें रात रिहा कर दिया गया है।

## लुटेरों ने महिला से की लूटपाट

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली पसगवां क्षेत्र में एक महिला के साथ दिनदहाड़े लूटपाट का मामला सामने आया है। ग्राम बढ़ैया निवासी रामशंकर पुत्र गोदन ने बताया कि में अपनी पत्नी रखी देवी को दवाई दिलाने के लिए अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बा जंगबहादुरगंज गया हुआ था। जहां से वापस लौटते समय दोपहर करीब 2 बजे कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम सैंडा और कुतुवापुर के बीच पुलिया के पास पीछे से आए दो अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने मेरी बाइक के आगे बाइक लगातार मुझे रोक लिया जिसमें से एक लुटेरे ने मुझे पकड़ लिया और दूसरे बदमाश ने मेरी पत्नी के एक जोड़ी कान के कुंडल,नाक की बारी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पसगवां और उचौलिया पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस आस पास के लोगों से पूछताछ कर लुटेरों की पहचान और तलाश में जुटी है,साथ में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले जा रहे है,जिससे आरोपियों तक पहुंचा जा सके। इस संबध में कोतवाली प्रभारी पसगवां जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लूट तो हुई है, जांच की जा रही है। इस संबध में सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना हुई है, तहरीर आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## पोल से लटका मिला शव

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के मल्लाहनपुरवा मजरा गोंडा देवरिया गांव के बाहर मंगलवार रात एक युवक का शव बिजली के पोल से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मुन्ना पुत्र गुलाब निषाद (करीब 25 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार शाम किसी घरेलू बात को लेकर उसका विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर से निकल गया। बाद में गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बिजली के पोल पर उसका शव लटका मिला। मुन्ना चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और अविवाहित था। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का प्रतीत होता है। मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

# अनियमितताओं की शिकायत पर हैदरपुर पहुंची टीम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। हरगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत हैदरपुर में करीब 16 लाख रुपये के विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद बुधवार को जिला स्तरीय टीम ने गांव पहुंचकर स्थलीय जांच की।

जांच के दौरान शिकायत में बताए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया और अभिलेखों का भी परीक्षण शुरू किया गया। मजरा भनवापुर निवासी कमलेश कुमार ने जिलाधिकारी को शपथपत्र देकर आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान सावित्री देवी और ग्राम सचिव धर्मेंद्र कनौजिया ने मिलीभगत कर कई विकास कार्य कागजों पर पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का भुगतान करा लिया, जबकि कई कार्य अधूरे हैं या मौके पर हुए ही नहीं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी संतोष नरायन गुप्ता, खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी, अवर अभियंता शैलेश वर्मा, कंसल्टिंग इंजीनियर शिवम वर्मा तथा ग्राम सचिव धर्मेंद्र कनौजिया ने शिकायत में दर्ज सभी स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए। मौके पर शिकायतकर्ता कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जिला विकास अधिकारी संतोष नरायन गुप्ता ने बताया कि अभिलेखों और स्थलीय जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। यदि जांच में अनियमितता की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खाद से लेकर पेपर लीक तक सरकार पर सपा का हमला



सीतापुर। विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने बुधवार को महमूदाबाद तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के नेतृत्व में करीब एक हजार कार्यकर्ता और समर्थक तहसील पहुंचे, जहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। बाद में उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रियदर्शी को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने पेपर लीक, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों को समय पर खाद और यूरिया न मिलने, खाद की कालाबाजारी तथा बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं से त्रस्त है, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय केवल दावे कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के अहंकार का जवाब जनता आने वाले समय में देगी। राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने, महंगाई पर नियंत्रण, बेरोजगारी कम करने, पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा जर्जर सड़कों की मरम्मत सहित कई मांगें उठाई गईं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष आमिर अरफात, उत्कर्ष वर्मा, विनय यादव, मेराज अहमद, मोहम्मद इश्तियाक साद, साकेंद्र यादव, लकी मल्होत्रा, जैद, फैज, आजाद समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जौहर विश्वविद्यालय व छात्र हितों को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

निघासन-खीरी। बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न छात्र एवं शिक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुये महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी यदुवीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में जौहर विश्वविद्यालय रामपुर



से जुड़े प्रकरण, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, बेरोजगारी तथा छात्रों के हितों से संबंधित कई मांगें उठाई गई। ज्ञापन में मांग की गई है कि जौहर विश्वविद्यालय रामपुर की तकनीकी कमियों का समाधान कर उसे सुचारु रूप से संचालित किया जाए। साथ ही नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक से प्रभावित छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा देने, केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों में रिक्त पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी करने, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराने तथा गरीब छात्रों के लिए सस्ती एवं सुलभ शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। विधानसभा अध्यक्ष भण्डारी यादव ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यदि जौहर विश्वविद्यालय से संबंधित समस्या का समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान रामासरे यादव, मनोज वर्मा, डा.अर्पित कुशवाहा, डॉ. निसार अहमद, बेनजीर उमर, जगमोहन यादव, राजेश चतुवेर्दी, जगदीश लोधी, असलम अंसारी, उमाशंकर, विपिन वर्मा, कुलदीप, राजेंद्र यादव, सरदार यादव, समरजीत, इस्लामुद्दीन, संदीप, समरजीत सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीजीएन पीजी कॉलेज में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएन पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर जारी है। महाविद्यालय प्रशासन ने पात्र छात्र-छात्राओं से समय रहते आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर प्रवेश लेने की अपील की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष में हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा एवं गृह विज्ञान विषयों में प्रवेश दिए जा रहे हैं। वहीं एमए प्रथम वर्ष में हिन्दी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र विषयों में भी प्रवेश प्रक्रिया संचालित है। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने महाविद्यालय से प्रवेश प्रपत्र प्राप्त कर लिया है, वे उसे ऑनलाइन भरकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना अनिवार्य है। आवेदन की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय कार्यालय में जमा करनी होगी। काउंसलिंग के समय अभ्यर्थियों को एलयूआरएनएस पंजीकरण, हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की अंकतालिका, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, जाति एवं आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो की मूल एवं छायाप्रति साथ लानी होगी। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड, कार्यालय, आधिकारिक वेबसाइट तथा प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने इच्छुक छात्र-छात्राओं से अंतिम समय की प्रतीक्षा न करते हुए शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की।

## एएनएम का वेतन रोकने के आदेश



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजगणपति आर. ने बुधवार को कसमण्डा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय, कमलापुर में संचालित वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और अभिलेखों में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित एएनएम के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा अगले आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एएनएम से टीकाकरण की जानकारी ली, आइस बॉक्स, वैक्सीनेशन किट और एचआरपी रजिस्टर का निरीक्षण किया। रजिस्टर में कई त्रुटियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के अभिलेखों में भी खामियां मिलने पर कड़ी फटकार लगाई गई। सबसे गंभीर मामला तब सामने आया जब एएए (एंटीनेटल एक्शन एजेंडा) बैठक से संबंधित कोई भी अभिलेख या सूची मौके पर उपलब्ध नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने एएनएम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और वेतन रोकने का आदेश जारी किया। इसके बाद डीएम ने प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता भी परखी और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर सीडीओ का छापा



लखीमपुर खीरी। आंगनबाड़ी केंद्रों की हकीकत जानने निकले सीडीओ अभिषेक कुमार को बुधवार को बड़ी लापरवाही देखने को मिली। औचक निरीक्षण में तीनों केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां नदारद मिलीं, जबकि केंद्र केवल सहायिकाओं के भरोसे संचालित हो रहे थे। बच्चों की उपस्थिति भी नामांकन के मुकाबले बेहद कम पाई गई। हालात देखकर सीडीओ का पारा चढ़ गया।

सीडीओ ने तीनों अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तत्काल प्रभाव से मानदेय रोकने और उनके खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही शिथिल पर्यवेक्षण पर संबंधित सुपरवाइजर और सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए और जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद को भी कड़ी फटकार लगाई। सीडीओ ने कहा कि आज के निरीक्षण में कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्रियां अनुपस्थित मिलीं, जिससे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव हैं। इसलिए सभी कार्यकत्रियां समय पर केंद्र पर उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। जहां भी लापरवाही मिलेगी, वहां संबंधित कर्मियों के साथ-साथ पर्यवेक्षण करने वाले अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक लखीमपुर के आंगनबाड़ी केंद्र बांसताली में कार्यकत्री नीलम देवी अनुपस्थित मिलीं। यहां 32 बच्चों के नामांकन के मुकाबले केवल छह बच्चे मौजूद थे। सरखनपुर प्रथम केंद्र पर कार्यकत्री सुनीता वर्मा और सरखनपुर द्वितीय केंद्र पर राजेश कुमारी भी अनुपस्थित मिलीं। दोनों केंद्रों पर भी बच्चों की उपस्थिति अपेक्षा से काफी कम रही। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले चहलपुर आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में भी कार्यकत्री अनुपस्थित मिली थी।

## दो चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद



सकरन /सीतापुर। सकरन पुलिस ने एक माह पूर्व उमरा कला गांव में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो अंतरजनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रंजीत चौहान निवासी चंदौली थाना रेउसा तथा अनिल चौहान निवासी शेखनपुर थाना फतेहपुर, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से आठ जोड़ी पायल, छह जोड़ी बिछुवा, एक जोड़ी लॉकेट, आठ अन्य जोड़ी बिछुवा, एक अंगूठी तथा 315 बोर का एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध सकरन समेत अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अयोध्या और गाजीपुर जनपदों में चोरी सहित विभिन्न धाराओं के कुल 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश चंद्र, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह तथा आरक्षी विक्रांत, ब्रजेश और संजीव शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## नर्स की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के श्राफ चैरिटीआई अस्पताल में नर्स के पद पर कार्य रत एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है परिजनों ने दो नामित आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दी पुलिस ने नामित आरोपियों के खिलाफ हत्या के मामले में केस दर्ज कर लिया है। गांव भानपुर बनवारी निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार उसकी बहन सुरभि वर्मा अस्पताल पर कार्यरत थी। जिसके तहत सोमवार को 11 बजे दिन में अपनी ड्यूटी पर गई थी। देर रात तक वापस नहीं आई फोन पर सूचना मिली उसकी बहन की तबीयत खराब हो गई थी जिसे शाहजहांपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिस पर वह परिवार के साथ शाहजहांपुर अस्पताल पहुंचा जहां उसकी बहन मृत अवस्था में पड़ी मिली थी उसकी बहन पूर्व में प्रबंधक दीपक त्रिपाठी और कर्मचारी हरीश खन्ना द्वारा मानसिक टॉर्चर करने की शिकायत करती थी। जिसके चलते उसने अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाया है। भाई की शिकायत पर मृतका का पोस्टमार्टम शाहजहांपुर में किया गया मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा प्रिजर्व किया गया है। मामले में पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर देर रात परिजन थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे और शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया जिससे पुलिस के हाथ पैर फूल गए एसडीएम राजेश प्रताप और सीओ अरुण कुमार ने नामित आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लेने के बाद परिवार के लोग अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो सके जिसके चलते बुधवार को मृत का का अंतिम संस्कार किया गया है। सीओ ने बताया मामला संदिग्ध है मेडिकल रिपोर्ट मिलने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ओटीपी का हवाला देकर निर्गत नहीं हो रहे निवास प्रमाण पत्र

महोली/ सीतापुर तहसील में निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदक तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। पटल सहायक ओटीपी का हवाला देकर आवेदकों को टरका रहा है। जिससे आवेदकों में रोष व्याप्त है। मालूम हो कि इन दिनों शिक्षण संस्थानों सहित अन्य जगहों पर लगाने के लिए निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

आवेदक तहसील के चक्कर लगा रहें हैं लेकिन निवास प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है।आवेदकों का आरोप है कि पटल का कार्य देख रहे अंकित वर्मा द्वारा आवेदको को बार-बार यही बताया जाता है कि एसडीएम के मोबाइल पर ओटीपी आएगा इसके बाद ही हम कार्य कर सकेंगे। मंगलवार सुबह से ही आवेदक उनके कार्यालय के चक्कर लगाते रहे परंतु 2:00 बजे तक ओटीपी नहीं आया। इस कारण निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। जिससे आवेदकों में काफी रोष व्याप्त है। जबकि जिलाधिकारी डाङ्ग राजा गणपति आर द्वारा बैठक में कहा जाता है कि किसी भी आवेदक को बार-बार न दौड़ाया जाय। फिर भी पटल सहायक अंकित वर्मा द्वारा जानबूझकर हीलाहवाली की जा रही है।

वहीं तहसील में शांति भंग के मुकदमो मे बिना जमानत के कागज लिए पूरी तरह से मुकदमा समाप्त करने का खेल चल रहा है। पटल सहायक अंकित वर्मा की कार्यशैली पर लोग सवालिया निशान लगा रहें हैं। अब देखना यह है कि नावांगत एसडीएम शैलेंद्र गौतम द्वारा ऐसे भृष्ट कर्मचारी पर क्या कार्रवाई की जाएगी।यह तो आने वाला समय बताएगा। इस बावत उप जिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक सरवर की समस्या आ रही थी। अगर किसी व्यक्ति को कोई समस्या है तो वह हमसे व तहसीलदार से आकर मिल सकता है।


## कार्यालय-जिला कलेक्टर, बलरामपुर

संख्या /आठ-वि.भू.अ.अ./बलरामपुर/2026 — दिनांक

प्रारूप-1

नियम-3 का उपनियम(1)

सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु प्रारम्भिक अधिसूचना

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 एवं नियमावली-2016 के नियम-3(1) के अधीन सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सूची में उल्लिखित भूमि को लोक प्रयोजन अर्थात जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर परगना तुलसीपुर के ग्राम पाटन में माँ पाटेश्वरी देवी मन्दिर मुख्य गेट से बलरामपुर चीनी मिल तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु क्षेत्रफल 0.60205हे. का अधिग्रहण किया जाना है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 की धारा-4(2) के अन्तर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही से पूर्व ATLAS MANAGEMENT CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD द्वारा लोकहित में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षक निकाय का नाम | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलरामपुर। |
| 2 | प्रस्तावित भूमि अर्जन का उद्देश्य | जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर परगना तुलसीपुर के ग्राम पाटन में माँ पाटेश्वरी देवी मन्दिर मुख्य गेट से बलरामपुर चीनी मिल तक मार्ग के चौड़ी करण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु। |
| 3 | संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा | ATLAS MANAGEMENT CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD |
| 4 | संगठन का सम्पर्क विवरण | ACACIA-E/104, TOWER-10, OMAXE RESIDENCY -2, GOMTI NAGAR EXTENSION, NEAR POLICE HEAD QUARTERS, LUC KNOW-226002, UTTAR PRADESH, Phone: 9044488350, 9431105022, Email : amcspl@rediffmail.com |
| 5 | भूमि का विवरण:- | |

| जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | प्रस्तावित क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| बलरामपुर | तुलसीपुर | पाटन | 272 | 0.031570 |
| | | | 271 | 0.017625 |
| | | | 270 | 0.015800 |
| | | | 286 | 0.010900 |
| | | | 292 | 0.006700 |
| | | | 293 | 0.018690 |
| | | | 295 | 0.003700 |
| | | | 296 | 0.023400 |
| | | | 297 | 0.016030 |
| | | | 298 | 0.009710 |
| | | | 301 | 0.000390 |
| | | | 303 | 0.010800 |
| | | | 305 | 0.007910 |
| | | | 307 | 0.030290 |
| | | | 309 | 0.001950 |
| | | | 313 | 0.008800 |
| | | | 162 | 0.036450 |
| | | | 164 | 0.003700 |
| | | | 165 | 0.004200 |
| | | | 166 | 0.002600 |
| | | | 168 | 0.009900 |
| | | | 170 | 0.030300 |
| | | | 171 | 0.007000 |
| | | | 213 | 0.058800 |
| | | | 220 | 0.234835 |
| | | | सम्पूर्ण योग | 0.60205 |

- प्रस्तावित परियोजना से होने वाले लाभ तथा संक्षिप्त विवरणः-पर्यटन एवं औद्योगिक विकास में सहायक।
- परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्रफलः-0.60205हे0
- क्या ग्राम सभा और/अथवा भू-स्वामी की सहमति की आवश्यकता हैः- प्रस्तावित निजी भूमि को भू-अर्जन अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अर्जित किया जाना प्रस्तावित है।
- सामाजिक समाघात निर्धारण की पूर्ण होने की तिथिः-सामाजिक समाघात निर्धारण नियमानुसार 06 माह की अवधि में पूर्ण कराया जाना अपेक्षित है।

टिप्पणीः-कलेक्टर (भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ), गोण्डा/बलरामपुर के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

आज्ञा से
कलेक्टर,
बलरामपुर

UPID-253982 Date: 22.07.2026 Website : www.upgov.nic.in


## जंतर-मंतर पर गूंजी गोला के युवाओं की आवाज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नीट यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे युवा आंदोलन में गोला गोकर्णनाथ के युवाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रामनिवास वर्मा के नेतृत्व में गोला से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलन में शामिल होकर प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग उठाई।

रामनिवास वर्मा ने बताया कि नीट यूजी पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उनका कहना है कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाई जानी चाहिए, ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय न हो। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र भी कथित नीट पेपर लीक प्रकरण से प्रभावित अभ्यर्थियों में शामिल है। इसी कारण वह इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है कि यह केवल उनके परिवार का नहीं, बल्कि देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने केंद्र सरकार से प्रतियोगी परीक्षाओं में कठोर एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू करने, पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की भी मांग उठाई। रामनिवास वर्मा ने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा धरना स्थल से हटाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को आंदोलनकारी युवाओं की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान निकालना चाहिए, न कि उनकी आवाज दबाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गोला गोकर्णनाथ से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्य लगातार तीन दिनों से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल में अवनीश कुमार वर्मा, लल्लन वर्मा, आकाश वर्मा, दीपू सविता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिलता और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार नहीं किए जाते, तब तक उनका लोकतांत्रिक आंदोलन जारी रहेगा।

## सावन मेले की तैयारियों का प्रशासन ने लिया जायजा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी सावन माह में छोटी काशी गोला पहुंचने वाले लाखों शिवभक्तों की सुविधा और सुरक्षित दर्शन व्यवस्था को लेकर मंगलवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला श्रिंकूश एवं उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी ने पौराणिक शिव मंदिर परिसर का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, बैरिकेडिंग, आवागमन मार्ग और मेला व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सावन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला श्रिंकूश ने कहा कि छोटी काशी आने वाले प्रत्येक शिवभक्त को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। मेले के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर विशेष व्यवस्था की जा रही है। उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि सावन माह में श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी महक शर्मा, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## दुर्घटना में युवक घायल

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के थुलेंडी चैराहे के पास मंगलवार रात एक तेज रफ्तार वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक वाहन के अगले हिस्से में फंस गया और वैन उसे करीब 200 मीटर तक घसीटती चली गई। हादसे में घायल युवक की पहचान मुमताज रायनी (28 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय बशीर रायनी, निवासी ग्राम थुलेंडी, थाना बछरावां के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बछरावां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल, रायबरेली रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए एम्स, रायबरेली भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई ने लोकतंत्र को शर्मसार किया: शकील मंसूरी

बछरावां रायबरेली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला सचिव शकील मंसूरी ने दिल्ली में छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि देशभर में सामने आए दृश्य लोकतंत्र और मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर जिस प्रकार बल प्रयोग किया गया और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार के आरोप सामने आए हैं, उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को शर्मसार कर दिया है। सपा नेता शकील मंसूरी ने कहा कि छात्र अपने भविष्य, शिक्षा और अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने पहुंचे थे, लेकिन उनकी आवाज सुनने के बजाय उन्हें बल प्रयोग का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित वीडियो देश के हर संवेदनशील नागरिक को सोचने पर मजबूर कर रहे हैं। यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच में पुष्टि होती है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत गंभीर विषय होगा। सपा नेता शकील मंसूरी ने कहा कि रायबरेली जनपद में भी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने छात्रों के आंदोलन के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

## सीएचसी प्रभारी ने रोका दस लाख का भुगतान

सोहावल-अयोध्या। सोहावल गांव निवासी युवक अमर जीत सिंह पर सीएचसी प्रभारी ने दबंगई का आरोप लगाया। जिसके बाद युवक ने सीएससी प्रभारी पर ही 10 लाख रुपए का बकाया भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है ।जिसे लेकर पूरे विभाग में हलचल है। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप है कि पिछले कई वर्षों से युवक ने एक समझौते के तहत विभाग में अपनी गाड़ी लगा रखी थी। जिसका किराया भुगतान विभाग ने अब तक नहीं किया है ।इसी भुगतान को लेकर युवक ने प्रभारी चिकित्साधिकारी से मुलाकात की तो आग बबूला हो गईं और इससे बचने के लिए प्रभारी ने मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए युवक के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दे दिया। सीएचसी पर दोनों तरफ से दिये गये शिकायती पत्र के बाद सीएचसी के कर्मचारियों में भी काफी हलचल है।

# फिर बनेगी भाजपा की सरकार

### सरेनी विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न



**लालगंज, रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के लालगंज में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने का मंत्र दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 365 दिन काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने दावा किया कि लोकप्रिय योजनाओं के बदौलत उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 2027 में फिर से एक बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। श्री तिवारी ने कहा, -विपक्ष का काम केवल जनता को मुद्दों से भटकाना है। जब भी चुनाव होंगे, जो भी व्यक्ति बीजेपी का कमल निशान लेकर आएगा, वह सरेनी विधानसभा में फतेह करेगा। उन्होंने कहा कि एक ही दिन एक ही समय पर प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में बूथ सम्मेलन करना सिर्फ भाजपा के लिए ही संभव है क्योंकि यह संगठन और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली पार्टी बन गई है। वोट के बल पर केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की तीसरी बार और उत्तर प्रदेश में योगी जी की दूसरी बार सरकार जनहित में काम कर रही है।

पूर्व मंत्री ने बूथ अध्यक्षों से कहा कि यह सम्मेलन उनकी कार्य क्षमता को परखने और उन्हें पहचान देने का मंच है।

पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विपक्षी पार्टियां धनबल और गठबंधन के सहारे चुनाव जीतती हैं, जबकि भाजपा के कार्यकर्ता जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतते हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता और आभार प्रदर्शन डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने किया। कार्यक्रम के पहले तहसील गेट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का जोरदार स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता चंद्र प्रकाश पांडे ने किया। इस अवसर पर अनूप पांडे, शिव प्रकाश पांडे, सुशील शुक्ला, कैलाश वाजपेई, शुभम गौड़, मनोज अवस्थी, दल बहादुर सिंह, शिवम गुप्ता, जितेंद्र पटेल, राजेश सिंह फौजी, राम प्रताप सिंह, प्रदीप लोधी, नंदकुमार सिंह, प्राची, शालू, विजयपाल पासवान, सुबोध वाजपेई, विपुल सिंह, सुशील दीक्षित, मंटू वाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, बबलू पांडे, बीके सिंह, दिनेश दीक्षित, बाबू तिवारी, सुनील मिश्रा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना रेडियोलॉजिस्ट के संचालित मिला अल्ट्रासाउंड केंद्र

- अल्ट्रासाउंड मशीन व कमरा सील कर संबंधित अभिलेख व सीसीटीवी का डीबीआर किया जब्त

महराजगंज रायबरेली। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मंगलवार की शाम कस्बे के चंदापुर मार्ग स्थित उजाला हास्पिटल का सीएचसी अधीक्षक डॉ गणनायक पांडे के साथ



निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेडियोलॉजिस्ट के बगैर अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित करने का मामला सामने आने पर एसीएमओ ने बड़ी कार्यवाई करते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन व कमरा सील कर संबंधित अभिलेख व सीसीटीवी का डीबीआर भी जब्त कर लिया। बताते चलें कि महराजगंज-चंदापुर मार्ग स्थित उजाला हास्पिटल संचालित है। जिसमें रेडियोलॉजिस्ट डॉ सारा के नाम से पीसी पीएनडीटी एक्ट-1994 के तहत अस्पताल संचालक अनिल मौर्या ने दो माह पूर्व अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालक शुरू किया। रेडियोलॉजिस्ट व अस्पताल संचालक की आपस में नही बनी ।जिस पर रेडियोलॉजिस्ट डॉ सारा ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित अस्पताल व अल्ट्रासाउंड सेंटर से खुद को अलग बताते हुए अपनी अथार्टी के कागज हटा लिए। जिलाधिकारी ने मामले को सीएमओ को सौंपते हुए जांच के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा के निर्देश पर मंगलवार की शाम एसीएमओ डॉ अंबिका प्रसाद ने अधीक्षक डॉ गणनायक पांडे के साथ उजाला हास्पिटल का निरीक्षण किया तो कई खामियां मिलीं साथ ही अस्पताल के एक कमरे में अल्ट्रासाउंड मशीन संचालित मिली। संचालक के रेडियोलॉजिस्ट का नाम न बता पाने की स्थिति में एसीएमओ ने अल्ट्रासाउंड मशीन व कमरे को सील कर दिया। एसीएमओ ने संबंधित अभिलेख व सीसीटीवी का डीबीआर जब्त करते हुए पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन बताया और मामले में कार्यवाही के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

# डीएपी खाद और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)। खरीफ सीजन में किसानों को डीएपी खाद की कमी और स्मार्ट मीटर से बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में बुधवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर किसानों व आम जनता की समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह श्राणाश और शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने किया। ज्ञापन में कहा गया कि धान की रोपाई के महत्वपूर्ण समय में किसान डीएपी खाद के लिए समितियों पर लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ताओं के बिलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता आर्थिक संकट का सामना कर रही है। अभिषेक सिंह ह्वराणाह्न ने कहा कि सरकार किसानों और आम लोगों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने मांग की कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए और स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर बहाल किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाया तो कांग्रेस व्यापक जन आंदोलन शुरू करेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि खाद की कमी, बिजली की महंगाई और स्मार्ट मीटर की व्यवस्था से जनता परेशान है। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान शुरू, 4.54 लाख से अधिक पशुओं को लगेगा मुफ्त टीका



सुलतानपुर (वीओएल)। पशुधन को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसी संक्रामक बीमारी से बचाने के लिए बुधवार को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आठवें चरण के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। सदर पशु चिकित्सालय से विधायक विनोद सिंह एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि 22 जुलाई से 8 सितंबर तक चलने वाले 45 दिवसीय अभियान में जनपद के 4,54,056 पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। इसमें 2,19,020 गोवंशीय तथा 2,35,036 महिषवंशीय पशु शामिल हैं। चार माह से कम आयु और आठ माह से अधिक गर्भित पशुओं को टीकाकरण से अलग रखा गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 39 टीमें गठित की गई हैं, जो गांव-गांव जाकर पशुपालकों के घरों पर ही पशुओं का टीकाकरण करेंगी। इस दौरान प्रत्येक पशु के कान में टैग लगाया जाएगा तथा टीकाकरण का विवरण भारत पशुधन ऐप पर दर्ज किया जाएगा। पशुपालन विभाग ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे टीकाकरण दल का सहयोग करें और अपने सभी पात्र पशुओं का समय से टीकाकरण कराएं, ताकि खुरपका-मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी से पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## सीडीओ ने खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान के आठवें चरण का किया शुभारम्भ



रायबरेली। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान के आठवें चरण का शुभारम्भ आज मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा विकास भवन परिसर से मोबाइल वेटरिनरी यूनिट एवं सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में यह 45 दिवसीय सघन टीकाकरण अभियान 22 जुलाई से 8 सितम्बर तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि इस अभियान के दौरान वे अपने पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं तथा आकस्मिक पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए मोबाइल वेटरिनरी यूनिट की टोल फ्री सेवा 1962 का लाभ उठाएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान के दौरान जनपद की सभी ग्राम पंचायतों, राजस्व ग्रामों एवं शहरी नगर पंचायतों में विकास खण्ड स्तरीय उप मुख्य/पशु चिकित्साधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीकाकरण टीमों द्वारा लगभग 6,09,345 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चार माह से कम आयु के पशुओं तथा आठ माह के गर्भित पशुओं को एफएमडी का टीका नहीं लगाया जाएगा। टीकाकरण से पूर्व पशुओं की ईयर टैगिंग की जाएगी तथा पशुपालकों का नाम, आधार संख्या एवं मोबाइल नंबर सहित आवश्यक विवरण दर्ज कर प्रतिदिन की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

इस अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डॉ. संजय कुमार सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुपम कुमार चैधरी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राम सिंह की मौत के मामले में नया मोड़

### पत्नी ने तीसरी बार दी तहरीर, कार्रवाई की मांग तेज

जिला संवाददाता

**नसीराबाद रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर दो, मोहल्ला डेला निवासी राम सिंह पुत्र छोटेलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतक की पत्नी श्याम कली ने पुलिस को तीसरी बार तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस अब तक जांच का हवाला देते हुए किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

जानकारी के अनुसार, राम सिंह 15 जुलाई को मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। बाद में उनका शव नहर की पटरी के पास संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। परिजन शव को बिना पुलिस को सूचना दिए घर ले आए और पूरी रात घर पर रखा। अगले दिन सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और पहले मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद देर शाम परिजनों ने राम सिंह का अंतिम संस्कार किया ।मृतक की पत्नी श्याम कली ने 16 जुलाई को पहली तहरीर में प्रकाश पुत्र मुन्ना वर्मा निवासी मोहल्ला कायस्थाना तथा बिल्लू कश्यप पुत्र गजाधर कश्यप निवासी वार्ड नंबर चार सोनी नगर पर मारपीट का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि 15 जुलाई को दोपहर करीब एक बजे नहर की पटरी पर दोनों ने उनके पति के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई ।इसके बाद दूसरी तहरीर में श्याम कली ने आरोप लगाया कि सूर्या पुत्र स्वर्गीय रामप्यारे वर्मा निवासी लाला की बाजार, वार्ड नंबर एक ने पुरानी रंजिश के चलते उनके पति के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने यह भी दावा किया कि घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

अब 18 जुलाई को दी गई तीसरी तहरीर में श्याम कली ने फिर से प्रकाश पुत्र मुन्ना वर्मा और बिल्लू कश्यप पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कल्लू चिकवा के मकान से लगभग 300 मीटर दूर नहर की पटरी पर दोनों ने उनके पति के साथ मारपीट की थी, जिससे उनकी मौत हुई। उन्होंने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

उधर, थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। तहरीरों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चलती कार पर गिरा विशाल जामुन का पेड़, महिला समेत दो घायल



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटका बाजार के पास बुधवार शाम बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नाले की सफाई के बाद जड़ों के पास मिट्टी धंसने से जामुन का विशाल पेड़ अचानक उखड़कर गुजर रही कार पर गिर पड़ा। हादसे में महिला समेत दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि एक ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ सड़क पर गिरने से करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रहा और दोनों ओर लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। अयोध्या के कोतवाली नगर क्षेत्र के ठठेरिया निवासी नूर बाबू बुधवार शाम करीब 3:30 बजे परिवार के साथ कार से सुलतानपुर आ रहे थे। कटका बाजार के पास पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ा जामुन का विशाल पेड़ अचानक उनकी कार पर गिर पड़ा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दुर्घटना में अलीजा और अबू बकर को हल्की चोटें आईं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं, पेड़ की चपेट में आने से अंतिम तिवारी का ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने पेड़ को हटवाने का कार्य शुरू कराया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सुचारु हो सका। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भोजन के वक्त भाजपाइयों में संघर्ष

### कृषि विवि कुमारगंज में आयोजित हुआ था बूथ अध्यक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम



मिल्कीपुर-अयोध्या। विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में भोजन वितरण को लेकर भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चल गए। मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने दोनों पक्षोंको समझा बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया गया, किन्तु दोनों पक्षों ने किसी की नहीं मानी और मुकदमा कायम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी है ।हालांकि दोनों पक्षों के मान मनौव्वल में क्षेत्रीय विधायक सहित पार्टी पदाधिकारी लगे रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज, अमानीगंज और मिल्कीपुर मंडलों के बूथ अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के ऑडिटोरियम में बुधवार को आयोजित किया गया था। पार्टी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला महामंत्री अशोक कसौधन एवं जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह डिंपल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। जहां दोपहर में भोजन की व्यवस्था थी। भोजन के लिए भाजपा बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता टूट पड़े और रोटी को लेकर कैटर्स एवं भोजन प्रबंधन के जिम्मेदार लोगों को अपशब्द कहे जाने लगे। बस इसी बात को लेकर अमानीगंज मंडल महामंत्री सर्वेश तिवारी और भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत कुमारगंज सभासद रवि सिंह के बीच हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर मौजूद पार्टी पदाधिकारियों एवं अन्य कार्यकताओं ने बीच बचाव किया और मामले को शांत करने का पुरजोर प्रयास किया। लेकिन घटना के बाद आक्रोशित दोनों पक्ष तहरीर लेकर कुमारगंज थाने पहुंच गए। एक पक्ष से सर्वेश तिवारी पुत्र जयकरण तिवारी निवासी ग्राम सहिजन मऊ ने बवां निवासी रवि सिंह पर लात घूसों व थप्पड़ से मारे पीटे जाने का आरोप लगाया है।

# कार्यकर्ताओं को मिला संवाद, सम्पर्क व समन्वय का मंत्र

अयोध्या। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्य वक्ता विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व सांसद पद्मसेन चैधरी ने कार्यकताओं को संवाद, सम्पर्क और समन्वय के मंत्र के साथ चुनावी तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही भाजपा की जीत की सबसे बड़ी गारंटी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नियमित रूप से बूथ के प्रत्येक परिवार से संपर्क बनाए रखें, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं तथा समाज के सभी वर्गों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करें। संगठन की सफलता कार्यकताओं की सक्रियता, अनुशासन और समन्वय पर निर्भर करती है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और जनसेवा की भावना से कार्य करता है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही संगठन की वास्तविक ताकत हैं और उनके परिश्रम से ही भाजपा लगातार जनविश्वास अर्जित कर रही है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाने का संकल्प लेकर कार्य करें।

## कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर (वीओएल)। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया ने कब्रिस्तान और कर्बला की भूमि पर कथित अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। बोर्ड के जिलाध्यक्ष सरताज खान ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सदर एसडीएम गरिमा सौनकिया को सौंपा।

ज्ञापन में जयसिंहपुर ग्राम सभा स्थित गाटा संख्या 97 व 98 की कब्रिस्तान भूमि की राजस्व विभाग से पैमाइश, सीमांकन कराकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई है। साथ ही गंगेव ग्राम सभा स्थित कर्बला की भूमि का भी सीमांकन कराकर चारदीवारी निर्माण और दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की गई। सरताज खान ने आरोप लगाया कि कब्रिस्तान की भूमि पर अन्य गांव के लोगों को कथित रूप से पट्टा आवंटित कर कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि संबंधित भूमि पर 40 से 50 पुरानी कब्रें मौजूद हैं, बावजूद इसके बुलडोजर चलाने और ग्रामीणों को एक सप्ताह के भीतर भूमि खाली करने की चेतावनी दी गई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कब्रिस्तान और कर्बला की भूमि को सुरक्षित रखने तथा अवैध अतिक्रमण रोकने के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण का आरोप

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के मुबारकगंज गांव स्थित विवादित भूमि पर सिविल न्यायालय के स्थाई स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कराए जाने का मामला एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर पहुंच गया है। पीड़ित वेद प्रकाश मिश्र ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के आदेश के उल्लंघन में किए गए निर्माण को हटवाने तथा यथा स्थिति बहाल कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार वाद संख्या 68/91- रमाकांत आदि बनाम गंगा प्रसाद आदि सिविल जज (थर्ड), अयोध्या के न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का स्थाई स्थगन आदेश प्रभावी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षी पक्ष ने पहले निर्माण का प्रयास किया। जिसे सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने रुकवा दिया था। पीड़ित का कहना है कि 25 जून 2026 को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद चैकी सत्तीचैरा में दोनों पक्षों की सुनवाई हुई। जहां पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन कराते हुए किसी भी प्रकार का निर्माण न करने की हिदायत दी थी। इसके बावजूद 11 जुलाई की रात विवादित भूमि पर टीनशेड रखकर यथा स्थिति बदल दी गई। पीड़ित पक्ष वेद प्रकाश मिश्र का आरोप है कि घटना के बाद जब उन्होंने चैकी प्रभारी एवं थाना प्रभारी रौनाही से न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए निर्माण हटवाने का अनुरोध किया तो उन्हें न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी गई। एसडीएम सोहावल गजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। पुलिस को जांच एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। स्थगन के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करवाया जायेगा।

# अयोध्या में राजघाट के निकट बढ़ेगा सांस्कृतिक वैभव

### 22.72 करोड़ की लागत से आकार ले रहा आधुनिक एम्फीथिएटर

अयोध्या। सरयू नदी के पावन तट पर स्थित राजघाट के निकट एक भव्य सांस्कृतिक परिसर का निर्माण तेजी से पूरा हो रहा है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास योजना के तहत 22.72 करोड़ की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में आधुनिक एम्फीथिएटर और फूड प्लाजा का विकास किया जा रहा है। यह परियोजना अयोध्या के पर्यटन मानचित्र पर एक नया आकर्षण जोड़ने जा रही है। रामकथा पर आधारित म्यूरल आर्ट पर्यटकों को खूब भाएगी।



यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई-11 द्वारा संचालित इस परियोजना में अब तक ध्19.25 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है, जिसमें से 12.60 करोड़ व्यय हो चुका है। परियोजना जून 2025 में शुरू हुई थी और सितंबर 2026 में पूरी होने वाली है। वर्तमान में भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत पहुंच चुकी है। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड परियोजना प्रबंधन मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान स्थिति के अनुसार पुरुष एवं महिला शौचालयों का स्ट्रक्चर, रैंप, गेबियन वॉल, रिटेनिंग वॉल तथा म्यूरल वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है। फिनिशिंग कार्य प्रगति पर है। आठ अंडाकार फूड प्लाजा का फिनिशिंग कार्य भी तेजी से चल रहा है। परियोजना के प्रमुख कार्यों में एम्फीथिएटर का निर्माण, दिशासूचक की स्थापना, स्टेज निर्माण, दो छत्रियों का निर्माण, स्टोन जाली एवं स्टोन स्तंभों की स्थापना, पुरुष एवं महिला शौचालय, रैंप, गेबियन व रिटेनिंग वॉल, म्यूरल वॉल, फूड प्लाजा तथा विद्युतीकरण शामिल हैं। इन कार्यों से राजघाट क्षेत्र की सौंदर्यता बढ़ेगी और विरासत व आधुनिकता का सुंदर संगम दिखाई देगा। यह परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास विजन का हिस्सा है, जिसमें सरयू किनारे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एम्फीथिएटर धार्मिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रामलीला, भजन-संध्या और अन्य कार्यक्रमों के लिए एक आधुनिक मंच प्रदान करेगा। फूड प्लाजा में श्रद्धालु और पर्यटक स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। म्यूरल वॉल पर रामायण और अयोध्या की पौराणिक कथाओं को चित्रित किया जाएगा, जो दर्शकों को आध्यात्मिक अनअयोध्या। सरयू नदी के पावन तट पर स्थित राजघाट के निकट एक भव्य सांस्कृतिक परिसर का निर्माण तेजी से पूरा हो रहा है।

## मोबाइल ऐप से मिलेगा निर्माण श्रमिकों को रोजगार, 1.76 लाख श्रमिकों को होगा लाभ

सुलतानपुर (वीओएल)। निर्माण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने और नियोक्ताओं को कुशल श्रमिक आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम विभाग उत्तर प्रदेश ने नया मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस डिजिटल पहल से अब श्रमिकों को काम की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। सहायक श्रम आयुक्त मधुबन राम ने बताया कि यह ऐप निर्माण श्रमिकों और नियोक्ताओं को एक ही मंच पर जोड़ने का कार्य करेगा। इसके माध्यम से श्रमिकों को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर मिलेंगे, जबकि भवन निमार्ता, संविदाकार और निर्माण एजेंसियां अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षित श्रमिकों का चयन कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि जिले के 1,76,467 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के साथ-साथ भवन निमार्ताओं और निर्माण एजेंसियों से भी इस ऐप पर पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

संक्षेप

## सलेमपुर तहसील में कल्याणकारी शिविर कल लगेगा

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की सभी तहसीलों में ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे है इसी क्रम में 24 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे से तहसील परिसर सलेमपुर में कल्याणकारी शिविर आयोजित किया जाएगा।शिविर में समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, महिला कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे शिविर में दिव्यांग सहायक उपकरण, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन दिया जायेगा।

# डीएम ने पांच विद्यालयों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बेसिक शिक्षा विभाग में पठन-पाठन की गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के लिए विकासखंड बनकटा के विभिन्न विद्यालयों एवं एक आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण

● खंड शिक्षा अधिकारी, बनकटा को कारण बताओं नोटिस

के दौरान मिली खामियों एवं शिथिल पर्यवेक्षण पाए जाने पर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी बनकटा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए जो भी जिम्मेदार होंगे, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों का नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण करने, कमियों को तत्काल दूर कराने तथा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र सोहनपुर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) सोहनपुर, प्राथमिक विद्यालय इंगुरी बाजार, उच्च विद्यालय रामपुर बुजुर्ग तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप छापर का निरीक्षण कियानिरीक्षण में अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित शिक्षकों एवं अधिकारियों को छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र का नियमित रूप से विद्यालय आना सुनिश्चित किया जाएजिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में डिजिटल उपस्थिति प्रणाली का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। केजीबीवी सोहनपुर में पंजीकृत 110 छात्राओं के सापेक्ष केवल 70 छात्राएं उपस्थित मिलने पर उन्होंने छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से पाठ्यपुस्तक पढ़वाई तथा उनसे संवाद कर उनकी शैक्षणिक दक्षता का आकलन किया।



उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को पठन-पाठन को सुचारु, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण बेहतर बनाने, शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पीएम श्री एवं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग, बेहतर शिक्षण व्यवस्था तथा छात्र उपस्थिति में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। भविष्य के निरीक्षण में कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## विकास भवन में 25 जुलाई को होगा एनपीएस जागरूकता सेमिनार

**देवरिया।** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के प्रति सरकारी कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 25 जुलाई को पूर्वाह्न 11बजे विकास भवन के गांधी सभागार में एनपीएस जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।एचडीएफसी पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में कर्मचारियों को एनपीएस की कार्यप्रणाली, अंशदान, पेंशन फंड के प्रदर्शन का मूल्यांकन, फंड मैनेजर बदलने की प्रक्रिया, कर लाभ, आंशिक निकासी, सेवानिवृत्ति के समय उपलब्ध विकल्प तथा शिकायत निवारण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।सेमिनार लगभग 30 से 45 मिनट का होगा, जिसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित कर कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया जाएगा। विशेषज्ञ एनपीएस से जुड़े विभिन्न प्रावधानों और सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी देंगे।इस आयोजन का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की बेहतर समझ विकसित कराना तथा उन्हें अपने भविष्य की वित्तीय योजना के संबंध में जागरूक बनाना है।

## सैनिक बन्धु बैठक 27 को

**कुशीनगर।** जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों (विधवाओं) तथा उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि 27 जुलाई को अपराह्न 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु बैठक आयोजित की जाएगी।जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि बैठक में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं एवं प्रकरणों पर विचार किया जाएगा।

जिन पूर्व सैनिकों अथवा आश्रितों को पारिवारिक समस्या, भूमि विवाद अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या हो, वे अपना आवेदन पत्र दिनांक 25 जुलाई, 2026 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करा दें, ताकि उनकी समस्याओं को बैठक में प्रस्तुत कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने संबंधित पात्र व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर बैठक का अधिकतम लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, कुशीनगर से संपर्क किया जा सकता है।

## स्मार्ट मीटर और खाद को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर। आज जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को हो रही खाद की किल्लत व स्मार्ट मीटरों में आ रहे बेतहाशा बिलों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से सूबे के राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा।प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि इस समय खरीफ की फसल की बुआई व रोपाई का कार्य चल रहा है जिसमें यूरिया व डी ए पी खाद की आवश्यकता होती है परन्तु पूरे दिन लाइन में लगे रहने के बावजूद किसान को खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसान के बहुमूल्य समय व धन की बबार्दी हो रही है अतः अविलंब पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाय।

इसी के साथ ज्ञापन में यह भी बताया गया कि प्रदेश में लगाए गए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग से ज्यादा विद्युत बिल आ रहे हैं जिससे इस कमर तोड़ मंहगाई में जनता को ये अतिरिक्त भार सहना पड़ रहा है अतः इन्हें हटाकर पहले की भांति पोस्टेड डिजिटल मीटर लगवाए जाएं जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

ज्ञापन में मुख्यरूप से वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, सुधाकर अवस्थी एडवोकेट, मणि प्रकाश दुबे,संतोष कुमारी शुक्ला, शोभा दुबे, पूनम द्विवेदी, पप्पी राजपूत, आशीष गौड़,ई.देवी प्रकाश दुबे, राजीव लोचन निषाद,आदित्यश्रीवास्तव,ओम प्रकाश कोरी, राजीव श्रीवास्तव,राम नरेश महराज, नवनीत तिवारी,कल्लू कोरी, बसीर अहमद, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, निजामुद्दीन, अब्दुल हफीज, डॉ अब्दुल हमीद, इंद्रजीत लोधी, अब्दुल रज्जाक, रमजान अहमद धर्मेंद्र सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## उर्वरकों की कालाबाजारी पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के कृषकों को निर्धारित मूल्य पर उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध परिवहन एवं अनधिकृत भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह के निर्देशन में की गई कार्रवाई में दो अलग-अलग मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई गई है।20 जुलाई को की गई कार्रवाई के दौरान मथौली बाजार से रामकोला की ओर अवैध रूप से ले जाई जा रही 20 बोरी यूरिया उर्वरक पकड़ी गई।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त उर्वरक साधन सहकारी समिति, मथौली बाजार से अवैध रूप से भेजा जा रहा था। इसके उपरांत समिति का निरीक्षण किए जाने पर पी.ओ.एस. मशीन में दर्ज स्टॉक के सापेक्ष 428 बोरी यूरिया तथा 192 बोरी डी.ए.पी. उर्वरक मौके पर उपलब्ध नहीं पाए गए।

प्रथम दृष्टया यह उर्वरक वितरण में गंभीर अनियमितता एवं हेराफेरी का मामला पाए जाने पर साधन सहकारी समिति, मथौली बाजार के सचिव रामसागर सिंह के विरुद्ध संबंधित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

इसी क्रम में प्राप्त एक अन्य शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 21 जुलाई 2026 को कृष्ण कुमार पुत्र स्वामीनाथ कुशवाहा, निवासी ग्राम मठिया विशम्भर, माधोपुर, पोस्ट सेखवनिया के परिसर में छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की 47 बोरी उर्वरक का भण्डारण पाया गया।

# भाजपा के सभी विधानसभाओं में आयोजित हुआ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

जिला संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिले की सभी विधानसभाओं में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया। इस अभियान के तहत देवरिया, रामपुर कारखाना, रुद्रपुर, पथरदेवा, बरहज, सलेमपुर और भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित हुआ।सम्मेलनों में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी चुनावों की तैयारियों तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।सम्मेलनों में मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ संगठन है। बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन की नीतियों तथा सरकार




की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व निभाना है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ को और अधिक सशक्त बनाने, नए मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने तथा सामाजिक समरसता के साथ संगठन विस्तार करने का आह्वान किया।देवरिया विधानसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लालगंज ऋषिकांत राय रहे तथा कार्यक्रम के संयोजक विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी रहे।रामपुर कारखाना विधानसभा में मुख्य अतिथि कुशीनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्रा तथा संयोजक विधायक सुरेंद्र चौरसिया रहे।रुद्रपुर विधानसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि गोरखपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह रहे, जबकि संयोजक विधायक जयप्रकाश निषाद एवं डा. रतनपाल सिंह रहे।पथरदेवा विधानसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि तथा संयोजक प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही रहे।बरहज विधानसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही तथा संयोजक विधायक दीपक मिश्रा 'शाका' रहे।

सलेमपुर विधानसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र यादव तथा संयोजक राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम रहीं।भाटपार रानी विधानसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू तथा संयोजक विधायक सभाकुंवर कुशवाहा रहे।

सम्मेलनों के दौरान बूथ अध्यक्षों को संगठनात्मक दायित्वों, सदस्यता विस्तार, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क, लाभार्थी संपर्क अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त होगा और जनता के बीच भाजपा की पहुंच और अधिक प्रभावी बनेगी।

इस अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, सह संयोजक जिला महामंत्री प्रमोद शाही एवं जिला मंत्री अरविंद पांडे 'बबुना' रहे। सभी विधानसभा सम्मेलनों का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# जनता दर्शन में 96 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मिला आयुष्मान कार्ड

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए यथासंभव मौके पर ही समाधान कराने एवं पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने की पहल की।इसी क्रम में विकासखंड तरकुलवा के ग्राम सिमरी निवासी बुचना पांडेय (लगभग 96 वर्ष) ने अपनी असहाय स्थिति बताते हुए जिलाधिकारी से आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया।

जिलाधिकारी ने उनकी स्थिति को देखते हुए तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि बुजुर्ग महिला का आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाया जाए। निर्देश के क्रम में आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुचना पांडेय का आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाकर उपलब्ध कराया जिलाधिकारी ने स्वयं बुजुर्ग महिला को आयुष्मान कार्ड प्रदान करते हुए कहा कि इस कार्ड के माध्यम से उनका उपचार सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क कराया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र व्यक्तियों को बिना विलंब



योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए जनता दर्शन के दौरान ही विकासखंड भलुअनी के ग्राम सुराहा निवासी महेंद्र प्रसाद अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने उनकी स्थिति को देखते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी को तत्काल श्रमिक कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की टीम ने मौके पर ही महेंद्र प्रसाद का श्रमिक कार्ड बनाकर उन्हें उपलब्ध कराया। श्रमिक कार्ड जारी होने से वे उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी की इस पहल से पात्र लाभार्थियों को तत्काल योजनाओं का लाभ मिला। लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के प्रति आभार प्रकट किया।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

## बाइको की टक्कर से दो घायल, एक मेडिकल कॉलेज रेफर

भटनी (देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र के भटनी-भिंगारी बाजार मार्ग पर ग्राम पिपरा बिठ्ठल के सामने तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज, देवरिया रेफर कर दिया, जबकि दूसरे घायल को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार, ग्राम एकला आम चौराहा निवासी 30वर्षीय निरंजन चौहान पुत्र लक्ष्मी चौहान अपने एक साथी के साथ बाइक से भटनी की ओर आ रहे थे। जैसे ही ग्राम पिपराविठ्ठल के सामने आये।, तभी भटनी की ओर से तेज गति से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से भिंगारी की ओर फरार हो गया।हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी -खीरी

पत्रांक 1470/लेखा./ वि.म.क्षे.वि.नि./निविदा सूचना/2025-2026 दिनांक- 22.07.2026

ई-टेण्डर / निविदा आमंत्रण

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो पर विकास खण्ड-मोहम्मदी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लू.डी. की दरो पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारी/ फर्मों से विकास खण्ड मोहम्मदी के अन्तर्गत ठेकेदारों से 10 लाख रू. से अधिक के कार्यो पर ई-निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 08.08. 2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है, तथा 10 लाख रू. से कम के कार्यों पर निविदा प्रपत्र विकास खण्ड से कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 23.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 06.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी जो दिनांक 06.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक विकास खण्ड के सील्ड टेण्डर बाक्स मे डाली जा सकती है। समस्त निविदाओं को दिनांक 07.09.2028 को अपरान्ड 02.00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की आगणन धनराशि | जमानत (5%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भूडा पिपरी के मजरा पिपरी में पंकज शुक्ला के मकान से रामसहारे शुक्ला के मकान तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य 120 मी0 (इण्टरलॉकिंग 120 मी० x 3.00 मी0 औसत = कुल क्षेत्र 360 वर्ग मी. व नाली एक तरफ 120 मी.) | 8,73,300.00 | 43,665.00 | 1,120.00 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत उमरपुर के मजरा महोलिया में रामकुमार डा. के मकान से सियाराम के मकान तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य 140 मी0 (इण्टरलॉकिंग 140 मी0 x 3.30 मी0 औसत = कुल क्षेत्र 462 वर्ग मी. व नाली दोनों तरफ 140 मी.) | 10,48,800.00 | 52,440.00 | 1,120.00 | 3 माह |

**नियम व शर्ते-**

01. निविदाफार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश कय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में दिनांक 23.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 06.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय दिवस मे 1120.00 रू. नकद धनराशि श्री सुशील कुमार कैशियर/भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
02. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य का 5 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 06.08.2026 तक दोपहर 12:00 तक खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में सील बन्द टेण्डर बाक्स में डाले जायेगे/डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
03. कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि तीन माह निर्धारित की जाती है।
04. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 07.08.2026 को समय 2:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगें।
05. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर, 2 प्रतिशत जी.एस.टी. 1 प्रतिशत लेबर सेस 5 प्रतिशत जमानत तथा रायल्टी की कटौती करने बाद 18 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।
06. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा।
07. किसी भी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
08. किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
09. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंको के साथ-साथ शब्दों में भी उल्लिखित की जायें।
10. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में फर्म रजिस्ट्रेशन, आयकर, जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार/फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हो साथ में संलग्न किया जाये।

(अश्वनी कुमार सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
मोहम्मदी खीरी


## खुरपका-मुँहपका रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ



**कुशीनगर।** जनपद में पशुधन को खुरपका-मुँहपका (एफएमडी) रोग से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पशुपालन विभाग के खुरपका-मुँहपका रोग नियंत्रण अभियान (8वें चरण) के प्रचार एवं टीकाकरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।अभियान के अंतर्गत जनपद के 1,73,600 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का पशुपालकों के घर-घर जाकर 24 टीकाकरण टीमों के माध्यम से निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान 22 जुलाई 2026 से 04 सितम्बर 2026 तक कुल 45 दिनों तक संचालित होगा। जिलाधिकारी ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव हेतु समय से टीकाकरण अवश्य कराएं तथा अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से पशुधन को गंभीर संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। टीकाकरण अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सदर पशु चिकित्सालय, पडरौना में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसी भी जानकारी अथवा शिकायत के लिए दूरभाष संख्या 9140236432 पर संपर्क किया जा सकता है।अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनपद में संचालित तीन मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट भी टीकाकरण कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करेंगी।

## सपा ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**बांदा।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर मुख्यालय सहित नरैनी, अतर्रा, बबेरू में सपा पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को सौंपा। मांग की है कि नीट परीक्षार्थियों के साथ न्याय किया जाए। परीक्षा की धांधली पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाया जाए। समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रभारी उमेश यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी व सदस्यों ने शहर के बाबूलाल चैराहा में एकत्रित होकर बाजार होते हुए महेश्वरी देवी मंदिर और अशोक लाट में जोरदार प्रदर्शन किया। मांग रखी की जब तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। विगत दिनों जंतर-मंतर नई दिल्ली में युवाओं छात्राओं ने नीट परीक्षा में पेपर लीक के संबंध में आंदोलन चलाया जहां समर्थन देने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश को हिरासत में लिया गया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा जा रहा है और इस्तीफा मांगने पर युवाओ, छात्राओं, बच्चियों पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज किया। लड़कियों के कपड़े फाड़े जैसी घटनाएं घटी। इसके विरोध में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी सांसदों के साथ में उन बेरोजगार युवा नौजवान छात्रों के लिए शांतिप्रिय तरीके से उनके आंदोलन में सहयोग किया। इस पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी विदित, निलेश श्रीवास, राजन चंदेल, आमिर खान मनी, विजयकरण, रामलाल प्रजापति, वीरेंद्र गुप्ता, वृंदावन वैश्य, इमरान अली राजू, राजकुमार गुप्ता राजू, किरण यादव, रजनी यादव, बबलू श्रीवास, इरफान खान, कुतैबा जमा, मनी कश्यप, अशोक सिंह गौर, अशोक श्रीवास आदि उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा है।

# देश के समक्ष मुद्दे

वर्तमान में देश के समक्ष अनेक ज्वलंत मुद्दे हैं। इन मुद्दों पर संसद में सार्थक चर्चा के जरिए ही कोई प्रभावी समाधान तलाशा जा सकता है। लेकिन संसद के मानसून सत्र की शुरुआत में ही कोई गंभीरता नहीं दिखी। विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार किया, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस से बगावत करने वाले सांसदों को एनसीपीआई के प्रतिनिधि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। बैठक में सुदीप बंदोपाध्याय और काकोली घोष मौजूद थे। विपक्ष के सांसदों ने बहिर्गमन किया, मीडिया को अपने-अपने बयान दिए और करीब 15 मिनट के बाद बैठक में वापस भी चले गये। यह क्या हुआ? बहिष्कार करना था, तो पूरी सर्वदलीय बैठक को खारिज करना चाहिए था। यह बैठक भी महज औपचारिक होती है, क्योंकि सदन में कार्यवाही बिल्कुल उलट होती है। बहरहाल इस सत्र के दौरान कमोबेश लोकसभा में सांसदों की सीट का परिदृश्य पहले से बिल्कुल अलग दिखाई दिया। स्पीकर ओम बिरला ने 48 सांसदों की सीटें बदली हैं, जिनमें 22 सांसद द्रमुक के हैं। चूंकि तमिलनाडु में द्रमुक-कांग्रेस का संबंध विच्छेद हो चुका है, लिहाजा द्रमुक ने उनकी सीटें बदलने का आग्रह किया था। इन 48 सांसदों की सीटें सत्ता-पक्ष की तरफ हैं। क्या मान लिया जाए कि अब ये 48 सांसद सत्तारूढ़ एनडीए के प्रत्यक्ष या परोक्ष हिस्सा हो गए हैं? संसद के मानसून सत्र का आगाज हो चुका है, लिहाजा यह सच भी सामने आ ही जाएगा। यकीनन सत्र हंगामेदार होगा, क्योंकि मुद्दों को लेकर कई विरोधाभास हैं। बेशक राम मंदिर में चढ़ावा-चोरी, पेपरलीक, परिसीमन, महंगाई, बेरोजगारी, किसानी, ई-20 एथेनॉल विवाद, विदेश नीति, वोट चोरी और वांगचुक



अनशन आदि बेहद संवेदन शील और राष्ट्रीय फलक के मुद्दे हैं, लेकिन दलबदल का सियासी चलन सीधा लोकतंत्र, चुनाव प्रणाली और जनादेश के लिए गंभीर चुनौती है। क्या संसद के भीतर ऐसे मुद्दे पर चर्चा होगी और कोई निश्चित नीति तय की जाएगी? हमारा अनुभव कहता है कि ऐसा कदापि नहीं होगा। हमने लोकतंत्र के अभी तक के इतिहास में न तो पढ़ा है और न ही संसदीय कवरेज के दौरान देखा है कि जिस पार्टी का अस्तित्व ही गुमनाम हो, अचानक उसके पाले में 20 लोकसभा सांसद आ जाएं! यह चमत्कार ही हो सकता है! बिना चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़े, बिन उम्मीदवारी के और प्रत्यक्ष जनादेश हासिल किए बिना ही 20 सांसद! बेशक यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है और दलबदल के जरिए राजनीतिक अस्थिरता का डरावना उदाहरण है। इसके मायने साफ हैं कि जनादेश कुछ भी हो, यदि आप सत्ता में हैं, तो किसी भी जनादेश को तोड़-फोड़ कर सदन में अपना आंकड़ा व्यापक कर सकते हैं। स्पीकर ने तृणमूल से टूटे 20 सांसदों के एनसीपीआई में विलय को मान्यता दी है और सत्ता-पक्ष के साथ उनकी नई सीटें तय की हैं। इस नए संसदीय दल के नेता, मुख्य सचेतक भी मनोनीत किए गए हैं। क्या हम इन्हें एनसीपीआई के सांसद मानें? लोकतंत्र तो ऐसी गवाही नहीं देता, बेशक स्पीकर ने मान्यता दे दी है। स्पीकर के सामने इन बागी सांसदों को अयोग्य करार देने की याचिका अब भी विचाराधीन है। बहरहाल चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में ये सवालिया सांसद तृणमूल कांग्रेस के विजयी सांसद हैं, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने अधिकृत पत्र देकर प्रत्याशी बनाया था। चुनाव में उन्हें जनादेश मिला, तो जून 2024 से अभी जुलाई, 2026 तक वे तृणमूल सांसद के ही थे। कितनी भी बगावत कर लें अथवा दलबदल कर लें, लेकिन जनादेश तृणमूल प्रतिनिधि को ही दिया गया था। बेशक जनता हिसाब कर लेगी! सवाल यह है कि ऐसे लोकतांत्रिक यथार्थ को कैसे बदला जा सकता है? सर्वोच्च अदालत के पांच न्यायाधीशों, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ समेत, ने भी दलबदल पर जो फैसला दिया था, उसका उल्लंघन तो असंवैधानिक है। ऐसे में तृणमूल सांसदों ने जिस तरह दलशोसन का चमत्कार किया है, वह पूरा मामला लंबे समय तक कानूनी लड़ाई के केन्द्र में होगा।

### विचार

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
– हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
–शेक्सपियर.

# सियासत और सरकार युवा आक्रोश को समझे



लोकमित्र

> लोकतंत्र में असहमति को शत्रु नहीं, सुधार का अवसर माना जाना चाहिए। क्योंकि किसी भी देश का भविष्य संसद की दीवारों से कम और उसके युवाओं की आंखों में ज्यादा लिखा होता है। उन आंखों में यदि उम्मीद बची रही, तो भारत का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन यदि वहां केवल आंसू और आक्रोश रह गए, तो इतिहास हम सब से कठिन प्रश्न पूछेगा।




इतिहास गवाह है कि किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी सेना, उसकी अर्थव्यवस्था या उसके ऊंचे-ऊंचे भवन नहीं होते। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसके सपने देखने वाले युवा होते हैं। जब वही युवा सड़कों पर उतर आएं, जब उनकी आंखों में उम्मीद से ज्यादा आक्रोश दिखाई देने लगे और जब उनके हाथों में किताबों की जगह तख्तियां आ जाएं, तब समझ लेना चाहिए कि समस्या केवल किसी एक परीक्षा, किसी एक विश्व विद्यालय या किसी एक मंत्रालय की नहीं रह गई है। वह पूरे समाज की चिंता बन चुकी है। गुजरी 20 जुलाई 2026 को दिल्ली के जंतर मंतर पर जो दृश्य दिखाई दिए, वे विरोध की एक घटनाभर नहीं थे, वे देश के करोड़ों युवाओं की मनःस्थिति का आईना थे। हजारों छात्र शिक्षा व्यवस्था में सुधार और जवाबदेही की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने पहुंचे। बाद में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ, जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस घटना को लेकर अलग-अलग पक्षों ने अलग-अलग दावे किए, लेकिन एक बात निर्विवाद है देश का युवा गहरे असंतोष में है। आखिर यह गुस्सा आया कहां से?

यह गुस्सा एक दिन में पैदा नहीं हुआ। यह उन वर्षों की निराशा है, जब लाखों युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हुए अपनी जवानी दांव पर लगा दी। यह उन परिवारों की चिंता है जिन्होंने अपनी बचत बच्चों की पढ़ाई पर खर्च कर दी। यह उन युवाओं की पीड़ा है जिन्हें हर परीक्षा के बाद यह डर सताता है कि कहीं फिर कोई विवाद, कोई गड़बड़ी या कोई अनिश्चितता उनके सपनों को अधूरा न छोड़ दे। देश का युवा केवल नौकरी नहीं मांग रहा। वह निष्पक्ष अवसर मांग रहा है। वह ऐसी व्यवस्था चाहता है, जहां उसकी मेहनत का मूल्य हो, जहां उसका भविष्य किसी लापरवाही या अव्यवस्था का शिकार न बने। सबसे बड़ी चिंता यह नहीं कि युवा विरोध कर रहे हैं। लोकतंत्र में विरोध स्वाभाविक है। चिंता तब होती है जब विरोध को सुनने के बजाय उसे केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मान लिया जाता है। सरकारों को याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत का नाम नहीं है। लोकतंत्र संवाद का भी नाम है। जो सरकार अपने युवाओं से संवाद खो देती है, वह धीरे-धीरे भविष्य से भी संवाद खोने लगती है। पुलिस की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस कानून लागू करती है, लेकिन लोकतंत्र में उसका दायित्व केवल भीड़ नियंत्रित करना नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी है।

### चिंतन

युवाओं के प्रदर्शन को दबाने या कुचलने के लिए पुलिस ने जिस तरह का निर्दय बल प्रयोग किया वह उसकी कोई तात्कालिक ज्यादती नहीं है, पुलिस की यह स्थाई संवेदनहीनता है। जिसके लिए कोई एक या मौजूदा सरकारभर जिम्मेदार नहीं है, इसके लिए आजादी के बाद निर्मित हुआ देश का सियासी चरित्र जिम्मेदार है। इसलिए राजधानी दिल्ली में पुलिस ने छात्रों-नौजवानों पर जिस तरह का बर्बर बल प्रयोग किया है उसकी निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए। साथ ही यदि कहीं प्रदर्शन के दौरान असमाजिक तत्वों ने हिंसा की है और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाई है, तो उसकी भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। लोकतंत्र में कानून सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम ने मीडिया के सामने भी एक आईना रखा है। किसी भी आंदोलन को केवल राजनीतिक खेमों के चश्मे से देखने के बजाय उसके सामाजिक और शैक्षिक कारणों की गंभीर पड़ताल आवश्यक है। छात्रों की आवाज को केवल ‘ब्रेकिंग न्यूज’ बनाकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं है। मीडिया का दायित्व सत्ता से प्रश्न पूछना भी है और समाज को तथ्यपरक जानकारी देना भी। जहां तक बात देश के मध्यम वर्ग कि है तो जो मध्यम वर्ग अक्सर चुप रहता है। अपने बच्चों से कहता है- ‘मेहनत करो, सब ठीक हो जाएगा।’ लेकिन यदि मेहनत के बाद भी व्यवस्था पर भरोसा कमजोर पड़ने लगे, तो सबसे बड़ा संकट केवल युवाओं का नहीं, उस भरोसे का होता है जिस पर पूरा समाज टिका है।

आज जंतर मंतर पर खड़ा छात्र किसी और का नहीं, हमारे-आपके घर का बच्चा है। उसकी चिंता को राजनीतिक चश्मे से नहीं, मानवीय दृष्टि से देखने की जरूरत है। केवल सत्तापक्ष ही नहीं सभी राजनीतिक दलों के लिए भी यह घटना एक संदेश है कि युवाओं का इस्तेमाल केवल चुनावी भाषणों और रैलियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। यदि युवा केवल वोट बैंक बनकर रह जाएंगे, तो लोकतंत्र की आत्मा मर जायेगी। देश का भविष्य नारों से नहीं, नीतियों से बनता है; भाषणों से नहीं, भरोसे से बनता है। शिक्षा मंत्री हों या पूरा शिक्षा तंत्र- उनसे प्रश्न पूछना लोकतंत्र विरोधी नहीं है। प्रश्न पूछना नागरिक का अधिकार है। साथ ही यह भी जरुरी है कि इन प्रश्नों के उत्तर तथ्यों, संवाद और संस्थागत प्रक्रिया के माध्यम से दिए जाएं। जवाबदेही किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए होनी चाहिए। भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। लेकिन यदि यही पीढ़ी व्यवस्था से निराश होकर यह महसूस करने लगे कि उसकी आवाज सुनी नहीं जाती, तो यह केवल राजनीतिक चुनौती नहीं, राष्ट्रीय चुनौती बन जाएगी।

जंतर मंतर की घटना हमें डराने के लिए नहीं, जगाने के लिए आयी है। यह हमें याद दिलाती है कि युवा केवल आंकड़े नहीं होते, वे सपनों का दूसरा नाम होते हैं। उनके कंधों पर देश का आने वाला कल टिका होता है। यदि उन्हीं कंधों पर बार-बार निराशा का बोझ रखा जाएगा, तो राष्ट्र की गति ही धीमी नहीं पड़ेगी उसके सपनों कि अकाल मौत हो जायेगी। इसलिए समय अभी भी है। सरकार संवाद का रास्ता चुने, विपक्ष जिम्मेदार राजनीति करे, मीडिया मुद्दे की गहराई तक जाए, पुलिस संवेदनशीलता और संयम बनाए रखे और समाज अपने युवाओं के साथ खड़ा हो। लोकतंत्र में असहमति को शत्रु नहीं, सुधार का अवसर माना जाना चाहिए। क्योंकि किसी भी देश का भविष्य संसद की दीवारों से कम और उसके युवाओं की आंखों में ज्यादा लिखा होता है। उन आंखों में यदि उम्मीद बची रही, तो भारत का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन यदि वहां केवल आंसू और आक्रोश रह गए, तो इतिहास हम सब से कठिन प्रश्न पूछेगा।

### सोशल मीडिया



इंडी गठबंधन का व्यवहार बहुत ही गैर जिम्मेदाराना है, उनकी प्रजातांत्रिक विरोधी गति विधि साफ–साफ संसद में दिख रही है। वे संसद की मर्यादा तार–तार कर रहे हैं। जेपी नड्डा.



सरकार की तानाशाही देखिए, सोनम वांगचुक से मिलने तक की नहीं दे रही, हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि ‘वो पुलिस डिटेंशन में नहीं हैं’, तो फिर मिलने से क्यों रोका गया। संजय सिंह.



विद्या जीवन में ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता, विद्या अज्ञानता के अंधकार से हमको निकालकर सफलता व आत्मविश्वास की ओर ले जाती है। पीएम मोदी.

# प्रकृति का संतुलन

### अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# सब कुछ फिसलता जा रहा

### व्यंग्यलोक

हे प्रभु! ये कैसा कलियुग आ गया! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है? प्रभु! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को? अपने को या फिर बीवी को! किसान को या बिचौलिए को? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती। बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं? सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्थाई वास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो? इंपॉसिबल प्रभु! इंपॉसिबल! हे वत्स! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो! कह प्रभु अंतरध्यान। बंधुओ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं? न रहे जीभ, न सताए स्वाद!



अशोक गौतम

# जहां तरोताजगी की उमंगें मन में स्पूर्ति भर देती हैं



### पर्यटन

एक ऐसी जगह की कल्पना कीजिये जहां एक कदम आगे बढ़ाने पर आप कई सदी पीछे चले जाते हैं। एक ऐसी जगह जो बहुत अधिक पारम्परिक है, लेकिन तरोताजागी की उमंगें आपमें भर देती है। वह सूफी मत का केंद्र है और ऐसी जगह भी है, जहां भेड़ की पीठ पर जमी चर्बी उसके मांस जितनी ही महत्वपूर्ण है। यह बातें सिर्फ.बुखारा पर ही लागू नहीं होती हैं बल्कि पूरे उज्बेकिस्तान का यही हाल है। बुखारा एक ऐसी जगह है जहां टैक्सी चालक से लेकर व्यापारी तक आपकी मोलभाव करने की क्षमता की परीक्षा लेगा। अगर आप सौदेबाजी में असफल होकर दार्शनिक की मुद्रा में आ भी जाते हैं तो भी आपको खुश होना चाहिए क्योंकि भारतीय रुपए के मुकाबले में उज्बेक सोम बहुत सस्ता है। मैंने अपने एक दोस्त के साथ तीन-कोर्स लंच मात्र 800 रुपए में खाया और एयरपोर्ट से होटल तक का किराया सिर्फ. 200 रुपए लगा। मैं यह नहीं कह रहा कि बुखारा आप इसलिए जायें कि वह सस्ता है। यह तो ऐसा होगा जैसे कोई आगरा ताजमहल की बजाय लोहा मंडी की वजह से जाये।

बुखारा कठिन सिल्क रूट पर परीकथाओं वाला द्वीप है, जो इतिहास और हेरिटेज की खुली किताब है। पुराने संसार का यह सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक व धार्मिक केंद्र था। वह ज्ञान का लाइटहाउस था। हिन्दुओं के लिए जो बनारस है, वही इस्लामी संसार के लिए बुखारा था। कुछ शताब्दियों के अंतर के कारण मैं बुखारा का आध्यात्मिक वैभव देखने से वंचित रह गया। लेकिन अपनी यात्रा की एक दोपहर जब मैंने नादिर दीवान-बेगी मदरसा काम्प्लेक्स के भीड़भरे आंगन में डांस परफॉर्मेंस व फैशन शो देखा तो मुझे एहसास हो गया कि बुखारा एक अलग ही अनुभव होने जा रहा है। अगले आश्चर्य के लिए मुझे अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। एक सजे हुए पूर्व मदरसा के सामने गधे पर सवार एक व्यक्ति की मूर्ति है, जिसे लोगों ने घेरा हुआ है। डूबते सूरज की नारंगी रोशनी मोटे पेड़ों व पुराने घरों से झांक रही है और व्यक्ति की मुस्कान को अधिक चमका रही है। यह बुखारा का प्रिय मुल्ला नसीरुद्दीन है, जिसकी मनोरंजक कथाएं केंद्रीय एशिया से पृथ्वी के हर भाग में यात्रा कर चुकी हैं। अगर मुल्ला की कब्र को देखना है, तो तुर्की के अकेशीर में जाना होगा। नसीरुद्दीन की गधे पर सवार मूर्ति बुखारा के केंद्र में है जैसे ऐतिहासिक इमारतों, बाजारों, रेस्टोरेंट्स और वेंडर्स पर नजर रख रही हो। प्राचीन गलियों, नहरों व घरों को बहुत ध्यानपूर्वक बरकरार रखा गया है जैसे इतिहास की 3डी तस्वीर बना दी गई हो, जिसकी दिलचस्पी तेज, आधुनिक संसार में प्रवेश करने की है ही नहीं। मैं एक कोने में बैठ गया और इस विंटेज नजारे का आनंद लेने लगा।

जैसे रेगिस्तान के बीच में नखलिस्तान हो, लयाबी हौज एक छोटा सा तालाब है इस हमेशा जवान रहने वाले प्राचीन शहर में। (अगली बार जब आप दिल्ली के हौज खास में जायें तो याद रखें कि हमारे इतिहास में केंद्रीय एशिया से इसका संबंध है)। तालाब के पास पांच बुजुर्ग बोर्ड गेम खेलने में व्यस्त हैं, उन्हें पर्यटकों के आने जाने और व्यस्त कार्य दिवस पर व्यापारियों से कोई लेना देना नहीं है। इस पासे के खेल में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी, इसलिए मैं आगे बढ़ा और टोकि तेल्पक बाजार के निकट सबसे विश्वसनीय हमाम में चला गया। हमाम का नाम मुझे किसी ने बताया तो था, लेकिन फिलहाल मुझे याद नहीं आ रहा है। नाम वैसे भी उजबेक में लिखा था और लाल व हरी बत्तियां उस पर टिमटिमा रही थीं। मैंने अपने कपड़े एक लकड़ी के कैबिनेट में बंद किये, अपने नाजुक अंगों को कॉटन के बारीक से तौलिये से कवर किया और फिर कुछ गुम्बदों के नीचे से होता हुआ हॉट चैम्बर में पहुंच गया। यह सदियों पुराना कमरा है, जिसमें मोटी पत्थर की दीवारें हैं। यह दिल्ली की गर्मियों के जितना गर्म है, लेकिन यह मुझे अधिक गर्म क्यों लग रहा है? मैंने अपना सिर घुमाकर देखा तो अपनी बेवकूफी समझ में आयी। मैं ब्लोअर के सामने बैठा था, जो गर्म हवा फेंक रहा था। मैंने अपनी सीट बदली। एक स्लोवाक पर्यटक मेरे पास आ बैठा। कुछ करने को नहीं था तो हम अपने अपने देशों के बारे में बातें करने लगे। अपने मुल्क के जाड़ों को याद करते हुए उसे यह सबसे अच्छा पल लग रहा था। कुछ मिनट बाद एक युवा मालिश करने वाला, जिसने मेरे जैसा ही तौलिया बांधा हुआ था, मुझे मुख्य स्नानघर में ले गया। मैं फिसलन भरे स्टोन प्लेटफार्म पर लगभग सो गया। वह मेरे हाथ पैरों को इस तरह स्ट्रेच करने लगा जैसे मैं कोई जिमनास्ट हूं। **समीर चौधरी.**

## आप की बात

### बरसात में सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इन पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है कि सड़कों का नियोजन ठीक से हो और दूसरे यह कि सड़कों खोदने वालों पर फाइन लगाया जाये।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

### सरकार खुद भर्तियां करे

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है और लोगों का काम लटकता है। इसलिए सरकार को अपनी हैसियत के हिसाब से भर्तियां करनी चाहिए। प्राइमरी स्कूलों में कम से कम छह-सात शिक्षक और कर्मचारी होने चाहिए ताकि ठीक से पढ़ाई और अन्य प्रबंध हो सके। भले ही सरकारी वेतन कम दे। गांव में पढ़ाने वाला शिक्षक कम वेतन में काम चला सकता है। एक स्कूल में एक-दो शिक्षक रखने के बजाय सात-आठ कर्मचारी कम वेतन पर रखना चाहिए ताकि सरकार का बोझ भी न बढ़े और लोगों को रोजगार भी मिले और शिक्षा भी सुधरे।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## पंचायत मंच की समीक्षा बैठक में संगठन मजबूत करने पर जोर

फतेहपुर में जिला अध्यक्ष पंचायत मंच राकेश सिंह की अध्यक्षता एवं संचालन उदयभान सिंह ने किया बैठक में मुख्य अतिथि सहकारिता मंच के प्रदेश सचिव लाखन सिंह पटेल पदाधिकारियों कार्यकताओं को संबोधित किया और जो कमेटी अधूरी है जल्द ही पूरा करने को कहा और जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को भेजें और वहीं जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल सख्त निर्देश दिए कि अब हिला हवाली संगठन में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा उनके द्वारा कहा गया कि हर घर झण्डा व दरवाजे पे नेम प्लेट सभी पदाधिकारियों के घर पर लगा होना चाहिए और सभी पदाधिकारियों को बूथ का गठन करके पार्टी की विचारधारा जन जन तक पहुंचाना है, और वहीं पर जन सुनवाई डॉ एन आर शर्मा एवं कमर आलम द्वारा की गई आई हुई शिकायत को संबंधित विभागों अधिकारी से संपर्क कर सभी फरियादियों का निदान किया, बैठक में मुख्य पदाधिकारी उपस्थित रहे लाखन सिंह पटेल प्रदेश सचिव शैलेन्द्र पटेल जिला अध्यक्ष, राकेश सिंह पटेल जिला अध्यक्ष पंचायत मंच, बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, बीरेंद्र सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, पदम सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष , अनिल टिगर बृजेश पटेल पुरुषोत्तम लाल भोला निषाद डॉक्टर सर्वेश पटेल उदयभान सिंह आशीष पटेल सोनू पटेल अभय सिंह डॉक्टर एनआर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## करंट लगने से युवक की मौत

**बांदा**। गिरवां थाना क्षेत्र के बनसखा गांव में घर के अंदर बिजली का करंट लग जाने से एक युवक की मौत हो गई। 30 वर्षीय दिलीप कुमार पुत्र छोटेलाल दोपहर 3 बजे घर में किसी कार्य के दौरान बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह झुलसकर गिर पड़ा। परिजनो ने उन्हें रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज लाए। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की शादी दो वर्ष पहले हुई थी। पत्नी पूजा ने बताया कि छह माह की एक बेटी हैं।

## विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**बहराइच**। पयागपुर थाना क्षेत्र के मनकापुर गांव में बुधवार को 21 वर्षीय विवाहिता आरती का शव घर की छत की कुंडी से फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।मृतका की मां चेदना पत्नी मंसाराम, निवासी जिगनिया महिपाल सिंह, थाना रानीपुर ने पयागपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि आरती का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व मनकापुर निवासी हरिओम पुत्र छद्मन के साथ हुआ था।विवाह में सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया गया था, लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आरती का उत्पीड़न करता था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी पयागपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था और कई बार समझौते के प्रयास हुए थे।परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह मनकापुर के ग्राम प्रधान ने फोन कर आरती की मौत की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने आरती का शव छत की कुंडी से रस्सी के सहारे लटका देखा। मायके पक्ष का आरोप है कि आरती की हत्या कर साक्ष्य छिपाने और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया गया।

# मां की हत्या के बाद झूठी कहानी बताने वाला पुत्र गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**बिजनौर**। पशुओं के लिए चारा लेने गई बीरो देवी (65 वर्ष) की गला दबाकर हत्या की गई थी, जबकि मृतका के पुत्र ने झूठी कहानी बनाकर बताया था कि गुलदार ने हमला कर उसकी मां को मार डाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव अजुपुरा जट निवासी बीरो देवी अपने बेटे बहाल सिंह उर्फ मनिया के साथ पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गई थी। बाद में गन्ने के खेत में मृत पड़ी मिली थी। बेटे ने गुलदार के हमले में मौत होने की बात कही थी। यही नहीं उसने गुलदार से संघर्ष कर मां को छुड़ाने की भी कहानी सुनाई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई और वन विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा हुआ। मुआवजा देने के लिखित आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका था। मंगलवार को वन विभाग की ओर से अजुपुरा के जंगल में ड्रोन उड़ाकर गुलदार की तलाश की जाती रही। साथ ही दो पिंजरे भी लगाए गए ताकि गुलदार को पकड़ा जा सके। सीओ देश दीपक सिंह ने घटना के संबन्ध में बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। पोस्टमार्टम के दौरान मालूम पड़ा कि उसके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है। ऐसे में हार्ट अटैक से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा था। गुलदार के हमले की बात तभी संदिग्ध लगने लगी थी। मंगलवार शाम बीरो देवी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। साथ ही मृतका के शरीर पर कई जगह सूजन भी मिली। इसके अलावा पसलियों के दबने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने बुधवार को हत्यारोपी कलयुगी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शासन की प्राथमिकताओं पर रहेगा फोकसः नवीन प्रसाद



**बांदा**। नवागंतुक उप जिला अधिकारी नवीन प्रसाद ने बीते दिवस उपजिलाधिकारी सदर का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यालय पहुंचने पर तहसीलदार सदर विकास पांडेय व नायब तहसीलदारों ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। बुधवार को सदर तहसील अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने भी उपजिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर भेंट की। बहराइच जनपद निवासी एसडीएम सदर जनपद महाराजगंज से स्थानांतरित होकर जिलाधिकारी के निर्देश पर बांदा सदर की कमान संभाली हैं। एसडीएम सदर नवीन प्रसाद ने बताया कि उनकी प्राथमिकता जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण, राजस्व वाद, आईजीआरएस, फार्मर रजिस्ट्री, दैवीय आपदा आदि प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण है। अधिकारियों से परिचय के बाद उन्होंने कार्यालय के बाहर फरियाद करने आए लोगों से स्वयं बाहर आकर उनका प्रार्थना पत्र लेकर समस्याएं जानी। उन्होंने समस्याएं सुनकर तहसीलदार सदर विकास पांडेय को त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कहा कि निस्तारण संतोषजनक हो इसकी समीक्षा की जाएगी। दोषियों पर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। तालाबों, सरकारी जमीन व अन्य जमीनों पर अतिक्रमण किए लोगों के विरुद्ध पुलिस के साथ मिलकर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को आपत्ति है तो वह न्यायालय का सहारा लें। वाद दायर कर विधिक निस्तारण कराएं। जमीनी विवादों का वह शासन के निर्देशों के अनुसार त्वरित निस्तारण करेंगे। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं, नीतियों को अंतिम पायदान पर ले जाना प्राथमिकता है। कहा कि वह अपने सीयूजी नंबर से प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता से हल कराने का प्रयास करेंगे। इसी तरह पैलानी तहसील का चार्ज भूपेंद्र सिंह, अतर्रा तहसील में शैलेंद्र कुमार मिश्रा, न्यायिक सदर पूनम गौतम, अंकित वर्मा एसडीएम पैलानी को बबेरू में एसडीएम न्यायिक का प्रभार दिया गया है।

## कांग्रेसियों ने खाद व स्मार्ट मीटर की उठायी समस्या



**बांदा**। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को किसानों की खाद, बीज व विद्युत उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर से मनमाना बिजली बिल आने की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बतलाया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि खरीफ की फसल की बोआई एवं रोपाई चल रही है। खाद के लिए लंबी लाइने लगानी पड़ रही हैं, परन्तु इसके बावजूद उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे वे काफी परेशान एवं हताश हैं। इसी तरह बिजली के स्मार्ट मीटर जो लगाये गये हैं उनके तेज चलने की शिकायतें जनपद में सबसे ज्यादा ज्यादा हैं। उपभोग के सापेक्ष काफी अधिक विद्युत बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ता मजबूर है। पहले से ही महंगाई की मार से जूझ रहे आम उपभोक्ता इससे काफी निराश व परेशान हैं। ज्वलन्त समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला एडवोकेट, डा. संजय द्विवेदी दनादन, बल्देव वर्मा एडवोकेट, मोहम्मद इदरीश, सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जितेंद्र गौरव, कालीचरण निगम, बाबूराम यादव, केशव पाल, रामखेलावन, संतोष कुमार द्विवेदी, राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## चबूतरा आवंटन में सब्जी व्यवसाइयों का हंगामा



**बांदा**। शहर के गल्ला मंडी में सब्जी मंडी भी संचालित है। यहां कई सालों से चबूतरा पर सब्जी व्यवसायी कब्जा किए हैं। दुकानदारों को सिटी मजिस्ट्रेट ने हटाने का आदेश किया तो सब्जी व्यापारियों ने हंगामा कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने बताया कि जो छोटे सब्जी व्यापारी हैं वह मार्ग किनारे गंदगी व बारिश के दौरान सब्जी बेचने को मजबूर हैं। उनके लिए चाबुतरो मे जगह दी जा रही है। लेकिन कई दुकानदार आवश्यकता से अधिक स्थान घेरें हैं। ऐसे में उन्हें सीमित किया जा रहा है। वहीं दुकानदार व सब्जी व्यापारी ने बताया कि कुछ व्यापारियों के इशारे पर अधिकारी यह कार्यवाही कर रहे हैं। वर्षों से वह चबूतरे पर कुछ समय के लिए दुकान लगाते हैं। मंडी प्रशासन उन्हें स्थान आवंटित नहीं कर रहा है।

# विरोध में सड़को पर उतरे सपा कार्यकर्ता, जमकर की नारेबाजी



**बहराइच**।दिल्ली में छात्रों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने को लेकर देर रात नौ बजे सपा कार्यकर्ता जिलाधिकारी आवास के पास पहुंच प्रधानमंत्री का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।मंगलवार की देर रात नौ बजे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के नेतृत्व में डीएम चौराहा, बहराइच पर समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाते हुए जमकर प्रदर्शन किया ।प्रदर्शन की जानकारी पर बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच कार्यकताओं को रोकने का प्रयास करते दिखे ।समाजवादी पार्टी बहराइच के जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क पर चक्का जाम कर अपना विरोध दर्ज कराया, इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला भी फूंका ।जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार दमन की नीति को अपना कर लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे आंदोलन को दबा रही है । उन्होंने कहा कि कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र, संविधान और छात्रों-युवाओं की आवाज को दबाने के हर प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध करती रहेगी तथा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी ।इस दौरान सुमन शर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ज़िलाध्यक्ष दिनेश लोधी, बाब साहब अम्बेडकर आदि उपस्थित रहे।

# उद्योग बन्धुओं की समस्याओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: जिलाधिकारी

**बिजनौर**।जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति, जिला निर्यात समिति, एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन तंत्र, पी0एम0 गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, रोजगार सृजन एवं निर्यात वृद्धि जनपद के समग्र विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने जिला उद्योग बन्धु समिति के अंतर्गत उद्यमियों की समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उद्योगों से संबंधित समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे निवेश एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने जिला निर्यात समिति की समीक्षा के दौरान जनपद के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध संभावनाओं का अधिकतम उपयोग करने तथा निर्यातकों को आवश्यक सुविधाएं एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निवेश संबंधी सभी समझौतों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विभागों को निवेश परियोजनाओं के शीघ्र धरातल पर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पी0एम0 गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर विकास परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र युवाओं को योजना से जोड़ते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के पारंपरिक उत्पादों के उत्पादन, विपणन एवं ब्रांडिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा स्थानीय उद्यमियों एवं शिल्पकारों को अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, संबंधित विभागीय अधिकारी सहित विकास कुमार अग्रवाल, जुल्फुकार आलम, मुनीश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित जिले के अन्य उद्योग बन्धु एवं व्यापार बंधु उपस्थित रहे।

## कांवड यात्रा में किसी को भी कोई समस्या नही होने दी जायेगी: यातायात प्रभारी



**बिजनौर**। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा व महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कांवड़ियों को अपने कार्य क्षेत्र जिला बिजनौर से सुरक्षित आवागमन कराने के लिए यातायात प्रभारी गौतम राय पूरी तरह मुस्तैद हैं। उन्होंने अपने अधिनियस्तों की बेठक कर कई अहम फैसले लेते हुए कावड़यिों के मार्ग का जायजा लिया है। यातायात प्रभारी गौतम राय का कहना है कि कांवड़ियों को किसी भी तरह की कोई समस्या ना आए, इसके लिए उन्होंने तैयारीयों को आखरी विराम दे दिया है। साथ ही साथ हर समुदाय के हर एक त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए बिजनौर पुलिस बेहद गंभीर है। कांवड़ यात्रा के सकुशल संपन्न कराने को लेकर अलर्ट गौतम राय ने नगर के कई जिम्मेदार नागरिकों के संपर्क में आते हुए उनसे सुझाव भी लिए हैं। उनका कहना है कि शिवभक्तों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत न आए। इसके लिए उनकी ओर से सभी तैयारियां को आखिरी विराम दे दिया गया है। यातायात प्रभारी गौतम राय ने बताया कि कांवड़ियों के सुरक्षित आवागमन की कमान वो खुद संभालेंगे। उनका एक लक्ष्य यह भी रहा है कि, त्यौहारों को शांतिपूर्ण सम्पन्न करने के लिए वह क्षेत्रवासियों का सहयोग व सुझाव लेकर अपनी तैयारी पहले से ही पूर्ण कर लेते है।

## महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी ने बबेरू में की बैठक




**बांदा**। बबेरू कस्बे के कमासिन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में भाजपा के विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने की। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी रंजना उपाध्याय ने मर्का, पवैया, कमासिन, बबेरू मंडल से 387 बूथ अध्यक्षों सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित किया। कहा कि यदि हमारा बूथ मजबूत होगा तो कोई भी दल हमें बरगला नहीं पाएगा। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि आज जो सम्मान हमें मिल रहा है इसके पहले कभी नहीं मिला। इस दौरान कल्लू राजपूत, अजय पटेल, रामभवन उपाध्याय, जिला मीडिया सह प्रभारी राकेश कुमार गुप्त लल्ला, विवेकानंद गुप्त, सौरभ शिवहरे, इंद्रेश द्विवेदी, रमाकांत पटेल, सुनील पटेल, विष्णु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे ।

# आईजीआरएस की हर शिकायत का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: डीएम



**बिजनौर**।जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आईजीआरएस एवं फैमिली आईडी की प्रगति के संबन्ध में ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को आईजीआरएस की समीक्षा बैठक के दौरान पाया कि कतिपय विभागों द्वारा शिकायतों पर शत-प्रतिशत असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुए हैं। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा औपचारिकता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयावधि के भीतर तथ्यों के आधार पर गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण से पूर्व संबंधित अधिकारी स्वयं स्थलीय सत्यापन कर शिकायतकर्ता की समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। फैमिली आईडी योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी जलीलपुर, अफजलगढ़, कोतवाली एवं नूरपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें।

# समर्पित कार्यकर्ता मजबूत बूथ संगठन भाजपा की शक्तिः प्रकाश द्विवेदी




**बांदा**। बांदा सदर के गूलरनाका स्थित एक मैरिज हॉल में भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित हुआ। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चैहान ने कहा कि बूथ

**● भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में जुटे पदाधिकारी**

अध्यक्ष केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि वर्षभर जनता और संगठन के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करते हैं। सभी बूथ अध्यक्षों से अपील कि वह केंद्र, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। नए मतदाताओं से संवाद स्थापित करने, संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संगठन है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण प्रतिनिधि है और बूथ की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार है। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने की। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के 341 बूथ अध्यक्ष, 54 शक्ति केंद्र संयोजक, समस्त मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान नगर पालिका परिषद बांदा की अध्यक्ष मालती गुप्ता बासु, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, जिला महामंत्री ममता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष पंकज रैकवार, जिला मंत्री दुर्गा चैरसिया, जिला मंत्री संतोष नायक, रूपा चैहान जी, मंडल प्रभारी बिसंडा पुष्कर द्विवेदी, महुआ मंडल प्रभारी लखनलाल राजपूत, नगर उत्तरी मंडल प्रभारी रणजीत सिंह, नगर दक्षिणी मंडल प्रभारी अभिषेक गुप्ता, रज्जन गुप्ता, प्रेम स्वरूप द्विवेदी महुआ, विनय कुशवाहा, संतोष राजपूत उपस्थित रहे।

## विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का डीएम ने किया उद्घाटन



**बहराइच** । कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान कार्यालय (एन.आई.सी.) बहराइच के नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत सिन्हा व अवर अभियन्ता डी.एन. सिंह, उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड, निर्माण खण्ड-4 चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी, एनआईसी का स्टाफ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा रू. 95.00 लाख की लागत से विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का निर्माण किया गया है। जबकि रू. 6.12 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड, निर्माण खण्ड-4 (यू.पी.एस.आई.सी.) द्वारा नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में कांफ्रेंसिंग टेबल, टी.वी. कैबनेट एवं कैमरा स्टैण्ड टेबल इत्यादि सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# जिले के सातों विधानसभा में एक साथ ₹बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया




**बहराइच**। भारतीय जनता पार्टी बहराइच द्वारा आज जिले भर के सभी सातों विधानसभा में एक साथ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया सभी विधानसभाओं में वक्ता के रूप में प्रदेश से मुख्यअतिथि व जिले से जिला प्रवासी लगाये गए कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना संगठन कार्यों पर चर्चा कार्यकताओं में जोश भरना और बूथ प्रबंधन की समीक्षा करना है सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों से उनके क्षेत्रों की कार्यप्रणाली मतदाता सूची और जनसंपर्क अभियान की जानकारी ली गयी वक्ताओं ने कहा कि बूथ अध्यक्ष के बल पर भाजपा 2027 में पुनः सरकार बनाएगी भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन है। उन्होंने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से अपने बूथ को मजबूत बनाने का आह्वान कियाजिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया कि इसी निमित्त बहराइच विधानसभा में विधायक अनुपमा जायसवाल के नेतृत्व में व मुख्य अतिथि मणीन्द्र पाण्डेय विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय रहे महसी सम्मेलन में विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में मुख्यअतिथि शंकर दयाल पाण्डेय पूर्व जिलाध्यक्ष श्रावस्ती रहे पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी के नेतृत्व मुख्य अतिथि नीरज वर्मा क्षेत्रीय महामंत्री रही कैसरगंज में विधानसभा प्रत्याशी रहे गौरव वर्मा के नेतृत्व में मुख्य अतिथि बृज बहादुर प्रदेश उपाध्यक्ष रहे बलहा विधानसभा में विधायक सरोज सोनकर के नेतृत्व में मुख्य अतिथि अरविंद मौर्य पूर्व जिलाध्यक्ष बाराबंकी रहे नानपारा में मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी पूर्व गृह मंत्री रहे मटेरा में मुख्य अतिथि संजय कैराती पूर्व जिलाध्यक्ष रहे जिलाप्रवासी के रूप में जिला महामंत्री सुवेद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम निवास जायसवाल, राघवेंद्र सिंह, कृष कुमार, कन्हैया सोनी,जिला मंत्री आलोक जिंदल हरेन्द्र सिंह सभी विधानसभाओं में उपस्थित रहे


## पानी में डूबने से किसान की मौत

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परसौली गांव में खेतों में धान की बेड लगवाने गए एक 40 वर्षीय किसान की पानी में डूबने से मौत हो गई। परसौली गांव निवासी शिवकरन यादव पुत्र स्वर्गीय मैयादीन यादव अपने खेतों पर धान की बेड लगवाने के लिए गए थे। उनके साथ उनकी पत्नी बिट्टन देवी भी खेत पर गई थीं। शाम को पत्नी तो घर वापस लौट आई, लेकिन शिवकरन घर नहीं पहुंचे। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटे, तो पत्नी ने घर के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। इसके बाद परिवार के लोग खोजबीन करते हुए खेतों की तरफ गए। मृतक के भाई रामभवन यादव ने बताया कि हम लोग जब खेत पर पहुंचे, तो भाई पानी में बेहोशी अवस्था में मिला। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## वीआईपी दौरे से पहले तैयारियों का जायजा

फतेहपुर।जनपद में आगामी प्रस्तावित विशिष्ट अतिथि के भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार को जिले में पहुंचकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।मुख्य विवरण पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा के साथ जिलाधिकारी फतेहपुर निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव तथा अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता मौजूद रहे। टीम ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मुख्य मंच, अतिथियों की बैठने की व्यवस्था, आमजन के लिए बनाए गए सेक्टर, प्रवेश एवं निकास द्वारों की स्थिति और सुरक्षा घेरा का अवलोकन किया।

## पुजारी का हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में



**महोबा**। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने जानकारी दी कि दिनांक 18 जुलाई 2026 को थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत बेलाताल स्थित फूलबाग हनुमान मंदिर के पुजारी उदित नारायण मिश्र की हत्या की घटना का थाना कुलपहाड़ एवं जनपदीय स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा सफल अनावरण करते हुए उक्त घटना में संलिप्त आरोपी अभियुक्त कल्लू जोगी उम्र लगभग 80 वर्ष को हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित डंडे सहित गिरफ्तार किया गया है। पुरानी रंजिश की वजह से यह घटना कारित की गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का सफल अनावरण करने वाली संयुक्त पुलिस टीम के उत्कृष्ट कार्य के लिए 25 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

संक्षेप

## स्कोडा ने किया स्लाविया मोंटे कार्लो के कलर पैलेट का विस्तार

बंगलुरू। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी स्लाविया रेंज का विस्तार करते हुए स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए दो नए विशेष रंग विकल्प शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे पेश किए हैं। ये दोनों रंग आकर्षक ड्यूल-टोन फिनिश में उपलब्ध हैं। केवल 200 यूनिट तक सीमित, स्लाविया मोंटे कार्लो के ये विशेष रंग संस्करण सेडान के गतिशील डिजाइन, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और ब्रांड की रैली मोंटे कार्लो विरासत का शानदार संयोजन प्रस्तुत करते हैं। यह नया विस्तार कार को और भी प्रभावशाली दृश्य पहचान प्रदान करता है तथा उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, जो अधिक विशिष्ट और प्रीमियम स्वामित्व अनुभव की तलाश में हैं।

## थम्स अप ने दी भारत के बाइकिंग कल्चर को रफ्तार

नई दिल्ली। थम्स अप ने अपने फ्लैगशिप बाइकिंग प्लेटफॉर्म थंडरव्हील्स की वापसी के साथ भारत के बाइकिंग कल्चर को एक नया रोमांच दिया है। क्रिकेट आइकॉन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला यह अभियान भारत में बाइकिंग संस्कृति को बढ़ावा देने की एक नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और युवा राइडर्स को खुली सड़कों के रोमांच और स्वतंत्रता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है। इस अभियान के तहत एक एक्शन से भरपूर ब्रांड कैंपेन लाई गई है जिसमें जसप्रीत बुमराह नजर आयेंगे। यह थंडरव्हील्स की तूफानी दुनिया को दिखाती है। यह हर उभरते राइडर को साहसी और तूफानी अनुभव हासिल करने की चुनौती देती है। थंडरव्हील्स महज एक अभियान नहीं है, यह बाइकिंग की दुनिया में प्रवेश करने का एक जरिया है, जिसे खास अनुभवों, कम्युनिटी जुड़ाव और नए अवसरों के जरिए बाइक के दीवानों, क्रिएटर्स और उभरते राइडर्स को एक साथ लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## पसंदीदा अनुभव में जगह पक्की होना ही नयी पहचान है: कोटक महिंद्रा बैंक

लखनऊ। कोटक महिंद्रा बैंक के अनुसार, कॉन्सर्ट, खास डाइनिंग अनुभवों और सांस्कृतिक आयोजनों की मांग उपलब्ध सीटों और अवसरों की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में इन आयोजनों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाना पहले से कहीं अधिक अहम हो गया है। एक समय था जब प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की पहचान एयरपोर्ट लाउंज, गोल्फ क्लब, कंसीयर्ज सर्विस और रिवॉर्ड पॉइंट्स जैसी सुविधाओं से होती थी। जब ऐसे कार्ड रखने वाले लोग कम थे, तब ये सुविधाएं ही विशेष होने का एहसास दिलाती थीं। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। कोटक महिंद्रा बैंक का मानना है कि आज लोगों के लिए असली महत्व उन अनुभवों का है, जिन्हें हर कोई आसानी से हासिल नहीं कर सकता। चाहे वर्षों बाद किसी पसंदीदा कलाकार का लाइव कॉन्सर्ट हो, किसी प्रतिष्ठित शेफ का खास डिनर हो या किसी सांस्कृतिक आयोजन की फ्रंट रो (पहली कतार) की सीट, ऐसे पल अब सिर्फ एक टिकट नहीं, बल्कि एक यादगार अनुभव बन चुके हैं। अनुभवों को पाने की चाह आज भी वही है, लेकिन अब उन्हें हासिल करने की होड़ बढ़ गई है। बैंक के अनुसार, इन अनुभवों की खासियत यही है कि इन्हें बाद के लिए टाला नहीं जा सकता। कोई सामान तो कभी भी खरीदा जा सकता है, लेकिन कॉन्सर्ट, लाइव शो या खास डाइनिंग इवेंट का मौका एक बार निकल जाए तो फिर लौटकर नहीं आता। यही वजह है कि ऐसे अनुभव लोगों के लिए पहले से कहीं ज्यादा मायने रखने लगे हैं।

## लॉक अप: सच या सजा में होगी अपूर्वा की वाइल्डकार्ड एंट्री

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स का रियलिटी शो लॉक अप: सच या सजा अब लॉक अप के अंदर सभी रिश्तों को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है। अपनी बेबाक बातों और खुलकर अपनी राय रखने के लिए मशहूर अपूर्वा अब लॉक अप में धमाकेदार एंट्री करने जा रही हैं। वह शो में आते ही माहौल को बदलने के लिए तैयार हैं। अब देखना होगा कि द रेबेल किड अपूर्वा नई दोस्तियां बनायेंगी, पुरानी दोस्तियों में दरार डालेंगी और पूरे खेल का रुख बदल देंगी या नहीं। शो में एंट्री को लेकर अपूर्वा बताती है कि सच कहूं तो मैं बहुत नर्वस हूं। मैंने खुद से वादा किया था कि मैं दोबारा किसी कैप्टिव रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनूंगी, लेकिन अब मैं यहां हूं। सच यह है कि मुझे लॉक अप शो की लत लग गई है। पहले जिस रियलिटी शो का मैं हिस्सा थी, उसके अलावा मैंने कभी किसी रियलिटी शो को इतना फॉलो नहीं किया। लेकिन यह शो मुझे और मेरे दोस्तों को बहुत पसंद है।

# सेंसेक्स में 715 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कच्चे तेल के दाम में तेजी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 715 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 191 अंक की गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 715.06 अंक यानी 0.92 प्रतिशत टूटकर 76,755.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 828.92 अंक लुढ़क कर 76,641.19 अंक पर आ गया था। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 191.45 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूटकर 23,996.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट आई। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टाइटन बढ़त बनाने वाली कंपनियों में शामिल रहे। वैश्विक तेल मानक, ब्रेंट क्रूड की कीमत 4.68 प्रतिशत चढ़कर 95.27 डॉलर प्रति बैरल हो गई। कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बने रहने के कारण निवेशकों के जोखिम लेने से बचने की धारणा से घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक पर पूरे सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। ज्यादातर क्षेत्रों में व्यापक गिरावट ने पहली तिमाही के नतीजों की उत्साहजनक शुरुआत को हल्का कर दिया। निवेशकों का ध्यान वृहद आर्थिक हालात पर बना रहा, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और दवा आयात पर संभावित अमेरिकी शुल्क को लेकर नई चिंताओं ने धारणा को प्रभावित किया। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कारोबार में एफआईआई ने 1,650.16 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स मंगलवार को 238.41 अंक यानी 0.31 प्रतिशत टूटकर 77,470.11 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 50.80 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 24,187.70 अंक पर रहा था।

# कच्चे तेल में उछाल, भू-राजनीतिक तनाव से रुपया 34 पैसे टूटकर 96.59 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दबाव में रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे टूटकर 96.59 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की भावना को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.36 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.25 से 96.57 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 96.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ 96.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मंगलवार की थोड़ समय की तेजी के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण भारतीय रुपये पर फिर दबाव बन गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क संबंधी बयानबाजी को लेकर फिर बढ़ी चिंताओं ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96.10 से 97 के बीच रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.10 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 94.92 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आपूर्ति की चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। अमेरिका के ईरान पर हमला किए जाने और उसके जवाब में ईरान द्वारा कुवैत, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य से सऊदी अरब का तेल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाने की भी धमकी दी है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से भी रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता रुपये में बड़ी गिरावट को रोक सकती है।

## सेबी ने 34 निवेश सलाहकारों के पंजीकरण रद्द किये

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने अनिवार्य नवीनीकरण शुल्क का भुगतान नहीं करने पर 34 निवेश सलाहकारों के पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं।

सेबी (निवेश सलाहकार) विनियम, 2013 के तहत पंजीकृत निवेश सलाहकारों को हर पांच साल में अपना पंजीकरण जारी रखने के लिए नवीनीकरण शुल्क देना अनिवार्य होता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पाया कि 34 सलाहकारों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर यह शुल्क जमा नहीं किया। इसके बाद सेबी ने जून में इन संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सेबी ने 21 जुलाई के आदेश में कहा कि शुल्क का भुगतान न होने के कारण इन निवेश सलाहकारों का पंजीकरण स्वतः प्रभावी नहीं रहा और तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। इस फैसले से प्रभावित होने वाले निवेश सलाहकारों में ऐश्वा फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एल्गो सिस्टम्स, कैंडीफ्लॉस इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, कैपिटलविया ग्लोबल रिसर्च लिमिटेड, प्रॉस्पर रिसर्च एंड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, द जीआरएस सॉल्यूशन और ट्रेडक्योर फाइनेंशियल रिसर्च शामिल हैं। एक अलग आदेश में सेबी ने 11 शोध विश्लेषकों के पंजीकरण भी रद्द कर दिये हैं।

## सोना 900 और चांदी 8500 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 1900 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह दो सप्ताह के उच्च स्तर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसकी वजह मजबूत हाजिर मांग और वैश्विक बाजारों में मजबूती का रुख रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1900 रुपये बढ़कर 149,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।

मंगलवार को यह 147,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सात जुलाई को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 149,250 रुपये प्रति 10 ग्राम थीं। लगातार छह सत्रों की गिरावट के बाद चांदी में सुधार हुआ और इसकी कीमत 8,500 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में यह 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजार में मजबूत कीमतों, फिर से बढ़ी हाजिर मांग और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद निचली कीमत पर लिवाली बढ़ने के कारण सोने में लगातार तीसरे सत्र में तेजी बनी रही। बुधवार को वैश्विक बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई और हाजिर मांग में सुधार आने के बाद कीमतें दो सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोने की कीमत 47.43 डॉलर या 1.16 प्रतिशत बढ़कर 4,125.24 डॉलर प्रति औंस हो गई और चांदी की कीमत लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 59.32 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## पश्चिम एशिया में तनाव से आपूर्ति में रुकावट से कच्चा तेल वायदा में 4 प्रतिशत से अधिक उछाल

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में कच्चातेल की वायदा कीमत 4 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 8,513 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गई। इसकी वजह वैश्विक मानक में आई तेज़ी थी, जो पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण आपूर्ति में रुकावट की आशंकाओं से प्रेरित थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चा तेल का अगस्त माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 363 रुपये या 4.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,513 रुपये प्रति बैरल हो गया। जिससे लगातार चौथे सत्र में कच्चातेल कीमतों में तेजी रही। इसी प्रकार, कच्चा तेल का सितंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 169 रुपये या 2.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,152 रुपये प्रति बैरल हो गया। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण कारोबारियों ने सौदों का आकार बढ़ाया। उन्हें डर था कि पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव से उस इलाके से होने वाली उर्जा आपूर्ति में रुकावट आ सकती है। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल के सितंबर डिलीवरी अनबंध की कीमत 3.95 डॉलर या 4.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 88.29 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड के सितंबर डिलीवरी अनुबंध का दाम 4.05 डॉलर 4.4 प्रतिशत बढ़कर 95.06 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## भारत का खाद्य तेल आयात बिल नौ प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय एसईए का कहना है कि आयात की ज्यादा मात्रा और रुपये की कीमत घटने की वजह से अक्टूबर में खत्म होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष के दौरान भारत का खाद्य तेल आयात का खर्च नौ प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

बढ़ते आयात खर्च पर चिंता जताई और कहा कि तिलहन क्रांति का और इंतजार नहीं किया जा सकता। भारत अपने खाद्य तेल के सफर में एक अहम मोड़ पर खड़ा है, और चेतावनी के संकेतों को नजरअंदाज करना मुश्किल होता जा रहा है। देश का खाद्य तेल आयात खर्च, जो पिछले साल 1.61 लाख करोड़ रुपये था, उसके इस साल 1.75 लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व स्तर को पार करने का अनुमान है। इस महीने की शुरुआत में एसईए ने बताया था कि नवंबर, 2025-जून, 2026 की अवधि के दौरान भारत का खाद्य तेल का आयात सात प्रतिशत बढ़कर 103.88 लाख टन हो गया, जबकि पिछले तेल वर्ष की इसी अवधि में यह 97.29 लाख टन था। खाद्य तेल का विपणन वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। अस्थाना ने कहा कि मौजूदा तेल वर्ष के पहले आठ महीनों में आयात खर्च 1.19 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 99,000 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक और आंकड़ा नहीं है यह कीमती विदेशी मुद्रा के बड़े पैमाने पर बाहर जाने को दिखाता है।

## बेनेली, कीवे, मोटो वॉल्ट ने अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त

नोएडा। बेनेली, कीवे, मोटो वॉल्ट इंडिया ने आज सुल्तानपुर में एक्सक्लुजिव नई डीलरशिप के उद्घाटन के साथ उत्तर भारत में ब्राण्ड के रीटेल फुटप्रिन्ट को और मजबूत बना लिया है। यह प्रदेश में ब्राण्ड का दूसरा आउटलेट है। इसके साथ ब्राण्ड ने महानगरों के दायरे से बढ़कर क्षेत्र के तेजी से विकसित होते टियर-2 और टियर-3 नगरों में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। इस युनिट में बेनेली और कीवे की संपूर्ण रेंज के साथ मोटो वॉल्ट की प्रीमियम पेशकश भी डिस्प्ले पर रखी गई है, जिसमें प्रमाणित एक्सेसरीज और मर्चेन्डाइज शामिल हैं। देश भर में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार करने तथा अपने उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय मोटरसाइक्लिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## श्रीलंका ने ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर रखा बरकरार

कोलंबो। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर को 8.75 प्रतिशत पर यथावत रखा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद वैश्विक अनिश्चितता और जिंस कीमतों पर उसके असर का हवाला देते हुए मुद्रास्फीति बढ़कर 6.8 प्रतिशत पर पहुंचने के बावजूद यह फैसला किया गया। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से बढ़े तनाव के कारण वैश्विक जिंस कीमतों, विशेषकर पेट्रोलियम की कीमतों में वृद्धि हुई है। बैंक ने कहा कि इन घटनाक्रमों से वैश्विक आर्थिक संभावनाएं प्रभावित होने की आशंका है और इसके विभिन्न माध्यमों से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। बयान के अनुसार, जून में मुद्रास्फीति बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई। घरेलू स्तर पर ऊर्जा एवं खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण निकट भविष्य में इसके पांच प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बने रहने की संभावना है। बैंक ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में भी वृद्धि होने तथा इसके समग्र मुद्रास्फीति लक्ष्य के आसपास बने रहने का अनुमान है। अप्रैल, 2026 से चालू खाते में घाटा दर्ज किया गया है। इसकी मुख्य वजह ईंधन आयात लागत बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़ना और पर्यटन से होने वाली आय में कमी आना है।

## निकोटीन पर एफडीए के फैसले ने दिया भारत में वैज्ञानिक मूल्यांकन पर जोर

नई दिल्ली। यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा हाल ही में नॉन-कंबस्टिबल निकोटीन प्रोडक्ट्स के लिए मोडिफाईड रिस्क क्लेम्स को मंजूरी दी गई है। यह टोबैको और निकोटीन प्रोडक्ट्स के सेवन के लिए रणनीतियों पर हो रही अंतर्राष्ट्रीय बातचीत का हिस्सा है। भारत में एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या देश के रिसर्च इंस्टीट्यूशन को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप इस नए डेटा का स्वतंत्र विश्लेषण करना चाहिए। जिन देशों ने निरीक्षण के अलग-अलग मॉडल अपनाए हैं, वहाँ नतीजे सामने आने लगे हैं। स्वीडन, यूनाईटेड किंगडम, जापान और नॉर्वे में नॉन-कम्बस्टिबल प्रोडक्ट्स के सेवन से धूम्रपान में कमी आई है। एफडीए के मूल्यांकन के बाद अमेरिका ने मोडिफाईड रिस्क क्लेम के लिए मंजूरी दे दी है। इनमें से किसी भी फ्रेमवर्क को ज्यों का त्यों अपनाने की जरूरत नहीं है। पर, ये सारे नतीजे रिसर्च के लिए काफी सामग्री देते हैं।

## सैमसंग ने लॉन्च की फोल्डेबल की 8वीं पीढ़ी

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपना अब तक का सबसे संपूर्ण गैलेक्सी जेड लाइनअप पेश किया और तीन ऐसी डिवाइसेस के साथ अपने फोल्डेबल पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जो लोगों के काम करने, कुछ नया रचने और आपस में जुड़े रहने के अलग-अलग तरीकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इस नए लाइनअप में नया गैलेक्सी जेड फोल्ड8 फॉर्म फैक्टर, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 शामिल हैं। नई गैलेक्सी जेड सीरीज बड़ी स्क्रीन, कवर डिस्प्ले और फ्लेक्सिबल डिजाइन के लिए खास तौर पर तैयार किए गए अनुभवों के जरिए गैलेक्सी एआई को रोजमर्रा की जिंदगी के और करीब लाती है। पूरे लाइनअप में एआई अब पहले से ज्यादा पर्सनल, प्रोएक्टिव और कनेक्टेड है, जो यूजर्स को कम स्टेप्स में काम पूरा करने में मदद करता है, और साथ ही पारदर्शिता, प्राइवेसी और यूजर कंट्रोल को भी पूरी तरह बनाए रखता है। सैमसंग नॉक्स की मदद से सैमसंग ऑन-डिवाइस एआई सुरक्षा को लगातार मजबूत बना रहा है।

पेज एक का शेष

### मंदिर ट्रस्ट का

की वजह से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिये मांगा गया एक माह का अतिरिक्त समय देने पर भी सहमति बनी। साथ ही इस कार्य में हो रहे विलंब को देखते हुए एक सचिव की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। बैठक में ट्रस्ट के सदस्यों ने सावन के महीने में श्रद्धालुओं की संख्या में संभावित बढ़ोत्तरी के लिए की गई तैयारियों, ट्रस्टी के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया में हुई प्रगति और कई प्रशासनिक व वित्तीय मुद्दों की समीक्षा की। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने बताया कि ट्रस्टी मंडल ने अनियमितताएं सामने आने के बाद बैंक की प्रक्रिया और गंभीरता के अभाव पर निराशा प्रकट की है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की वित्त समिति को बैंक के साथ संबंधों पर और मानक प्रक्रियाओं पर पुनर्विचार कर समुचित निर्णय लेने को कहा है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के एक उपयुक्त सीईओ के चयन के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के चलते इस सिलसिले में गठित समिति ने एक माह का अतिरिक्त समय मांगा, जिसे ट्रस्टी मंडल ने स्वीकार कर लिया और सीईओ की नियुक्ति में इस विलंब के कारण एक सचिव की नियुक्ति की स्वीकृति दी। मोहन ने यह भी बताया कि मीडिया के माध्यम से समाज के साथ संवाद की निरंतरता की आवश्यकता पर विचार करते हुए ट्रस्ट ने एक प्रवक्ता नियुक्त करने का निर्णय भी लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रस्टी मंडल ने ट्रस्टियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए किया जा रहे प्रयासों का संज्ञान लिया और पाया कि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में कुछ और सप्ताह लगेंगे। मोहन ने दावा किया कि तमाम दुष्प्रचार और आरोपों के बावजूद श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या यथावत है जो इस बात का प्रमाण है कि आधारहीन, मिथ्य और भ्रामक आरोपों के बाद भी करोड़ों राम भक्तों की आस्था व विश्वास अटूट है।

### झूठे विमर्श

पीछे की साजिश और शरारत को समझना होगा। वे जानबूझकर झूठा विमर्श बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हमें उसका पर्दाफाश करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 495 करोड़ रुपये की लागत वाले गोड़धोइया नाला परियोजना (पक्का नाला निर्माण, डायवर्जन, इंटरसेप्शन और ट्रीटमेंट की परियोजना) के कार्यों का दो स्थानों (फातिमा हॉस्पिटल के पास और जेल बाईपास के समीप) पर स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल बाईपास पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सपा शासन में भूमाफियाओं ने सरकारी जमीनों पर गलत इंदराज कर लोगों को ठगा था। उन्हें बरगलाकर जमीनें बेची थीं। भाजपा सरकार ने जब गोड़धोइया नाला परियोजना शुरू की तो ऐसी जमीन खरीदने वालों को सम्मानजनक मुआवजा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोगों ने गोड़धोइया नाला के पास जमीनें ली थीं। तब समाजवादी पार्टी की सरकार में भूमाफियाओं ने सरकारी जमीनों पर गलत इंदराज कराकर उन्हें ठगने का काम किया था। हमने, जिनके भी नाम जमीनों के कागज पर दर्ज हुए थे, उन्हें कंपनसेशन (मुआवजा) देने का काम किया। सीएम योगी ने कहा कि जनता के सकारात्मक सहयोग से ही इस नाला का पुनरोद्धार हो पाया। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया में जागरूकता बड़े मायने रखती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब गोड़धोइया नाले का पुनरोद्धार नहीं हुआ था तो गोरखपुर महानगर उत्तरी क्षेत्र के 17 वार्ड बारिश में जलमग्न हो जाते थे। अब इस नाले को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे कोई नदी बह रही है। उन्होंने कहा कि इस नाले को पुनर्जीवित किया गया है। इसी का परिणाम है कि विगत दिनों 15 घंटे हुई मूसलाधार बारिश में भी उत्तर दिशा में जल भराव नहीं हुआ, इस नाले ने सारा पानी खींच लिया। जब सभी नालों का पुनरोद्धार हो जाएगा तो महानगर में कहीं भी एक बूंद पानी नहीं रुकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोड़धोइया नाला 9.50 किलोमीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा बना है। इसके साथ ही 18 किलोमीटर सीवर लाइन भी पड़ रही है, अब नाले में सीवर नहीं गिरेगा। गोड़धोइया नाला परियोजना में 36 एमएलडी की एसटीपी का काम पूरा हो गया है। नाले पर 14 ब्रिज और 61 एमएलडी मास्टर पंप स्टेशन (एमपीएस) का काम भी पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि उनकी योजना है कि गोड़धोइया नाला पर यातायात की व्यवस्था हो और सुरक्षा के उपाय भी किए जाएं ताकि कोई नाले में न गिरने पाए। उन्होंने कहा कि नाला के दोनों ओर सड़क का निर्माण भी होना है। इसके साथ ही नाले की दोनों तरफ आने-जाने के लिए पुल भी बनना है। सीएम योगी ने कहा कि गोड़धोइया नाले का काम पूरा हो गया है। सीवर लाइन का काम अंतिम चरण में है। यहां सड़क भी बनेगी, रेलिंग लगेगी, फुटपाथ बनेगा और लाइटिंग की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों का आह्वान किया कि वह नाले में गंदगी और कूड़ा न फेकें। अगर इस नाले का सही ढंग से उपयोग किया गया तो अगले 50 से 100 वर्षों तक गोरखपुर के उत्तरी क्षेत्र में बारिश का पानी जमा नहीं होगा। पानी इस नाले के माध्यम से रामगढ़ताल और तरकुलानी होते हुए राप्ती नदी तक पहुंच जाएगा। पर, यदि कहीं भी बाधा आएगी, कूड़ा डाला जाएगा या कब्जा किया जाएगा तो जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाएगी, बदबू और बीमारी आएगी। इन्हीं समस्याओं से बचाव के लिए इस नाले के पुनरोद्धार का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नाला की दोनों तरफ सघन पौधरोपण कर हरियाली का नजारा विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसमें प्रशासन के साथ लोगों को भी जुटना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोड़धोइया नाला परियोजना से गोरखपुर उत्तर क्षेत्र की तीन लाख आबादी लाभान्वित हो रही है उन्हें बीमारी और गंदगी से मुक्त अच्छा वातावरण मिलने लगा है।

### मुख्यमंत्री योगी

पहुंचे। उन्होंने देवीपाटन मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया। बुधवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का उन्होंने अभिवादन स्वीकार किया। सीएम ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संतों आदि से मुलाकात भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के लिए प्रस्थान किया। दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्र दास जी आदि मौजूद रहे।

### संसद में

घेरा। उन्होंने कहा कि देश के छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जैसे उन्होंने कोई अपराध किया हो। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र केवल एक निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं, जो उनका अधिकार है।

### अनंतनाग में

मैं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं। इस जघन्य कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जम्मू-कश्मीर पुलिस और हमारे सुरक्षा बल मौके पर मौजूद हैं और दोषियों को सजा दिलाएंगे। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के लिए पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात से बात की।

उन्होंने कहा अनंतनाग में हुए आतंकवादी हमले के बाद स्थिति की समीक्षा करने के लिए मैंने डीजीपी नलिन प्रभात से बात की। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पूरा देश शहीद के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### भाजपा ने

सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विद्यार्थियों से जुड़े एक मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को यहां उनके खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी भाजपा के प्रदेश कार्यालय के बाहर जमा हुए। उन्होंने बैनर ले रखे थे जिन पर लिखा था, प्रायोजित अराजकता बंद करो, जान-बूझकर फैलाई गई अव्यवस्था बंद करो। उन्होंने कांग्रेस पर अव्यवस्था फैलाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस के कार्यकर्ता बांस के डंडे लेकर भाजपा के जुलूस की ओर बढ़ गए, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया। दोनों पक्षों के कई कार्यकर्ता घायल हो गए। हालांकि, कितने लोग घायल हुए या पुलिस ने कितने लोगों को हिरासत में लिया, इस बारे में अधिकारियों ने कोई जानकारी नहीं दी है। मंगलवार को राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास, सात लोक कल्याण मार्ग का घेराव किया था। विपक्षी नेताओं ने सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के समर्थकों पर कथित पुलिस कार्वाई का विरोध किया था।

### जंतर-मंतर पर

शुरू कर दीं और देखते ही देखते पूरा माहौल भगदड़ जैसे हालात में तब्दील हो गया। झड़प के दौरान एसपी कनॉट प्लेस विवेक भगत समेत 5 पुलिसकर्मी घायल हो गये हैं। पुलिस ने भीड़ पर आंसूगैस के गोले छोड़े।

टॉलस्टॉय मार्ग और जनपद क्रॉसिंग पर प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। उन्होंने कनॉट प्लेस सहायक पुलिस आयुक्त भारतीय पुलिस सेवा विवेक भगत के साथ जमकर मारपीट की। इस मारपीट में सहायक पुलिस आयुक्त भगत बुरी तरह घायल हो गए और उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर काफी संख्या में प्रदर्शनकारी मौजूद हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

### स्वरोजगार

जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगातार योगदान दे रही हैं। सरकार का प्रयास है कि महिलाओं के कौशल और अनुभव को बेहतर अवसर, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़कर उनकी आय के नए रास्ते खोले जाएं। योजना का उद्देश्य तत्काल आर्थिक सहायता देकर प्रक्रिया पूरी करना नहीं है। सरकार चाहती है कि योजना के तहत मिलने वाली राशि से महिलाएं ऐसा स्वरोजगार खड़ा करें, जो लंबे समय तक उनके परिवार की आय का आधार बने। इससे वे अपनी जरूरतें पूरी करने के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करने में सक्षम होंगी। मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना में एकल एवं निराश्रित महिलाओं के अलावा विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं को भी लाभ देने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ एसिड अटैक पीड़िताओं, आपराधिक घटनाओं से प्रभावित महिलाओं तथा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को भी स्वरोजगार के लिए सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है। योजना के तहत पात्र लाभार्थी अधिकतम दो लाख रुपये तक की परियोजना के माध्यम से व्यवसाय अथवा अन्य स्वरोजगार गतिविधि शुरू कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि यह सहायता महिलाओं को भविष्य में आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर रहने की स्थिति से बाहर निकाले और उन्हें अपने जीवन से जुड़े फैसले लेने के लिए सक्षम बनाए।

### यूपी बना

इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मानचित्र पर तेजी से उभरते केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है। योगी सरकार अब इंडस्ट्री 4.0 की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ड्रोन, ऑटोमेशन और एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार का मानना है कि इन पहलों से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और उत्तर प्रदेश देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र का नेतृत्व करते हुए वैश्विक प्रौद्योगिकी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।




# कुलदीप यादव ने यॉर्कशर से अनुबंध किया, खेलेंगे पांच एकदिवसीय कप

लीड्स। भारत की एकादश में बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शीर्ष इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशर के लिए बुधवार को मौजूदा सत्र में आठ मैच खेलने का करार किया। यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्पिनर कुलदीप यादव के साथ विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। 31 साल के कुलदीप मेट्रो बैंक एकदिवसीय कप के पांच मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे और फिर सितंबर में रोथसे काउंटी चैंपियनशिप के आखिरी चार में से तीन मैच खेलने के लिए हैडिंग्ले लौटेंगे। कुलदीप शुक्रवार को नीथ में ग्लेमोर्गन के खिलाफ होने वाले 50 ओवर के मैच के लिए टीम में शामिल हो रहे हैं। यॉर्कशर से जुड़ने पर कुलदीप ने कहा, मैं यॉर्कशर से जुड़कर बहुत खुश हूं और इस मौके के लिए आभारी हूं। यॉर्कशर जैसे शानदार इतिहास वाले क्लब का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। उन्होंने कहा, मुझे



हमेशा से इंग्लैंड के हालात में खेलने की चुनौती पसंद रही है और प्रबंधन से बात करने के बाद मैं टीम से जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं हैडिंग्ले में टीम के लिए अच्छा योगदान देने को लेकर उत्सुक हूं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कुलदीप की काबिलियत पर अधिक भरोसा नहीं दिखाया लेकिन यॉर्कशर प्रबंधन का मानना है कि इंग्लैंड की गर्म और सूखी गर्मियों में कुलदीप टीम के लिए फायदेमंद साबित होंगे। क्लब के क्रिकेट महाप्रबंधक गैविन हैमिल्टन ने कहा, कुलदीप अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं जो इन मुकाबलों के दौरान हमारी टीम को बहुत मजबूती देंगे। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैमिल्टन ने कहा, इस बार गर्मी और सूखा मौसम रहा है इसलिए हमें उम्मीद है कि सत्र के आखिरी दौर में स्पिन अहम भूमिका निभाएगी। कुलदीप अपनी बाएं हाथ की कलाई की स्पिन गेंदबाजी से हमें एक नया आयाम देते हैं और उनके पास शीर्ष स्तर का काफी अनुभव है। हम यॉर्कशर में उनका स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं। कुलदीप ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 18 टेस्ट मैच में 22 की औसत से 79 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 40 रन देकर पांच विकेट है। एकदिवसीय क्रिकेट में उनका प्रदर्शन और भी शानदार रहा है जहां उन्होंने 194 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 रन देकर छह विकेट है। मंगलवार को स्कारबोरो में खेले गए एकदिवसीय मैच में हैम्पशर ने यॉर्कशर को 50 रन से हराया।

# टीम में हार के डर की कोई जगह नहीं : श्रेयस अय्यर

हरारे। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर चाहते हैं कि उनकी टीम के खिलाड़ी निडर होकर क्रिकेट खेलें और आलोचनाओं के दबाव में नहीं आएं। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड दौरे के निराशाजनक नतीजों ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला से पहले टीम को और करीब ला दिया है। इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों के दौरे में भारतीय टीम एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। हालांकि अय्यर ने कहा कि टीम ने अपनी कमजोरियों को पहचान लिया है और सुधार पर काम कर रही है। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर अय्यर ने कहा, इंग्लैंड में हमारा समय मुश्किल भरा रहा, लेकिन उससे कई सकारात्मक चीजें भी सामने आईं। हमें पता चला कि आगे बढ़ने के लिए एक टीम के रूप में हमें क्या तैयार करना है, मैदान पर उतरने के बाद किस तरह की मानसिकता, जागरूकता और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की जरूरत है। इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला कप्तान के तौर पर



अय्यर का पहला दौरा भी था। पहली बार जिम्बाब्वे दौरे पर आए अय्यर ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती कम समय में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की होगी। उन्होंने कहा हममें से कुछ खिलाड़ी यहां पहली बार खेल रहे हैं इसलिए जितनी जल्दी हम परिस्थितियों को समझेंगे, उतने ही बेहतर परिणाम हासिल कर पाएंगे। अय्यर ने टीम के युवा खिलाड़ियों से कहा कि हालिया आलोचनाओं के बावजूद उन्हें असफलता के डर के बिना खेलना चाहिए। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें असफलता से डरना चाहिए। जब आपके दिमाग में ऐसे विचार होते हैं तो आप खुद को बचाने के लिए खेलते हैं। जब डर नहीं होता, तब आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा हमें इस बात के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिए कि बाहर लोग क्या कह रहे हैं। हमें वर्तमान पर ध्यान देना होगा। जितना अच्छा क्रिकेट हम खेलेंगे और एक इकाई के रूप में जितना बेहतर प्रदर्शन करेंगे, टीम के लिए उतना ही अच्छा होगा। कप्तान ने माना कि इंग्लैंड से सीधे जिम्बाब्वे पहुंचने और केवल एक अभ्यास सत्र के बाद मैच खेलने की स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा यह निश्चित रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण है। हम कल यहां पहुंचे, आज अभ्यास है और कल मैच है। लेकिन यह मजेदार भी है। अगर आप ऐसी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपको खुद पर निश्चित रूप से गर्व महसूस होगा। अय्यर ने कहा कि आयरलैंड, इंग्लैंड और अब जिम्बाब्वे के विदेशी दौरों ने टीम को काफी अनुभव दिया है।

## संक्षेप

### वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया

ब्रिजटाउन। शिमरोन हेटमायर के नाबाद 69 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पांचवें और आखिरी वनडे में न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीत ली है। पहले मैच में वेस्टइंडीज ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी जिसके बाद न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच पांच विकेट से और तीसरा छह विकेट से जीता। चौथा मैच भी न्यूजीलैंड ने जीता था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 268 रन बनाये। जवाब में वेस्टइंडीज ने 15 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। हेटमायर ने शेरफान रदरफोर्ड (61) के साथ 95 रन की साझेदारी की। इससे पहले न्यूजीलैंड ने 35वें ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बना लिये थे और पांच ओवर बाकी रहते स्कोर पांच विकेट पर 230 रन था लेकिन आखिरी ओवरों में वेस्टइंडीज ने अच्छी गेंदबाजी की। न्यूजीलैंड के लिये विल यंग ने 56, टॉम लैथम ने 69 और निक कैली ने 64 रन बनाये। वेस्टइंडीज के लिये अलजारी जोसेफ ने 38 रन देकर दो विकेट लिये।

### तलवारबाज तनिष्का और प्राची ने विश्व चैंपियनशिप में बनाई जगह

हांगकांग। भारतीय तलवारबाज तनिष्का खत्री और प्राची लोहान इतिहास रचते हुए बुधवार को यहां सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप में 64 खिलाड़ियों के मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला एपी खिलाड़ी बनीं। नौ दिवसीय चैंपियशिप के पहले दिन प्रतिस्पर्धा करते हुए तनिष्का और प्राची ने राउंड रोबिन पूल और शुरुआती एलिमिनेशन दौर की बाधा को पार करते हुए मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ मे जगह बनाई जो भारतीय तलवारबाजी के लिए अहम उपलब्धि है। ये दोनों अब 25 जुलाई को 64 खिलाड़ियों के एलिमिनेशन ड्रॉ में चुनौती पेश करेंगी जहां उनका लक्ष्य शीर्ष 32 खिलाड़ियों में जगह बनाना होगा। पुरुष व्यक्तिगत फॉयल स्पर्धा में सचिन 107वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी रहे। आदित्य ने 137वां, सेनासम हेमाश सिंह ने 143वां और तेजस मनोज पाटिल ने 149वां स्थान हासिल किया। कोई भारतीय तलवारबाज मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाई हैं।

### आईपीएल 2009 फेमा मामले में ललित मोदी को राहत

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने बुधवार को कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से जुड़े 2009 के आईपीएल दक्षिण अफ्रीका मामले में अपीलीय न्यायाधिकरण से बड़ी कानूनी राहत मिलने के बाद वह इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत में भारत आने की योजना बना रहे हैं। मोदी ने इस फैसले को 16 साल लंबी कानूनी लड़ाई में अपनी जीत बताया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में मोदी ने कहा कि न्यायाधिकरण के फैसले ने आखिरकार इस मामले में उनके रुख के पीछे की सच्चाई को सामने ला दिया है। मोदी ने कहा, मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। यह सचमुच में मेरे लिए एक शानदार दिन है। मैंने 16 साल तक लड़ाई लड़ी है और मीडिया तथा सभी लोगों से जो कुछ कहता आया हूं, वह आखिरकार सच साबित हुआ है।

# भारत व जिम्बाब्वे आज आमने-सामने

## जीत की राह पर लौटने के इरादे से जिम्बाब्वे के खिलाफ उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी

हरारे। श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने को बेताब होंगे जब उनकी युवा भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में बृहस्पतिवार को उतरेगी। कप्तान के रूप में पहले सात टी20 मैचों में से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह गंवा चुके अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का यह सुनहरा मौका है। जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत अपेक्षित है लेकिन अगर हार गए तो उस ड्रेसिंग रूम की हालत का अनुमान ही लगाया जा सकता है जिसमें 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी भी हैं। भारत ने इस दौरे के लिये वीवीएस लक्ष्मण को कोच के रूप में भेजा है जिनकी शख्सियत आक्रामक कोच गौतम गंभीर से एकदम उलट है।

ऐसा नहीं है कि गंभीर जीतना नहीं चाहेंगे लेकिन अंतिम एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी आदत भारत की तुलना में कम है। एक बार फिर नजरें वंडर ब्वॉय सूर्यवंशी पर होंगी जो अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे क्योंकि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब से अभिषेक और सूर्यवंशी की पुरानी यादें जुड़ी है। अभिषेक ने इसी मैदान पर पदार्पण किया था और दूसरे मैच में पहला टी20 शतक भी यहीं लगाया था। सूर्यवंशी ने छह फरवरी को इस मैदान पर इंग्लैंड की अंडर 19 टीम के खिलाफ जूनियर विश्व कप फाइनल में शतक लगाया था। इस श्रृंखला में नये गेंदबाजी आक्रमण को आजमाने का लक्ष्य था लेकिन वर्तमान खराब प्रदर्शन के कारण अब इसे हर हालत में जीतना जरूरी हो गया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच में नमी और उछाल रहता है जिससे भारतीय



बल्लेबाजों को दिक्कतें आ सकती है। ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एनगारवा के तेज आक्रमण का सामना करना भारतीय बल्लेबाजों के लिये आसान नहीं होगा। उपकप्तान तिलक वर्मा पांचवें नंबर पर सहज नहीं दिख रहे हैं जो टी20 में तीसरे नंबर के अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन ईशान किशन को इस क्रम पर उतारा जा रहा है।

पांचवें नंबर पर रिंकू सिंह बेहतर विकल्प हैं लेकिन उपकप्तान को बाहर करना आसान नहीं होगा। भारत के सामने असली चुनौती हर्ष दुबे, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे में से एक को चुनने की है। तीनों में से कोई भी शुद्ध हरफनमौला नहीं है। ऐसे में तीनों को भी उतारा जा सकता है। शिवम को सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने बतौर बल्लेबाज परेशानी आई है। लेकिन उन्हें दो टी20 विश्व कप जीतने का अनुभव है। वहीं शेडगे की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरूप नहीं है तो हर्ष अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। गंभीर की पसंद हरफनमौला रहे हैं लेकिन लक्ष्मण की सोच अलग है। वह पुछल्ले बल्लेबाजों की कतार नहीं रख सकते क्योंकि मयंक यादव, अशोक शर्मा, प्रिंस यादव और यश ठाकुर जैसे तेज गेंदबाज बल्लेबाजी नहीं कर पाते। प्रिंस का खेलना तय लग रहा है जो मयंक यादव के साथ उतरेंगे। तीसरे तेज गेंदबाज का चयन अशोक और यश में से किया जायेगा। मैच का समय: 4 . 30 से। वहीं दूसरी ओर भारत के किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले उनका आत्मविश्वास पूरी तरह कायम है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन के दम पर 15 वर्षीय सूर्यवंशी को भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 दौरे में शामिल किया गया। हालांकि बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में दूसरे टी20 मैच में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया।

इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन गए। सूर्यवंशी ने अगले तीन मुकाबले खेले, लेकिन बड़ी पारियां नहीं खेल सके। इसके बाद संजू सैमसन की टीम में वापसी होने पर उन्हें पांचवें और अंतिम टी20 मुकाबले से बाहर कर दिया गया। भारत यह श्रृंखला 0-4 से हार गया। उन्हें अंतिम मैच से बाहर किए जाने के फैसले की कई पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की और सवाल उठाया कि केवल तीन पारियों के बाद किशोर बल्लेबाज को बाहर करना सही नहीं था। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। लेकिन मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखना है और टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देना है। सूर्यवंशी के हरारे की परिस्थितियों से परिचित होने के कारण बृहस्पतिवार को पहले टी20 मैच में उनके अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना मजबूत मानी जा रही है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 से बाहर किए जाने के बाद सूर्यवंशी भावुक दिख रहे थे।

उन्होंने स्वीकार किया कि कम उम्र में ऐसी निराशाओं से उबरना आसान नहीं होता, लेकिन उन्हें अपने आसपास के लोगों और कोचिंग स्टाफ से पूरा सहयोग मिला जिससे वह दोबारा अपना ध्यान खेल पर केंद्रित कर सके। उन्होंने कहा यह स्वाभाविक है कि मुझे जिस भी तरह की मदद या मार्गदर्शन चाहिए, कोच मुझे उपलब्ध करा रहे हैं। जितना अभ्यास मुझे चाहिए, वह भी मिल रहा है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

### रायचंदानी का शतक, भारत अंडर-19 टीम का दबदबा जारी

कोलंबो। सलामी बल्लेबाज लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने बुधवार को श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के तीसरे दिन भारत अंडर-19 टीम की मजबूत स्थिति को और मजबूत करते हुए सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाया। रायचंदानी ने सीरीज के पहले ड्रॉ मैच में दोहरा शतक लगाया था।

उन्होंने 116 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए जिससे भारत ने दिन में घरेलू टीम को 148 रन पर ऑलआउट करने के बाद अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 208 रन पर घोषित कर दी। पहली पारी में शतक लगाने वाले मनाल चौहान ने 46 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए।

# भारतीय सब जूनियर हॉकी टीम ने पाकिस्तान और ओमान को हराया

मस्कट। भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने एफआईएच युवा हॉकी5 एशियाई चैम्पियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14-0 से हराया जिसमें कप्तान ने चार गोल किये और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरूख अली ने दो दो प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक एक गोल दागा।



पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7- 4 से जीत दर्ज की जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किये। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक एक गोल किये।

पाकिस्तान के लिये असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किये। भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2-2 से ड्रॉ खेला और उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया। चीन के लिये चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किये जबकि भारत के लिये नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उजबेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन तीन, दिया और पुष्पा ने दो दो जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्पो ने एक एक गोल दागे। यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप का क्वालीफायर भी है। वहीं दूसरी ओर तोक्यो ओलंपिक से पहले मन में जो चल रहा था, कुछ उसी तरह के भाव हैं और तैयारी भी उतनी ही मजबूत है क्योंकि हमारा एक ही लक्ष्य है कि विश्व कप में पांच दशक से पोडियम पर नहीं रहने का सिलसिला तोड़ना ही है यह कहना है भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह का।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने के बाद पेरिस में 2024 में अपनी कप्तानी में उसे दोहराने वाले हरमनप्रीत को बखूबी पता है कि कई खिलाड़ियों के लिये विश्व कप जीतने का शायद यह आखिरी मौका है। उन्होंने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा हम भी चाहते हैं कि 50 साल से विश्व कप नहीं जीत पाने के सिलसिले को वैसे ही तोड़ें, जैसे तोक्यो में 41 साल बाद ओलंपिक पदक जीता था। उसी सोच और उसी तैयारी के साथ उतरेंगे। लेकिन कोई दबाव नहीं है।

# छहों फ्रेंचाइजियों ने सपोर्ट स्टाफ का किया ऐलान

खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 24 जुलाई को आगरा में होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले लीग की सभी छह

**यूपी टी-20 लीग : पूर्व रणजी और अनुभवी कोचों को मिली जिम्मेदारी**

फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने-अपने सपोर्ट स्टाफ (कोचिंग एवं मैनेजमेंट स्टाफ) की घोषणा कर दी है। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि टीमों ने मुख्य कोच, बल्लेबाजी व गेंदबाजी कोच, फील्डिंग कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग (एसएंडसी)



कोच, वीडियो विश्लेषक और टीम मैनेजर जैसे अहम पदों पर अनुभवी विशेषज्ञों को जिम्मेदारी सौंपी है।

उन्होंने आगे कहा कि लीग का चौथा सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा। पहली बार प्रतियोगिता का आयोजन दो शहरों-लखनऊ और कानपुर-में किया जाएगा।

# राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी, एथलेटिक्स व भारोत्तोलन में उम्मीद

एजेंसी

ग्लास्गो। भारत के लिये पिछले दो दशक से राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच में रहने का सिलसिला कायम रखना इस बार स्पर्धाओं में कटौती के कारण मुश्किल हो सकता है लेकिन मुक्केबाजी , भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में अच्छे पदक आने की उम्मीदें है। पिछले तीन दशक में यह सबसे छोटे राष्ट्रमंडल खेल हैं जिनमें लागत में कटौती के कारण चार स्थानों पर सिर्फ दस खेलों की स्पर्धायें होंगी और 74 देशों के करीब 3000 खिलाड़ी जोर आजमाइश करेंगे।

ओवो हाइड्रो पर बृहस्पतिवार को उद्घाटन समारोह के जरिये इन खेलों की औपचारिक शुरूआत होगी। इनमें से छह खेलों में पैरा खेलों की स्पर्धायें भी साथ में होंगी। आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत को इन खेलों की मेजबानी मिली थी लेकिन बढती लागत के कारण उसने हाथ खींच लिया। राष्ट्रमंडल खेलों का भविष्य ही खतरे में पड़ते देख ग्लास्गो ने मेजबानी के लिये हामी भरी। पहले भी 2014 में मेजबान रह चुके स्कॉटलैंड के इस शहर ने करीब 160 मिलियन पाउंड के बजट में इन खेलों का आयोजन किया है जो




बर्मिंघम में 2022 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों से 60 प्रतिशत कम है। ग्लास्गो के सामने चुनौती यह साबित करने की है कि कम बजट में भी खेल हो सकते हैं जबकि खेलों में कटौती ने भारत की राह मुश्किल कर दी है। भारत मैनचेस्टर में 2002 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से हर बार शीर्ष पांच में रहा है।

इस बार हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और निशानेबाजी के नहीं होने से यह कर पाना मुश्किल लग रहा है। बर्मिंघम में इन्हीं खेलों में भारत के 61 में से लगभग आधे पदक आये थे। ऐसे में अब एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन पर जिम्मेदार आन पड़ी है। भारत ने एथलेटिक्स में 32 सदस्यीय दल उतारा है जो 22 पदक स्पर्धाओं में भाग लेगा। इसकी अगुवाई दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा करेंगे।

वह इस बार पदक के प्रबल दावेदार के रूप में नहीं बल्कि चैलेंजर के रूप में उतरेंगे। श्रीलंका के रूमेश थरंगा पुरूषों के भालाफेंक में प्रबल दावेदार हैं जिन्होंने पिछले महीने रोम डायमंड लीग में 92 . 62 मीटर का थ्रो फेंककर सनसनी फैला दी थी। पेरिस ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी दौड़ में हैं लेकिन चोपड़ा भी दावेदारों में से है। भारत को ऊंची कूद में सर्वेश कुशारे, लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर, त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल और महिला तथा पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों से भी पदक की उम्मीद है। भारत ने बर्मिंघम में एथलेटिक्स में आठ पदक जीते थे। भारोत्तोलन में नजरें ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू पर लगी होंगी। मणिपुर की 31 वर्ष की चानू पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

### शाहिदी ने अफगानिस्तान की वनडे कप्तानी छोड़ी

काबुल। अनुभवी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने अफगानिस्तान की वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है लेकिन वह बतौर खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। 31 वर्ष के शाहिदी 2022 की शुरूआत में वनडे टीम के कप्तान बने थे और 2023 वनडे विश्व कप तथा 2025 आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम के कप्तान रहे। वह अफगानिस्तान की टेस्ट टीम के भी कप्तान हैं। शाहिदी ने सोशल मीडिया पर लिखा , आज मैं पूरे सम्मान और सहमति से निजी कारणों की वजह से अपनी टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे रहा हूं। शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान ने 2023 विश्व कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान , श्रीलंका और नीदरलैंड को हराया। उन्होंने कहा , एक कप्तान की जिम्मेदारी निभाना मेरे लिये सम्मान की बात थी।

# आईएसएसएफ : चीन ने दोनों स्वर्ण जीते

एजेंसी

हांगझोउ (चीन)। मेजबान चीन ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप के पहले दिन दबदबा बनाते हुए दोनों स्वर्ण पदक जीत लिए जबकि भारत का कोई भी निशानेबाज पदक नहीं जीत सका। इससे भारतीय निशानेबाजों को जापान में सितंबर में

**एशियाड से पहले भारतीय निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन**

होने वाले एशियाई खेलों से पहले अंतिम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वहां मिलने वाली कड़ी चुनौती का अहसास हो गया। भारत की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में से कोई भी क्वालीफिकेशन चरण पार नहीं कर सकी। कई विश्व कप स्वर्ण पदक जीत



चुकी सुरुचि इंदर सिंह और केदारलिंग उचगांवे की जोड़ी ने कुल 577 अंक के साथ नौवां स्थान हासिल किया। भारत की दूसरी जोड़ी सैन्यम और कमलजीत ने भी कुल 577 अंक बनाए, लेकिन उन्हें 11वें स्थान से संतोष करना पड़ा। चीन के लिए याओ जियानजुन और हू काई ने 488.4 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की दूसरी जोड़ी शेन यियाओ और बू शुआइहांग (485.7) ने रजत पदक हासिल किया जबकि दक्षिण कोरिया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) चौथे स्थान पर रहे। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में जूनियर विश्व चैंपियन राकेश पार्थ माने ने 633.4 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया। उनसे आगे केवल चीन के दो बार के ओलंपिक चैंपियन शेंग लिहाओ रहे जिन्होंने 637.5 अंक बनाए।

हालांकि फाइनल में माने अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और 145.5 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। शेंग लिहाओ ने 253.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन झांग चांगहोंग (252.4) दूसरे स्थान पर रहे। अन्य भारतीय निशानेबाज भी प्रभाव नहीं छोड़ सके। तुषार माने 630.5 अंक के साथ 12वें और हिमांशु ढिल्लों 629.3 अंक के साथ 22वें स्थान पर रहे।

### राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करना चाहते हैं कुजूर

नयी दिल्ली। अनिमेष कुजूर को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि भारत के सबसे तेज धावक का तमगा अब गुरिंदरवीर सिंह के पास चला गया है, बल्कि 200 मीटर दौड़ का यह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी चाहता है कि आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में उनका प्रदर्शन ही सब कुछ बयां करे। इस साल की शुरुआत में ओडिशा में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके बाद कुजूर से अक्सर यह पूछा जाता रहा है कि क्या वह यह खिताब वापस हासिल करेंगे। लेकिन ओडिशा के इस धावक ने फिलहाल इस बातचीत को टालने का फैसला किया है। जब कुजूर से भारत के सबसे तेज धावक का तमगा वापस पाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पीटीआई से कहा, बस एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं।

# सिंधू ने हुड्डा की चुनौती को किया पार

एजेंसी

चांगझोउ। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां हमवतन किशोरी उन्नति हुड्डा की कड़ी चुनौती को पार करते हुए चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि आयुष शेट्टी ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी अल्वी फरहान को हरा दिया। जापान ओपन जीतकर दो साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाली सिंधू को 18 वर्षीय

**शेट्टी ने 11वें नंबर के खिलाड़ी फरहान को हराकर उलटफेर किया**

उन्नति के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने 56 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में उन्नति को 21-14, 9-21, 21-10 से शिकस्त दी। उन्नति ने पहले गेम में सिंधू को कड़ी टक्कर दी और स्कोर 7-7 तक बराबरी पर रखा। इसके बाद सिंधू ने लय हासिल करते हुए पांच अंक जीतकर 12-8 की बढ़त बना ली और पहला गेम 21-14 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में उन्नति ने शानदार वापसी की। 2-2 की बराबरी के बाद उन्होंने 6-3 की बढ़त बनाई और फिर लगातार




छह अंक जीतकर स्कोर 12-4 कर दिया। सिंधू इस दौरान लय हासिल नहीं कर सकीं और उन्नति ने दूसरा गेम एकतरफा अंदाज में 21-9 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। सिंधू ने हालांकि तीसरे गेम में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने स्कोर 6-3 से 10-5 तथा फिर 15-8 तक पहुंचाया। अंत में सिंधू ने तीसरा गेम 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# असम में बाढ़ से 31 लोगों की मौत

## मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने असम के ऊपरी जिलों में विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

गुवाहाटी। असम में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ की चपेट में आने से बुधवार को 21 और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। राज्य में बाढ़ से लगभग 5.65 लाख लोग प्रभावित हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने असम के ऊपरी जिलों में विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों से बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने शिवसागर में संवाददाताओं से कहा कि बाढ़ के कारण व्यापक नुकसान हुआ है। मैंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया है कि वे इस संकट में अकेले नहीं हैं। हमारी सरकार पुनर्वास और आजीविका के पुनर्निर्माण के हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित लोगों के एक बड़े वर्ग द्वारा राहत सामग्री न मिलने की शिकायतों पर शर्मा ने कहा कि पानी में डूबे गांवों में राहत सामग्री पहुंचाने में कुछ मुश्किलें आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, जो लोग अब भी अपने घरों में हैं, उन तक पहुंचने के लिए कोई सड़क या संचार का कोई माध्यम नहीं बचा है। प्रशासन इस बात को स्वीकार करता है। हम कई जगहों पर नहीं पहुंच पाए हैं। जैसे-जैसे बाढ़ का पानी कम होगा, हम उन इलाकों तक पहुंच सकेंगे। हम इस समय विमान से राहत सामग्री को भी नहीं गिरा सकते। हम लोगों की दिक्कतों को कम करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि जो लोग राहत शिविरों तक पहुंच गए हैं, उनके लिए राहत सामग्री के वितरण में कोई कमी या समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, हम प्रत्येक मृतक के रिश्तेदारों या परिवारों को तुरंत चार लाख रुपये की राहत राशि देंगे। मैं भविष्य में भी उनकी मदद करने का प्रयास करूंगा। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान बाढ़ में डूबने से कुल 21 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से शिवसागर जिले में चार महिलाओं और दो बच्चों समेत 13 लोगों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। इसके अलावा चराइदेव में दो बच्चों समेत पांच, गोलाघाट में दो और जोरहाट में एक महिला की जान चली गई। प्राधिकरण द्वारा मंगलवार मध्यरात्रि जारी दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, विश्वनाथ, चराइदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप महानगर, कार्बी आंगलोंग, नागांव, शिवसागर और तिनसुकिया जिलों में 5,64,600 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं शिवसागर बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां करीब 3.6 लाख लोग प्रभावित हैं। इसके बाद जोरहाट में लगभग 88,000 और चराइदेव में 72,500 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने असम के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और अगले चार दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, येलो अलर्ट का अर्थ सतर्क रहने और स्थिति से संबंधित अद्यतन जानकारी पर नजर बनाए रखना है। शर्मा ने कहा कि उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के लिए चराइदेव में स्थापित एक राहत शिविर में लोगों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि गंभीर रूप से बीमार या चलने-फिरने में असमर्थ लोगों को अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाएगा।

# जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री से सहयोग और साझा लक्ष्यों पर की चर्चा

मनीला। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कनाडा की अपनी समकक्ष अनीता आनंद के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की, जिसमें सहयोग बढ़ाने और साझा लक्ष्यों पर विशेष ध्यान दिया गया।



जयशंकर ने मनीला में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) से संबंधित बैठकों से इतर अमेरिका, चीन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और न्यूजीलैंड के अपने समकक्षों के साथ भी बैठकें कीं। इन बैठकों में समुद्री सुरक्षा, रक्षा और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री के बीच यह बैठक ऐसे समय हुई है जब कुछ दिन पहले ही रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा था कि वर्ष 2023 में कनाडा में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच कर रहे अधिकारियों को इस मामले में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता का कोई सबूत नहीं मिला है। हालांकि, यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि बुधवार को दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत में निज्जर का मामला या खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का मुद्दा उठा या नहीं। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, "आज दोपहर कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ हुई चर्चा सराहनीय रही। भारत-कनाडा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। हमारी बातचीत दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा संबंधों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने पर केंद्रित रही। वर्ष 2023 में तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर निज्जर की हत्या में भारत सरकार की कथित संलिप्तता के आरोप लगाने के बाद भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट आई थी। नयी दिल्ली ने इन आरोपों को "बेतुका करार देते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद भारत ने ओटावा पर कनाडाई धरती से खालिस्तान समर्थक तत्वों को सक्रिय रहने देने का आरोप लगाया, जिससे दोनों देशों के संबंध और बिगड़ गए। अक्टूबर 2024 में भारत ने ओटावा द्वारा भारतीय राजनयिकों को निज्जर हत्या मामले से जोड़ने का प्रयास किये जाने के बाद अपने उच्चायुक्त तथा पांच अन्य राजनयिकों को तब वापस बुला लिया था। इसके साथ ही भारत ने समान संख्या में कनाडाई राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया था। हालांकि, अप्रैल 2025 में हुए संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत के बाद दोनों देशों के संबंधों में सुधार शुरू हुआ।

## संक्षेप

### होर्मुज पर नियंत्रण की ईरान की मांग खतरनाक

मनीला। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को एशियाई नेताओं को चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल वसूलने और उस क्षेत्र पर नियंत्रण करने की ईरान की मांग से दुनिया की अर्थव्यवस्था एवं नौवहन की आजादी के सिद्धांत को खतरा पैदा होगा। रूबियो ने फिलीपीन की राजधानी मनीला में दक्षिणपूर्व एशियाई देश संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ एक वार्षिक बैठक के आरंभ में यह बात कही। इन नेताओं ने पश्चिम एशिया में फिर से भड़के युद्ध को लेकर चिंता जताई है, जिसने उनके क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है। रूबियो ने आश्वासन दिया कि पश्चिम एशिया के युद्ध में अमेरिका के उलझे होने के बावजूद हम शत प्रतिशत आसियान के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम पश्चिम एशिया में ऐसी मिसाल कायम करते हैं जहां कोई देश यह तय कर ले कि वह किसी अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग को नियंत्रित करेगा, शुल्क वसूलेगा और अगर आप पैसे नहीं देंगे तो वह आपके जहाज उड़ा देगा, तो हम एक बहुत खतरनाक मिसाल कायम करेंगे जो दुनिया के दूसरे हिस्सों में, और इस इलाके में भी, दोहराई जाएगी।

# होर्मुज में ईरानी हमले पर पुल या बिजली संयंत्र तबाह करेगा अमेरिका : ट्रंप

एजेंसी

दुबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी जहाज पर हमला करता है, तो अमेरिका हर बार उसके एक पुल या बिजली संयंत्र को नष्ट कर देगा।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दी गई अपनी इस चेतावनी में ईरानी हमलों के जवाब में नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की अपनी पुरानी धमकियों को फिर से दोहराया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों पक्षों की ओर से हमले तेज हो गए हैं, जिससे युद्ध समाप्त करने का एक अंतरिम समझौता पूरी तरह से टूट गया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, अब से, इस्लामी गणराज्य ईरान जब भी होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार से निशाना साधेगा, अमेरिका उसके एक पुल या बिजली संयंत्र पर बमबारी करेगा और उसे नष्ट कर देगा।

# मदर टेरेसा के स्मारक पर पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

उत्तर मैसेडोनिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तर मैसेडोनिया की राजधानी स्कोप्ये में मदर टेरेसा के स्मारक का दौरा किया।



मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त 1910 को स्कोप्ये में हुआ था। वह 18 साल की उम्र तक यहीं रहीं। इसके बाद उन्होंने सिस्टर्स ऑफ लोरेटो से जुड़ने के लिए आयरलैंड का रुख किया और फिर अंततः भारत आ गईं। उन्हें 1980 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया था। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर मैसेडोनिया की राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ स्कोप्ये में मदर टेरेसा के स्मारक का दौरा किया। मदर टेरेसा का जन्म स्कोप्ये में हुआ था और वह 1928 तक वहीं रहीं। स्कोप्ये में 2009 में मैसेडोनिया स्ट्रीट पर मदर टेरेसा के स्मारक का निर्माण किया गया था। यह स्मारक ठीक उसी जगह पर स्थित है, जहां पहले सेक्रेड हार्ट ऑफ जीसस रोमन कैथोलिक चर्च हुआ करता था, जिसमें जन्म के अगले दिन मदर टेरेसा का बपतिस्मा (ईसाई धार्मिक अनुष्ठान) हुआ था। मुर्मू उत्तर मैसेडोनिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं, जो मंगलवार को शुरू हुई। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की उत्तर मैसेडोनिया की पहली यात्रा है। उत्तर मैसेडोनिया की सीमाएं दक्षिण में ग्रीस, पश्चिम में अल्बानिया, पूर्व में बुल्गारिया, उत्तर-पश्चिम में कोसोवो और उत्तर में सर्बिया से लगती हैं। देश का कुल क्षेत्रफल 25,713 वर्ग किलोमीटर है।

# विपक्ष ने वांगचुक से अनशन खत्म करने का आग्रह किया

## बोले-भारत को आपकी जरूरत है

नयी दिल्ली। विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचा और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनका संदेश पूरे देश में पहुंच चुका है तथा इसे अब संसद में उठाया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील करते हुए कहा कि देश, खासकर उसके युवाओं को उनके (वांगचुक) बलिदान से कहीं ज्यादा उनके ज्ञान और मार्गदर्शन की जरूरत है। वांगचुक परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जवाबदेही की छात्रों की मांग के समर्थन में 25 दिन से अनशन कर रहे हैं। मेदांता अस्पताल पहुंचे विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने वांगचुक और उनकी पत्नी गीतांजलि आंग्मो से मुलाकात के दौरान कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के लिए संघर्ष एक राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा, तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने वांगचुक को सौंपे गए एक पत्र में कहा, देश, खासकर उसके युवाओं को आपके बलिदान से कहीं ज्यादा आपके ज्ञान और मार्गदर्शन की जरूरत है... जिस तरह केंद्र-शासित प्रदेश लद्दाख को सोनम वांगचुक की जरूरत है, उसी तरह भारत को भी आपकी जरूरत है... तकलीफ सहने के लिए नहीं, बल्कि सेवा के लिए, उन मुद्दों पर काम करने के लिए, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभदायक होंगे। देश को आपकी जरूरत है। तृणमूल सांसद घोष ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों के आंदोलन को पूरा समर्थन देते हुए वांगचुक से अपना अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ...छात्रों के मुद्दे का तहेदिल से समर्थन करते हुए हमने सोनम वांगचुक से पुरजोर अपील की कि वह देश और युवाओं के हित में अपना अनशन खत्म कर दें। वांगचुक को सौंपे गए पत्र में विपक्षी सांसदों ने कहा कि भारत के युवाओं के हित के लिए सामाजिक कार्यकर्ता का निस्वार्थ समर्पण और एक निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जवाबदेह परीक्षा प्रणाली की उनकी वकालत ने देशभर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है।

# लोकतंत्र खत्म, संसद में विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहाः प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मेडिकल में प्रवेश की नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में बुधवार को काले कपड़े पहनकर संसद परिसर पहुंचीं और आरोप लगाया कि संसद में छात्रों के मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी जा रही है तथा लोकतंत्र खत्म हो गया है।



प्रियंका गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक आवास, सात लोक कल्याण मार्ग, के बाहर कांग्रेस के धरने का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इसमें कुछ भी अलोकतांत्रिक नहीं है। अलोकतांत्रिक वह है जो संसद में और सड़कों पर हो रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी सांसद भी बुधवार को काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे और छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में हुए प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रियंका गांधी ने कहा, संसद में चर्चा नहीं होने दी जा रही है। नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा और न ही अन्य विपक्षी नेताओं को। जब भी वे बोलने के लिए खड़े होते हैं, उन्हें रोक दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, लोकसभा अध्यक्ष कहते हैं कि उन्हें सरकार से पूछना होगा कि चर्चा कराई जाए या नहीं। यह क्या है? लोकतंत्र खत्म हो गया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास के बाहर हुए कांग्रेस के धरने में बैठे राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और अन्य नेताओं को हिरासत में लिया गया था। इसका उल्लेख करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि उनके साथ क्या हुआ, यह महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि हम छात्रों के साथ खड़े हैं और उनकी आवाज उठा रहे हैं। छात्रों के साथ जो हुआ, क्या वह सही था या गलत? वे सभी युवा छात्र हैं। उनका विरोध प्रदर्शन किसी सामान्य मुद्दे पर नहीं है, बल्कि एक वास्तविक समस्या को लेकर है। देश का हर अभिभावक, हर छात्र और हर शिक्षक जानता है कि यह वास्तविक मुद्दा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि छात्र केवल अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र कठिन परिश्रम से अपना भविष्य बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के युवाओं की शिक्षा के लिए कुल बजट 1.4 लाख करोड़ रुपये है, लेकिन अदाणी जी और अंबानी जी के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋ ण माफ किए जा रहे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# अगस्त में 'किंग' का अमेरिका शूटिंग शेड्यूल

मुंबई। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल क्लाइमैक्स का बड़ा एक्शन सीक्वेंस फिल्माया जाना बाकी है। यही वजह है कि मेकर्स लोकेशन चुनने में पूरी सावधानी बरत रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की चर्चित फिल्म 'किंग' अब अपने अंतिम शूटिंग चरण में पहुंच गई है।

**फिल्म में शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी लीड रोल में नजर आएंगी**



इंडस्ट्री से मिली जानकारी के अनुसार 'फिल्म का आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल अगस्त में अमेरिका में शूट किया जाएगा। इसके लिए मेकर्स कई लोकेशनों पर तैयारी कर रहे हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो इस शेड्यूल के साथ निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की इस एक्शन थ्रिलर की मुख्य शूटिंग पूरी हो जाएगी। इसके बाद पूरी टीम पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स और फिल्म को अंतिम रूप देने के काम में जुट जाएगी।

इससे पहले फिल्म का एक अहम शेड्यूल जॉर्जिया में पूरा किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल क्लाइमैक्स का बड़ा एक्शन सीक्वेंस फिल्माया जाना बाकी है। यही वजह है कि मेकर्स लोकेशन चुनने में पूरी सावधानी बरत रहे हैं। इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार 'फिल्म का बड़ा हिस्सा पहले ही जॉर्जिया में शूट किया जा चुका है। अप्रैल और मई के दौरान फिल्म की यूनिट ने वहां कई हफ्तों तक लगातार शूटिंग की, जिसमें बड़े एक्शन और ड्रामेटिक सीक्वेंस फिल्माए गए।

इस विदेशी शेड्यूल को फिल्म की प्रिंसिपल फोटोग्राफी का सबसे अहम चरण माना जा रहा है। जॉर्जिया जाने से पहले मुंबई के महबूब स्टूडियो में भी एक महत्वपूर्ण एक्शन ब्लॉक शूट किया गया था, जिसकी पुष्टि उस समय शाहरुख खान के करीबी सूत्रों ने की थी। सूत्रों का कहना है कि फिल्म की टीम पिछले साल जनवरी से इस प्रोजेक्ट पर लगातार काम कर रही है। अब शूटिंग अपने आखिरी चरण में है और अगस्त में प्रस्तावित अमेरिका शेड्यूल के पूरा होते ही फिल्म की मुख्य शूटिंग खत्म हो जाएगी।

# अश्नीर ग्रोवर की बायोपिक से अलग हुए आमिर खान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर आमिर खान भारतपे के पूर्व को-फाउंडर और बिजनेसमैन अश्नीर ग्रोवर की बायोपिक से बाहर हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर राहुल मोदी के साथ क्रिएटिव डिफरेंस की वजह से आमिर ने इस प्रोजेक्ट को छोड़ने का फैसला किया है। पहले खबर थी कि आमिर इस फिल्म में अश्नीर ग्रोवर का किरदार निभाने वाले थे और उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में थीं। आमिर के फिल्म छोड़ने के बावजूद मेकर्स इस प्रोजेक्ट पर काम जारी रखेंगे। अब श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी अश्नीर के रोल के लिए किसी युवा एक्टर की तलाश कर रहे हैं। क्रिएटिव डिफरेंस की वजह से अलग हुए आमिर आमिर खान को स्टार्टअप्स की दुनिया काफी पसंद है। वे अश्नीर ग्रोवर की बायोपिक को लेकर काफी उत्सुक थे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने खुद फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम किया था और इसे अपने हिसाब से तैयार करने की कोशिश की। हालांकि, स्क्रिप्ट और फिल्म के डायरेक्शन को लेकर डायरेक्टर राहुल मोदी और आमिर के विचार अलग थे। लगातार बातचीत के बाद भी जब सहमति नहीं बनी, तो आमिर ने खुद को इस प्रोजेक्ट से अलग कर लिया।

**क्रिएटिव डिफरेंस के बाद छोड़ा प्रोजेक्ट श्रद्धा कपूर हैं फिल्म की प्रोड्यूसर**

# छात्रों पर हुई बर्बरता देख नसीरुद्दीन शाह भावुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के सीनियर एक्टर नसीरुद्दीन शाह प्रोटेस्ट के बीच बच्चों के साथ हुई मारपीट और बर्बरता देख भावुक हो गए हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में सरकार की निंदा की और छात्रों को सपोर्ट दिया। एक्टर का कहना है कि अगर देश चलाने वाले जाहित हैं, तो वो यही चाहेंगे कि पूरा देश जाहिल ही बने। आदाब, नमस्कार। मैं नसीरुद्दीन शाह दो बातें अर्ज करना चाहता हूं आप सब से। पहली बात तो यह है, कि अगर एक जाहिल इस मुल्क की रहनुमाई करे, तो उसका दिल यही चाहेगा कि पूरा मुल्क उसी की तरह जाहिल, नासमझ, नाकाम और बेरहम बने। अभिनय के दो अलग-अलग कोर्स राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और पूना फिल्म इंस्टीट्यूट में पूरे करने के बावजूद मैंने अभिनय के बारे में सबसे ज्यादा जो सीखा है, वह उन बच्चों से, उन तालिब-ए-इल्म से जिन्हें सिखाने की कोशिश मैंने की है। आगे नसीरुद्दीन शाह ने कहा, मेरी पूरी हमदर्दी उनके साथ है। मैं उन्हें हजार-हजार हर सांस के साथ दुआएं देता हूं और हर टीचर्स डे पर उन्हें सलाम करता हूं।


**जाहिल देश चलाए, तो चाहेगा पूरा देश जाहिल बने शबाना आजमी को प्रोटेस्ट में आया था अस्थमा अटैक**

# मूवी रिव्यू : मैक्स, मिन एंड म्याऊजाकी

**मुंबई।** निर्देशक पद्मकुमार नरसिम्हामूर्ति की 'मैक्स, मिन एंड म्याऊजाकी' परिवार, रिश्तों, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक हीलिंग पर आधारित धीमी रफ्तार लेकिन दिल छू लेने वाली कहानी पेश करती है।

फिल्म में हायाओ म्याऊजाकी की फिल्मों की गर्मजोशी और बिल्लियों के प्रति प्रेम की झलक महसूस होती है। इसकी लेंथ 2 घंटे 18 मिनट है। दैनिक भास्कर ने फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की शुरूआत मैक्स (सिद्धार्थ मेनन) और उसकी गर्लफ्रेंड मिन (मेधा शंकर) के ब्रेकअप से होती है। कभी दोनों को हायाओ मियाजाकी की फिल्में जोड़ती थीं, लेकिन अब उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। अब उनके बीच सिर्फ उनकी पालतू बिल्ली म्याऊजाकी का रिश्ता बचा है। मिन कुछ समय के लिए बिल्ली को मैक्स के पास छोड़ देती है। जानवरों के बालों से एलर्जी के कारण मैक्स उसे रखने के लिए तैयार नहीं होता। धीरे-धीरे यही बिल्ली दोनों की जिंदगी में फिर से भावनात्मक जुड़ाव की वजह बनती है।

**रिश्तों, अकेलेपन और हीलिंग की संवेदनशील कहानी**



यह सिर्फ ब्रेकअप की कहानी नहीं है। मैक्स मां वसुधा की कैंसर से हुई मौत के सदमे से उबरने की कोशिश कर रहा है। दूसरी ओर पिता रमेश पत्नी के जाने के बाद अकेलेपन, अपराधबोध और अंदरूनी संघर्ष से जूझ रहे हैं।

**लेकिन लंबी लेंथ और धीमी रफ्तार दर्शकों की सब्र की परीक्षा लेती है**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com